लखनऊ, शनिवार
3 अक्टूबर, 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष 7
सं. 2083 वि.
वर्ष 80, अंक - 46, पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

मौसम
न्यूनतम तापमान 24
अधिकतम तापमान 34
सूर्यास्त 5.50 सूर्योदय 5.59

भारत का स्वर्णिम दिन, एशियाड में लगाया गोल्डन सिक्स

एशियन गेम्स 2026 का 13वां दिन भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य समेत कुल 10 पदक जीते। भारतीय महिला हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हराकर 44 साल बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस जीत के साथ टीम ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। कुश्ती में सुजीत कलकल ने 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में 2-9 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 10-9 से मुकाबला जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बॉक्सिंग में परवीन हुड्डा, लवलीना बोरगोहेन और अंकुश पंघाल ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत को तीन गोल्ड दिलाए। तीरंदाजी में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने एशियाई खेलों में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। धीरज बोम्मादेवरा और कुमकुम तथा भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा सेलिंग और सेपकटकरा में भारतीय खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर देश के पदक खाते में इजाफा किया।

महिला हॉकी ने खत्म किया 44 साल का इंतजार

दिन की सबसे बड़ी उपलब्धि भारतीय महिला हॉकी टीम के नाम रही। भारत ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक जीत लिया। इसके साथ ही भारत ने महिला हॉकी में 44 साल से चले आ रहे स्वर्ण पदक के सूखे को खत्म कर दिया। भारत के लिए लालरेमसियामी ने 10वें मिनट में मैदानी गोल किया। इसके बाद चीन ने लगातार दबाव बनाया और दूसरे क्वार्टर में उसे पेनल्टी स्ट्रोक भी मिला, लेकिन अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने शानदार बचाव करते हुए चीन को बराबरी नहीं करने दी। भारतीय डिफेंस ने पूरे मुकाबले में चीन के हमलों का मजबूती से सामना किया। चीन ने आखिरी मिनटों में गोलकीपर को बाहर कर एक अतिरिक्त आउटफील्ड खिलाड़ी उतारा, लेकिन भारत ने अपनी बढ़त बनाए रखी। अंतिम सीटी बजते ही भारतीय खिलाड़ी और टीम प्रबंधन जश्न में डूब गए।

जन्मदिन पर लवलीना ने जीता सोना

लवलीना बोरगोहेन ने अपने 29वें जन्मदिन को एशियाई खेलों के स्वर्ण के साथ यादगार बना दिया। महिलाओं के 75 किग्रा फाइनल में उन्होंने चीन की बाओ जियी को 5-0 से हराया। लवलीना का यह पहला एशियाई खेल स्वर्ण है। वह मैरी कॉम के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला मुक्केबाज बनीं। साथ ही 75 किग्रा वर्ग में भारत के लिए यह पहला एशियाई खेल स्वर्ण है।

खबर एक नज़र

भारत ने अक्साई चिन में तय किए 28 नाम

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लद्दाख में 28 जगहों और भौगोलिक विशेषताओं को आधिकारिक तौर पर मान्यता दी है। इनमें चीन के कब्ज़े वाले इलाकों की जगहें भी शामिल हैं। केंद्र शासित प्रदेश के साथ बातचीत के बाद, मंत्रालय ने इन 28 नामों को 'सर्वे ऑफ़ इंडिया' के आधिकारिक नक्शे में शामिल किया है। इसमें चोटियों, पहाड़ों, दर्रों, ग्लेशियरों, घाटियों, नदियों, झीलों और ज़मीन की अन्य आकृतियों को शामिल किया गया है। नए मानकीकृत नामों में ज़ोरावर पीक, कनिष्क पीक, अतिशा गिरि, मार्तंड गिरि, रिनचेन ज़ंगपो, शाक्यश्री गिरि, मारपा लोत्सावा री, मिलारेपा कांगड़ी, शिवा री और महेश्वर री शामिल हैं।

तरनतारन में दो पाक घुसपैठिये ढेर

तरनतारन। भारतीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने देर रात दो पाकिस्तानी तस्करों को ढेर कर दिया है। सीमा पार से भारत में अवैध रूप से दाखिल होने की कोशिश कर रहे घुसपैठियों से अभी क्या रिकवरी हुई है, इसकी जानकारी अभी सीनियर अधिकारियों की तरफ से साझा नहीं की गई है। घटना बीती रात करीब 12.30 बजे की बताई जा रही है।

झारखंड सीएम हेमंत सोरेन पर आरोप तय

रांची। झारखंड की राजनीति में एक बार फिर उबाल आ गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर पीएमएलए कोर्ट से बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन मामले में आरोप तय होने के बाद भाजपा को राज्य सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। कोर्ट में जैसे ही सीएम हेमंत सोरेन पर आरोप गठित हुए, भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग शुरू कर दी।

पीएम मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार से की बात

नई दिल्ली। फ्लाईदुबई की एफजेड1073 फ्लाइट में कॉकपिट के अंदर हुए हमले में घायल भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को फोन पर बात की। बातचीत के दौरान कैप्टन स्मित ने प्रधानमंत्री को उस खौफनाक घटना के बारे में बताया और यह

- भारतीय पायलट ने बताया पूरा मंजर
- 'भगवान हनुमान ने मुझे बचाया'

भी साझा किया कि मुश्किल हालात में उन्हें हिम्मत कहां से मिली। करीब नौ मिनट चली वीडियो कॉल में पीएम मोदी और स्मित ने कठिन परिस्थिति में हौसला बनाए रखने, संस्कार और साहस से जुड़े पहलुओं पर बातचीत की। कैप्टन स्मित फिलहाल संयुक्त अरब अमीरात में इलाज करा रहे हैं। पीएम मोदी ने बातचीत में उनकी बहादुरी की सराहना की और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने कैप्टन स्मित के साहस को लेकर सार्वजनिक रूप से उनकी तारीफ की थी।

बातचीत में भावुक हुए कैप्टन स्मित

पीएम मोदी से बातचीत के दौरान कैप्टन स्मित भावुक हो गए। कैप्टन स्मित ने पीएम मोदी को बताया कि जब भी वह मुश्किल में होते हैं तो हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। उन्होंने कहा कि घटना के दौरान जब हालात बेहद मुश्किल थे, तब भी वह हनुमान चालीसा पढ़ रहे थे। स्मित ने बताया कि इस मुश्किल वक्त में यही चीज उन्हें हिम्मत देती रही। यह बातचीत उस समय हुई जब वह हमले में लगी गंभीर चोटों से उबर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कैप्टन स्मित से कहा 'पूरा देश आपके लिए प्रार्थना कर रहा है। आपकी सेहत के लिए महामृत्युंजय जाप किया जा रहा है, आपके साहस, सूझ-बूझ और संयम ने कई लोगों की जान बचाई। देश गर्व से कह सकता है कि भारतीय वे नहीं हैं जो दूसरों की जान लेते हैं, बल्कि वे हैं जो दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने को तैयार रहते हैं।'

स्मित ने आगे विमान के अंदर की पूरी आपबीती बताई। उन्होंने बताया 'उस वक्त मैं अपनी जिंदगी के लिए लड़ रहा था। मुझे इतने घाव लगे थे कि मैं गिर चुका था। लेकिन उस पल को मैंने सोचा कि अगर मैं अभी नहीं उठा तो कुछ भी हो सकता है।' स्मित मच्छार ने बताया कि जब वो नीचे गिरे थे तब उन्हें पता चल गया था कि एयरक्राफ्ट नीचे रहा था इसके बाद वे हिम्मत करके उठे और दरवाजा खोला और फिर बाकी लोग आए। आपबीती सुनाते हुए वे काफी भावुक थे।

पीएम ने कैप्टन की मां की तारीफ की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन स्मित से बातचीत के दौरान उनकी मां गीताबेन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्मित की परवरिश भगवद्गीता के मूल्यों और उसकी शिक्षाओं के साथ हुई है, जिसका श्रेय उनकी मां को जाता है। वहीं, कैप्टन स्मित ने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत को अपने लिए बेहद गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनकी जिंदगी में ऐसा मौका आएगा, जब प्रधानमंत्री खुद उनसे बात करेंगे। इससे पहले पीएम ने गुरुवार को पायलट की पत्नी और माता-पिता से भी बात की थी और उन्हें भरोसा दिलाया था कि मच्छार और उनके परिवार को भारतीय मिशनों की ओर से पूरी मदद मिलेगी।

एसआईआर : छूटे मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष अभियान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने उन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में छूटे हुए पात्र मतदाताओं और नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश

- 20 राज्यों को आयोग का निर्देश

दिया है, जहां विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। आयोग ने कहा है कि कोई भी पात्र नागरिक केवल एसआईआर के दौरान सूची में नाम शामिल नहीं होने के कारण मतदान के अधिकार से वंचित नहीं होना चाहिए। आयोग के निर्देश राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद दिए गए। चुनाव आयोग ने दोहराया कि मतदाता पंजीकरण एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। ऐसे में एसआईआर पूरा होने के बाद भी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकते हैं।

पुराने और नए वोटरों की होगी पहचान

विशेष अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूदा मतदाता सूची की तुलना एसआईआर से पहले की सूची से करेंगे। इसका मकसद उन मतदाताओं की पहचान करना है, जिनके नाम पहले सूची में थे लेकिन अंतिम सूची में नहीं हैं। पहचान किए गए लोगों के घर जाकर बीएलओ सत्यापन करेंगे। अधिकारियों को हर सप्ताह करीब 20 से 25 मतदाताओं का सत्यापन करने का लक्ष्य दिया गया है।

'तकनीक के लाभ अपनाएं, लेकिन संवैधानिक मूल्यों से न हटें'

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने न्याय व्यवस्था में डिजिटल तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)

- सीजेआई बोले बदलाव से अदालतें भी नहीं रह सकतीं अछूती

को अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति के साथ यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि संविधान में निहित गरिमा, समानता, स्वतंत्रता और निष्पक्षता जैसे मूल्यों पर इसका असर न पड़े। सीजेआई सूर्यकांत ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में एशियन कॉन्स्टिट्यूशनल कोर्ट्स एसोसिएशन (एएसीसी) के सातवें कांग्रेस के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तकनीक से तेजी से हो रहे बदलाव से अदालतें भी अछूती नहीं रह सकतीं। सीजेआई ने कहा, तकनीक हमारे समाज के काम करने के तरीके को बदल रही है। यह बदल रही है कि सरकारें सेवाएं कैसे देती हैं, कारोबार कैसे संचालित होते हैं और नागरिक सार्वजनिक संस्थानों के साथ कैसे बातचीत करते हैं। अदालतें भी इस बदलाव से अछूती नहीं रह सकतीं। सीजेआई ने कहा कि डिजिटलाइजेशन न्याय व्यवस्था के लिए बड़ी संभावनाएं लेकर आया है।

महिला आयोग में कार्यकाल बढ़ा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। शासन ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और 25 नामित सदस्यों का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। महिला कल्याण विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। यह विस्तार मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने की तिथि से अगले एक साल के लिए किया गया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान का कार्यकाल बढ़ाया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष अर्पणा यादव और उपाध्यक्ष चारू चौधरी का कार्यकाल भी एक साल बढ़ाया गया है। इसी तरह आयोग के 25 नामित सदस्यों का कार्यकाल भी एक साल बढ़ाया गया है।

भारत एआई सैटेलाइट लॉन्च करने वाला चौथा देश बना

हैदराबाद। भारत ने ऐसा पहला एआई सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजा है, जो सिर्फ तस्वीरें खींचकर धरती पर नहीं भेजेगा, बल्कि उनका

- अंतरिक्ष से ही तस्वीरों को समझकर तुरंत जानकारी भेजेगा
- बॉर्डर निगरानी से आपदा तक में मददगार

एनालिसिस भी स्पेस में ही करेगा। इससे बॉर्डर निगरानी और आपदा में मदद मिलेगी। साथ ही तस्वीरों और डेटा को धरती तक भेजने में लगने वाला समय और खर्च कम होगा। हैदराबाद की कंपनी टेकमीटूस्पेस का एमओआई-1ए सैटेलाइट स्पेसएक्स के ट्रांसपोर्टर-18 मिशन से रात 11:48 बजे लॉन्च किया गया। कंपनी के मुताबिक यह भारत का पहला ऑर्बिटल कंप्यूटिंग सैटेलाइट है। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और चीन के बाद भारत ऐसी क्षमता वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। अभी सैटेलाइट से मिलने वाला डेटा पहले धरती पर भेजा जाता है। इसके बाद उसकी जांच और विश्लेषण होता है। नए सैटेलाइट में यह काम अंतरिक्ष में ही किया जा सकेगा। कंपनी टेकमीटूस्पेस के सीईओ रौनक कुमार सामंत राय के मुताबिक अगर किसी सैटेलाइट ने 300 जीबी डेटा जुटाया है। और उसमें से केवल 5 जीबी जानकारी काम की है तो एआई जरूरी डेटा की पहचान करके वही जानकारी धरती पर भेज सकता है। इससे डेटा ट्रांसफर का समय और खर्च कम होगा।

महाराष्ट्र में भीषण सड़क हादसा, सात मरे

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में शुक्रवार तड़के समृद्धि एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसा धामनगांव के पास चैनल 97 पर रात करीब 12:45 बजे हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक ट्रक ने आगे चल रही बोलेरो पिकअप वैन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वैन में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल 21 लोगों को तत्काल धामनगांव ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया।

ब्रह्मोस मिसाइल से भारत की रक्षा ताकत को नई उड़ान

नई दिल्ली। भारत की रक्षा ताकत अब सिर्फ अपनी जरूरतें पूरी करने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि दुनिया के कई देशों तक पहुंच रही है। इसी कड़ी

- 600 मिलियन डॉलर पार होगा निर्यात
- इंडोनेशिया-वियतनाम भी खरीदेंगे

में ब्रह्मोस मिसाइल भारत की उभरती रक्षा निर्यात कहानी का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा है कि ब्रह्मोस का निर्यात 600 मिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करने वाला है। भारत ने दक्षिण-पूर्व एशिया के तीन देशों को इस रणनीतिक मिसाइल प्रणाली की बिक्री के लिए करार या समझौते किए हैं। रक्षा सचिव ने बताया कि फिलीपींस को करीब 330 मिलियन डॉलर की ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति की जा चुकी है। इसके अलावा इंडोनेशिया और वियतनाम के लिए भी निर्यात की दिशा में समझौते या करार हुए हैं। उनके मुताबिक वियतनाम के लिए शुरुआती निर्यात करीब 100 मिलियन डॉलर और इंडोनेशिया के लिए करीब 200 मिलियन डॉलर का हो सकता है।

धर्म संकट में आया तो देश भुगतेगा खामियाजा : भागवत

मुंबई। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म

- धर्म और राष्ट्र अलग-अलग नहीं, दोनों एक-दूसरे पर निर्भर

राष्ट्र को बनाए रखने में मदद करता है। धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा। मोहन भागवत ने कहा, हमारा राष्ट्र और धर्म अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखता है। दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। अगर एक मौजूद है, तो दूसरा भी मौजूद है। अगर एक नहीं है, तो दूसरा भी नहीं है। भागवत ने मुंबई में ऑल इंडिया विहार सेवा ग्रुप के 14वें सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया विकास और पर्यावरण सुरक्षा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन खोज रही है। भागवत ने कहा भारत से ही हर समस्या का समाधानः भारत ने दूसरे देशों पर कब्जा करने या लोगों का धर्म बदलने की कोशिश किए बिना अपना ज्ञान दुनिया से साझा किया। दुनिया जानती है कि रास्ता भारत से निकलेगा। भारत के पास वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत और गीता जैसी विशाल ज्ञान परंपरा है। इसमें जैन आगम, त्रिपिटक, गुरु ग्रंथ साहिब और संतों की शिक्षाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा हमारे देश के पास ज्ञान का बहुत बड़ा खजाना है, जिसकी आज दुनिया को जरूरत है। भक्ति की शक्ति से ईश्वर के करीब पहुंचा जा सकता है।

रिपोर्ट जांच में कई गड़बड़ियों का खुलासा, क्या हमलावर अकेला नहीं था

फ्लाईदुबई मामला : सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी चूक आई सामने

तेल अवीव। फ्लाईदुबई के विमान को क्रैश कराने की साजिश के मामले में जांच चल रही है और जांच एजेंसियां हरसंभव एंगल की जांच कर रही हैं। जांच एजेंसियां ये पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या आरोपी दिमागी तौर पर अस्थिर था या फिर वह चरमपंथी था और साजिशन विमान को क्रैश कराना चाहता था। जांच में पता चला है कि आरोपी कट्टरपंथी मिजाज का था और वह महिला सहकर्मियों से हाथ मिलाने से भी परहेज करता था।

जांच में पता चला है कि आरोपी सह-पायलट ने नौ महीने पहले ही फ्लाईदुबई में काम शुरू किया था। ऐसे में जांच की जा रही है कि क्या वह किसी मिशन के तहत ही एयरलाइंस से जुड़ा था या नहीं। गौरतलब है कि फ्लाईदुबई, इस्राइल को सेवाएं देने वाली दो अमीराती एयरलाइंस में से एक है। जांच एजेंसियों को आशंका है कि आरोपी विमान को या तो जॉर्डन के रेगिस्तान में क्रैश करना चाहता था, जहां विमान तेजी से नीचे की तरफ गया था या फिर वह 11 सितंबर के हमले की तहत किसी लक्ष्य से विमान को टकराना चाहता था। आरोपी के निशाने पर अमेरिका को सैन्य अड्डे, इस्राइल के परमाणु ठिकाने या इस्राइली वायु सेना के बेस हो सकते थे। फ्लाईदुबई मामले में इस्राइली सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी चूक सामने आई है। दरअसल जिन देशों के इस्राइल के साथ संबंध नहीं है, उन देशों के पायलटों को तेल अवीव उड़ान भरने पर प्रतिबंध है। हालांकि इस्राइली सुरक्षा एजेंसियों ने इसे सख्ती से लागू नहीं किया। फ्लाईदुबई मामले से इस चूक का खुलासा हुआ है। ओमान के इस्राइल के साथ संबंध नहीं हैं। ऐसे में ओमान के पायलट को इस्राइल जाने वाले विमानों को उड़ाने की अनुमति नहीं है। हालांकि हाल के वर्षों में कई बार ओमान के पायलटों ने तेल अवीव के लिए उड़ान भरी। इस्राइली सुरक्षा एजेंसियों ने सभी एयरलाइंस को अपने नियम की जानकारी दी हुई थी, लेकिन इसे लागू करने की जिम्मेदारी भी सुरक्षा एजेंसियों ने एयरलाइंस पर ही छोड़ दी थी।

चरमपंथ के प्रभाव में था आरोपी पायलट

इस्राइली मीडिया चैनल हायोम के मुताबिक आरोपी हाल के वर्षों में किसी चरमपंथी प्रचारक के प्रभाव में था, जो धर्म के नाम पर आत्मघाती हमलों के लिए प्रेरित करता था। इससे पहले इस्राइल हायोम ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया था कि ओमान के ग्रैंड मुफ्ती शेख अहमद बिन हमद अल खलीली ने बार-बार इस्राइल के खिलाफ बयानबाजी की है। उन्होंने 7 अक्तूबर 2023 के हमास के हमले का भी समर्थन किया था। ऐसे में जांच एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि आरोपी ने अकेले इस घटना को अंजाम दिया या फिर किसी इस्लामी आतंकी समूह ने उसकी मदद की।

महान योद्धाओं के अवतरण ने बदली देश की तस्वीर

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

बस्ती। इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जयंती अत्यंत हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक कैलाशनाथ दूबे व प्रधानाचार्य आरके उस्मानी द्वारा ध्वजारोहण कर शास्त्री जी व गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

प्रबंधक कैलाशनाथ दूबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास का स्वर्णिम दिन है, स्वतंत्रता आंदोलन के दो महान योद्धाओं के अवतरण ने देश की तस्वीर के साथ साथ भारत के प्रति वैश्विक पटल पर लोगों की सोच बदल दी।प्रधानाचार्य आरके उस्मानी ने कहा कि? दोनों महापुरुषों का जीवन हमें यह सिखाता है कि परिस्थितियां कैसी भी हो हमारे लिए धैर्य व आत्मसम्मान ही प्राथमिकता होनी चाहिए। इंडियन पब्लिक स्कूल गुलौरी बुजुर्ग के प्रधानाचार्य सुभाषचंद्र ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अहिंसा

हमेशा से ही भारत का मूल मंत्र रहा है, इसी विचारधारा का हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने वैश्विक स्तर पर विस्तार किया है, तो शास्त्री जी ने दुनिया को यह एहसास कराया कि भारत किसी भी शर्तों पर झुकने वाला नहीं है। उपप्रधानाचार्य रत्नेश मिश्रा ने कहा कि एक ओर गांधी जी ने हमें यह बोध कराया कि तमाम विपरीत परिस्थितियां व संसाधन के अभाव में भी वैचारिक लड़ाई कैसे लड़ी जाती है, तो दूसरी ओर शास्त्री जी ने विश्व को यह एहसास कराया कि आत्म सम्मान ही भारत की आत्मा है।

उक्त अवसर पर प्रेम कुमार श्रीवास्तव, विद्यानंद दूबे, अंजनी कुमार शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, प्रदीप शुक्ला, सौरभ श्रीवास्तव, कृपाशंकर भट्ट, हर्षित मिश्रा, सुभाष मणि त्रिपाठी, शिवम पांडेय, अलका श्रीवास्तव, मनीषा बरनवाल, सुनीता मिश्रा, आराधना श्रीवास्तव, गरिमा त्रिपाठी, नितिन चावला, रानी अग्रहरि, रीना त्रिपाठी, स्नेहा मिश्रा, शशी पांडेय, रोली पांडेय, निरुपमा श्रीवास्तव, अरूणिमा चतुर्वेदी, निधि पांडेय, विनोद गौतम, अजय त्रिपाठी, प्रिया सोनी, वंदना त्रिपाठी, दीक्षा पटेल, अंकिता पटेल, रीना मौर्या, गरिमा पांडे, नीलम देवी, दिवाकर यादव, दिव्यांशी त्रिपाठी, माया मिश्रा व ब्रह्मदेव सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों व बच्चों की उपस्थिति रही।

सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजित

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

तमकुहीराज, कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के संविलियन विद्यालय करमैनी में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी तमकुही सुधीर कुमार ने कहा कि वार्षिकोत्सव के आयोजन से छात्रों के प्रतिभा में निखार आती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से सरकारी स्कूलों के प्रति छात्रों का रूझान बढ़ेगा,नामांकन बढ़ेगा। भाजपा नेता दीपक द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है उनके अंतर्निहित शक्तियों की पहचान कर उनके विकास पर बल दिया जाय। कार्यक्रम को प्राशिसं अध्यक्ष शंभू यादव, ब्लाक मंत्री देवेन्द्र ओझा, पूमाशि अध्यक्ष रामप्रकाश शर्मा, जूनियर हाईस्कूल

शिक्षक संघ मंत्री अंजनी सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ तमकुही के कार्यकारी अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, हरिशंकर प्रसाद, ग्राम प्रधान जुल्फकार अली, डा दोस्त मुहम्मद, झुन्नू राय आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नवनीत तिवारी ने किया। जूशिसं जिला उपाध्यक्ष/ प्रधानाध्यापक नारायण प्रसाद ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर एआरपी हरिकेश शर्मा, एआरपी राजन मिश्र, संतोष कुमार मणि, अजय कुमार दूबे, नरेन्द्र मिश्र, तनुजा, संगीता देवी आदि रहे।

घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, कार्रवाई की मांग

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

खड्डा/कुशीनगर। खड्डा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सोहरौना में चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। पीड़ित ने खड्डा थाने में तहरीर देकर पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सोहरौना गांव निवासी दवा व्यवसायी पवन कुमार जायसवाल द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक गुरूवार की रात में चोर घर का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। चोरों ने घर में रखे करीब 10 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण तथा लगभग एक लाख रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी गए सामान में मंगलसूत्र, गले का हार, कान की बाली, अंगूठी समेत अन्य आभूषण शामिल बताए गए हैं। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया।

लाल बहादुर शास्त्री की मनी जयंती

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

बस्ती। अखिल भारतीय कायस्थ युवा मंच के तत्वावधान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती जिलाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

इस दौरान दुर्गेश श्रीवास्तव, निखिल श्रीवास्तव सहित अन्य वक्ताओं ने शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति थे। उनका दिया गया जय जवान जय किसान का नारा आज भी देश को एक नई ऊर्जा देता है।

जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि शास्त्री जी का जीवन हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी देश को एक नई दिशा दी। हमारा मंच उनके आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा।

इस अवसर पर विक्की श्रीवास्तव, सुयश श्रीवास्तव, श्रीवास्तव, प्रभाकर श्रीवास्तव, उदित दुबे तुषार, आयुष, हर्ष सिंह,

पल्लव श्रीवास्तव, राज श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, विनायक श्रीवास्तव, शिव मोहन श्रीवास्तव, विशेष श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, देवांश श्रीवास्तव, चंद्र मोहन श्रीवास्तव, यथार्थ वैभव, अभिषेक, विपिन, कुणाल, शिवम, सचिन, उज्जवल, अर्पित, दीपक, अमन श्रीवास्तव सहित दर्जनों युवा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं कायस्थ समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।

छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

कप्तानगंज, कुशीनगर। गाँधी व शास्त्री जयंती के पावन अवसर पर जेपी फार्मेसी कॉलेज कप्तानगंज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर दुबौली मंदिर प्रांगण में एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों ने पूरे मंदिर परिसर की गहन सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।

डायरेक्टर डॉ. चंदन कुमार गौड़ ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से ही स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। जब समाज का हर व्यक्ति अपने घर के साथ-साथ सड़क, स्कूल, मंदिर, रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन जैसे सभी सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता का ध्यान रखेगा।÷

इस अभियान में शामिल होने वाले प्रमुख विद्यार्थी फरदीन अहमद, प्रिया जायसवाल, मन्नू राजभर, सुमन सिंह, शिवम यादव, अनुराग मौर्या, लक्ष्मी यादव, धनंजय गोंड, राज कुमार कुशवाहा, शिवेश कुमार, सिद्धि सिंह, साक्षी सिंह, नंदनी सिंह, माधुरी, शिवानी, सलोनी, उम्मीसुफियान, हैदर अली, फैसल खान, आकाश कुशवाहा, अंजलि आर्या, शबाना खातून, डॉ. आसिफ अंसारी, रोहित कुशवाहा, अभिषेक कुमार और निकहत परवीन सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

पदाधिकारियों ने ली सपा की सदस्यता

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

बस्ती। विश्व कायस्थ महासभा के सह संस्थापक मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सदर विधायक व जिलाध्यक्ष महेंद्र नाथ यादव की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से मनीष श्रीवास्तव के अलावा कमलेश श्रीवास्तव, राजकुमार सिन्हा, पंकज श्रीवास्तव, मोनू, शुभम, हरश्याम श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, दीप श्रीवास्तव , शिवम सहित अन्य लोग रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला।

सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत मनीष ने कहा कि हम लोग निरंतर पार्टी के हित में कार्य करेंगे। वहीं कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सपा में शामिल होने से पार्टी तो मजबूत हुई ही है, साथ ही हम लोगों को मजबूती भी मिली है।

नए सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए सदर विधायक व जिलाध्यक्ष महेंद्र नाथ यादव ने लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान कप्तानगंज विधायक कविन्द्र चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकपूर यादव तथा पूर्व विधायक राजमणि पांडेय सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

हाटा-गौरी मार्ग से रामपुर सोहरौना तक सड़क चौड़ीकरण को मिली 13.66 करोड़ की मंजूरी

हाटा, कुशीनगर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। क्षेत्रवासियों के लिए सड़क सुविधा को लेकर बड़ी सौगात सामने आई है। हाटा-गौरी मार्ग से रामपुर सोहरौना तक करीब पांच किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को शासन से मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग की ओर से करीब 13.66 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। स्थानीय विधायक मोहन वर्मा के प्रयास से स्वीकृत इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 6.83 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। धनराशि स्वीकृत होने के बाद सड़क निर्माण कार्य को गति मिलने की उम्मीद है। सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से

हाटा-गौरी मार्ग से रामपुर सोहरौना आने-जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। वर्तमान में मार्ग की स्थिति और सीमित चौड़ाई के कारण आवागमन में होने वाली परेशानियां भी कम होने की उम्मीद है। सड़क बेहतर होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, व्यापारियों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। परियोजना पूरी होने के बाद इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ आसपास के गांवों के लोगों की आवाजाही भी सुगम होगी। क्षेत्रवासियों ने सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति पर प्रसन्नता जताई है।

सांसद ने सीएचसी तमकुहीराज का निरीक्षण किया

तमकुहीराज। देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तमकुहीराज का निरीक्षण किया। सांसद सुबह करीब 10.10 बजे सीएचसी पहुंचे। उन्होंने अस्पताल की ओपीडी, वार्ड और ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में केवल एक स्वीपर होने की जानकारी सामने आई। इससे साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को हो रही दिक्कतों पर भी चर्चा हुई। सांसद ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. हिमांशु मिश्र से अस्पताल की व्यवस्थाओं, उपलब्ध संसाधनों और मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अधीक्षक ने सांसद को बताया कि सीएचसी परिसर में चिकित्सकों के आवास जर्जर हालत में हैं। इसके अलावा ओपीडी भवन में बारिश के दौरान पानी टपकने की समस्या भी है। अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं का अभाव होने तथा पुराने और जर्जर भवनों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं को संचालित करने में आने वाली दिक्कतों से भी सांसद को अवगत कराया गया। सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने मौके से ही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से फोन पर बातचीत की। उन्होंने सीएचसी के जर्जर भवनों की मरम्मत कराने, आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अस्पताल को अपग्रेड करने की मांग रखी। सांसद ने कहा कि एनएच-28 पर लगातार गंभीर सड़क हादसे होते रहते हैं। ऐसे में तमकुहीराज क्षेत्र में ट्रामा सेंटर की आवश्यकता है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से ट्रामा सेंटर स्थापित होने तक सीएचसी तमकुहीराज को आवश्यक संसाधनों के साथ अपग्रेड किए जाने की बात कही। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति और मौसम में हो रहे बदलाव को देखते हुए अस्पताल प्रशासन एवं स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी तरह तैयार रहने को कहा, ताकि आपात स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के बाद सांसद सीएचसी से सीधे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए रवाना हो गए। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि धीरज त्रिपाठी, भाजपा नेता केशव पाण्डेय और संजय गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

देशभक्ति व ईमानदारी के प्रतीक थे लाल बहादुर शास्त्री : मुकेश

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

बस्ती। कायस्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा संगठन के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारत रत्न व देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर शास्त्री चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि शास्त्री जी को उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिये आज भी पूरा भारत श्रद्धापूर्वक याद करता है। उन्हें मरणोपरांत वर्ष 1966 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। संगठन के संरक्षक व चेयरमैन प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुर वर्मा ने कहा कि शास्त्री जी सच्चे गांधी वादी थे जिन्होंने अपना सारा जीवन सादगी से बिताया और उसे गरीबों की सेवा में लगाया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों व आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही और उसके परिणामस्वरूप उन्हें कई बार जेलों में भी रहना पड़ा।

सत्य-अहिंसा के संदेश पर चर्चा

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

रामकोला, कुशीनगर। पूर्वांचल साहू समाज समिति जनपद-कुशीनगर के तत्वावधान में शुक्रवार को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी जयंती समारोह एवं साहू समाज सम्मेलन का आयोजन रामकोला-कसया रोड स्थित श्याम उत्सव लॉन में किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

मुख्य अतिथि डा. उदय नारायण गुप्ता, प्रदेश प्रभारी, पूर्वांचल साहू समाज समिति उत्तर प्रदेश, पूर्व प्रत्याशी विस क्षेत्र तमकुहीराज एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सेवरही रहे। विशिष्ट अतिथियों में संजय गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख संघ उत्तर प्रदेश तथा साहू ध्रुव गुप्ता, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल साहू समाज समिति उत्तर प्रदेश शामिल रहे।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि बुनेला गुप्ता, प्रदेश सचिव पूर्वांचल साहू समाज समिति उत्तर प्रदेश, सुभाष चंद्र गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी पडरौना, नागेंद्र कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता साहू ट्रैक्टर्स पडरौना, सज्जन गुप्ता, अधिवक्ता हाईकोर्ट इलाहाबाद तथा सुरेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश प्रसाद गुप्ता, पूर्व डायरेक्टर केन यूनियन रामकोला ने की। संचालन पूर्वांचल साहू समाज समिति के जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक कमलेश कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के संयोजक केशव गुप्ता रहे।

इस दौरान अमरेश कुमार गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, विनोद गुप्ता, दीनानाथ गुप्ता, डा. विद्यार्थी गुप्ता, केशव कुमार गुप्ता, दयानंद गुप्ता, मनोज गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता, नंदेश्वर गुप्ता, अरविंद गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता, कश्मीरी लाल गुप्ता, वंशराज गुप्ता, विजय गुप्ता, दिलीप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री हुई वितरित

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

खड्डा/कुशीनगर। नारायणी नदी के बढ़े जलस्तर से प्रभावित खड्डा क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। बुधवार को सांसद विजय कुमार दूबे एवं विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान उन्होंने ग्रामसभा नरकहवा, नगर पंचायत छितौनी के वार्ड नंबर एक अम्बेडकर नगर (टेंगरहा) तथा पथलेश्वर नाथ मंदिर स्थित बाढ़ राहत शिविर पहुंचकर प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित की।

सांसद एवं विधायक ने ग्रामीणों से संवाद कर बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लगाए गए मेडिकल कैंप का निरीक्षण भी किया। इस दौरान निलेश मिश्र, उपजिलाधिकारी डॉ. संतराज सिंह बघेल, तहसीलदार महेश कुमार, चेयरमैन छितौनी अशोक निषाद, लेखपाल मार्कण्डेय गुप्ता, कुणाल राव, रामानुज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, सुनील प्रजापति, कर्मवीर साहनी, दिनेश जायसवाल, अभिषेक कुशवाहा, विकास सिंह, प्रभाकर पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, सुरेंद्र मद्धेशिया, फूला देवी सहित तहसील एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय लोग मौजूद रहे।

गांधी जी के विचारों को आत्मसात करना सच्ची श्रद्धांजलि : डीएम

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

कुशीनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात ट्रेजरी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा महात्मा गांधी जी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' के सामूहिक गायन से हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी संजय चौहान ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों एवं देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों महान विभूतियों के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने अपने विचारों, आदर्शों और कार्यों के माध्यम से देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान की।

जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन में सत्य, सत्याग्रह, स्वदेशी और अहिंसा का विशेष महत्व रहा। गांधी जी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और जीवन-दर्शन हैं। उन्हें समझने के लिए उनके साहित्य एवं विचारों को पढ़ना और समझना आवश्यक है। गांधी जी के विचारों में स्वावलंबन, स्वच्छता, सामाजिक समानता, अहिंसा और स्वतंत्रता जैसे अनेक ऐसे सूत्र हैं, जो आज भी समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ने की दिशा प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज विश्व के विभिन्न हिस्सों में युद्ध, संघर्ष और अशांति की स्थिति देखने को मिल रही है। ऐसे समय में महात्मा गांधी का अहिंसा और विश्व शांति का विचार और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने बिना शस्त्र के सत्य और अहिंसा

के मार्ग पर चलते हुए भारत की स्वतंत्रता के आंदोलन को नई शक्ति प्रदान की। उनके विचारों ने विश्व को शांति और मानवता का संदेश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि देश के आर्थिक विकास, आत्मनिर्भरता, सामाजिक समरसता और विश्व शांति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए गांधी जी के विचारों को समझना और उन्हें व्यवहार में उतारना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तस्वीरें और प्रतिमाएं उनके जीवन और विचारों के प्रतीक हैं, लेकिन वास्तविक श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके विचारों और सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करें।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी ने स्वदेशी एवं अहिंसा के माध्यम से भारतीय स्वावलंबन और राजनीतिक स्वतंत्रता के विचार को मजबूत किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों, आदर्शों, संदेशों एवं प्रेरणाओं को अपने जीवन में आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महात्मा गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों को अपनाकर स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सभी को अपना योगदान देना चाहिए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने आचरण में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के साथ अपने कर्तव्यों का जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारीपूर्वक पालन करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का दिन इन महान विभूतियों के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने और उनके आदर्शों पर मंथन करने का भी अवसर है। उन्होंने महात्मा गांधी जी के समानता, स्वतंत्रता, अस्पृश्यता के अंत तथा नारी सम्मान से जुड़े विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में खादी एवं ग्रामोद्योग तथा रेशम विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं प्रदर्शनी का अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव, कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी : डीएम

महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर डीएम कार्यालय, पुलिस लाइन सहित समस्त संस्थानों में गूंजा सत्य, अहिंसा और सादगी का संदेश

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

गोरखपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा के नेतृत्व में आयोजित समारोह में दोनों महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी और महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए आगे आना चाहिए। गांधी जयंती के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम को स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण से जोड़ते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसीएम द्वितीय मुकुल खंडेलवाल, एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार, एडीएम प्रशासन डॉ. वैभव शर्मा, सीआरओ हिमांशु वर्मा, एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश, सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी प्रेम नारायण, उप जिलाधिकारी आनंद कटारिया, उप जिलाधिकारी आरती साहू सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड परिसर में समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद उन्होंने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके जीवन और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया।

इस अवसर पर एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और जवानों को महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों पर चलने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एसपी नार्थ राजेश गुनावत, सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ कैंट अरुण कुमार, सीओ गोरखनाथ रवि सिंह, सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी, पुलिसकर्मी और जवान मौजूद रहे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इसी क्रम में राष्टपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को तहसील सदर परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप जिलाधिकारी सदर ज्ञान प्रताप सिंह ने तहसील परिसर में ध्वजारोहण कर राष्टध्वज को सलामी दी। इसके बाद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' की रामधुन प्रस्तुत की गई। रामधुन से तहसील सभागार का वातावरण भक्तिमय और श्रद्धापूर्ण हो गया। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन और कार्यशैली में अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में तहसीलदार सत्य प्रकाश गुप्ता, नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह, नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान, नमन मिश्रा, तहसील संघ अध्यक्ष अनिल राय सहित तहसील के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

गोलघर गांधी आश्रम में मंडलायुक्त इन्द्र विक्रम सिंह ने अर्पित किए पुष्प

गोरखपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मंडलायुक्त इन्द्र विक्रम सिंह ने गोलघर स्थित गांधी आश्रम पहुंचकर दोनों महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान गांधी आश्रम के मंत्री बिशेश्वर नाथ तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। गांधी जयंती के अवसर पर गांधी आश्रम पहुंचे मंडलायुक्त ने महात्मा गांधी के स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के विचारों को याद किया। उन्होंने आश्रम परिसर में चरखा चलाकर सूत काता और खादी तथा स्वदेशी की परंपरा से जुड़ी गतिविधियों में सहभागिता की। चरखा चलाते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन में चरखे और खादी का विशेष महत्व रहा है। चरखा केवल सूत कातने का माध्यम नहीं था, बल्कि यह स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना का प्रतीक भी रहा है। मंडलायुक्त ने गांधी आश्रम में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के खादी वस्त्रों और अन्य उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने आश्रम में तैयार और उपलब्ध कपड़ों की जानकारी ली तथा वहां मौजूद कर्मचारियों से उत्पादों की बिक्री और ग्राहकों की पसंद के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने खादी उत्पादों की गुणवत्ता और उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान गांधी आश्रम में खरीदारी करने पहुंचे ग्राहकों से भी मंडलायुक्त ने बातचीत की। उन्होंने लोगों को खादी और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मनी गांधी व शास्त्री की जयंती

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

गोरखपुर। सेंट एंथनीज़ कॉन्वेंट स्कूल, गोरखपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर देश के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री को भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित करना रहा। समारोह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता में सहभागिता विषय पर नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न संदेशपरक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छता, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रभावशाली संदेश दिया।

इस अवसर पर माननीय महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव मुख्य अतिथि तथा डॉ. प्रियंका वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्री विजय प्रताप सिंह, एस.ओ., कवाबाग तथा आर.जे. प्रतीक सक्सेना शामिल रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उपस्थित होकर समारोह की गरिमा बढ़ाई और विद्यालय परिवार के साथ सहभागिता की। मुख्य अतिथि डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने गोरखपुर शहर की नागरिक भावना एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता की सराहना की तथा विद्यार्थियों के उत्साह और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रियंका वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला है।

समूचा समारोह स्वच्छता में सहभाग की भावना को साकार करता हुआ दिखाई दिया। विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और अतिथियों की सहभागिता ने इस आयोजन को सार्थक एवं प्रेरणादायी बना दिया। सेंट एंथनीज़ कॉन्वेंट स्कूल, गोरखपुर सदैव समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसी क्रम में लिटिल फ्लावर स्कूल, धर्मपुर, गोरखपुर के विद्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तथा लिटिल फ्लावर डे का संयुक्त रूप से हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर साबू के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात् विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। विद्यालय परिसर देशभक्ति एवं उत्साह के वातावरण से गूंज उठा। आमंत्रित आचार्यों ने क्रमशः पास्टर संजय, मुक्ति रहमान, डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, सरदार जसपाल सिंह ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों और उनके राष्ट्र के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ तथा विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साह-''पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति, पर्यावरण, स्वच्छता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

गैंगस्टर शाहिद की 1.22 करोड़ की जमीन जब्त

फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाकर करता था अवैध कारोबार

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

गोरखपुर। संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कैंट पुलिस ने गैंग बनाकर धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों के जरिए अवैध गतिविधियों से संपत्ति अर्जित करने के आरोपी गैंगस्टर शाहिद अली की करीब 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार रुपये कीमत की जमीन जब्त कर ली। जिलाधिकारी गोरखपुर के आदेश के अनुपालन में की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

पुलिस के अनुसार थाना कैंट में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 147/2021 में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 3(1) के तहत आरोपी शाहिद अली के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसी मामले में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत उसकी संपत्ति जब्त की गई है। जब्त की गई जमीन जंगल नकहा नंबर-02 में स्थित है। इसका विवरण खाता संख्या 0020 और गाटा संख्या 358 मीटर के रूप में दर्ज है। पुलिस ने जमीन की अनुमानित कीमत 1,22,50,000 रुपये बताई है। पुलिस का कहना है कि शाहिद अली और उसके गिरोह के सदस्य कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाते थे और इनके जरिए अवैध रूप से शस्त्रों की खरीद-फरोख्त किए जाने का आरोप है। आपराधिक गतिविधियों से अर्जित धनराशि से अचल संपत्तियां खरीदे जाने की जानकारी सामने आने के बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति जब्ती की कार्रवाई की गई।

शाहिद अली पुत्र शहादत अली निवासी नकहा नंबर-02, घोसीपुरवा, थाना चिलुआताल के खिलाफ कैंट थाने में गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के अलावा वर्ष 2019 में धोखाधड़ी, कूटरचना और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल से संबंधित मुकदमा भी दर्ज है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों में मु0अ0सं0 147/2021 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट तथा मु0अ0सं0 778/2019 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 465, 474 और 120बी भादवि शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संगठित अपराध में संलिप्त आरोपियों की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध इसी तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

धूमधाम से मनी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

गोला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर बुधवार को गोला क्षेत्र में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

गोला तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद गांधीजी और शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य, नायब तहसीलदार जयप्रकाश, बालचंद चौहान, अभिषेक सोनी समेत तहसील के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख कुशमावती देवी ने ध्वजारोहण किया। बीडीओ दिवाकर सिंह समेत ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में अधीक्षक डॉ. अमरेंद्र ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। थाना परिसर में थाना प्रभारी सीपी पांडेय ने ध्वजारोहण कर गांधीजी एवं शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। नगर पंचायत कार्यालय में नगर अध्यक्ष लालती देवी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, सभासद श्रवण कुमार समेत सभासद और कर्मचारी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला से बनाया गांधी जयंती का आकार स्व. ज्ञानदास राय इंटरमीडिएट कॉलेज बनकटा-गोला में गांधी एवं शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रबंधक अनिल राय और प्रबंध निदेशक सौरभ राय ने गांधीजी एवं शास्त्रीजी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य आशुतोष तिवारी ने ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी के जीवन एवं उनके विचारों पर प्रकाश डाला। प्रबंध निदेशक सौरभ राय ने कहा कि महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर गांधी जयंती लिखा। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। एमसीए पब्लिक स्कूल में मुख्य सेवक प्रदीप सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। एलपीएम पब्लिक स्कूल में पूर्व चेयरमैन गिरधारीलाल स्वर्णकार, भागीरथी प्रसाद और अमरनाथ वर्मा ने ध्वजारोहण किया तथा गांधीजी एवं शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

इसी क्रम में उपनगर गोला के बनकटा स्थित स्व ज्ञानदास राय इंटरमीडिएट कॉलेज में गुरुवार को राष्टपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अनिल राय एवं प्रबंध निदेशक सौरभ राय ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। इसके बाद प्रधानाचार्य आशुतोष तिवारी ने ध्वजारोहण किया और महात्मा गांधी के जीवन, उनके विचारों तथा देश की आजादी में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

प्रबंध निदेशक सौरभ राय ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। सत्य, अहिंसा, सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्यों को अपनाकर ही एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने 'गांधी जयंती' लिखकर मानव श्रृंखला बनाई। साथ ही शिक्षकों एवं छात्रों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। कार्यक्रम में शिवशंकर शुक्ल, अरुण दूबे, सुभाष शर्मा, मनोज, रमजान, पंकज, प्रदीप, नीरज, विक्की, रोमा, अनन्या, उषा सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

युवाओं ने किया रक्तदान

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

बड़हलगंज। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को युवाओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया। कार्यक्रम में दुर्गावती हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मनोज यादव तथा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के युवा मंच के राष्ट्रीय प्रभारी शिखर गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शिविर में डॉक्टरों की टीम, ब्लड बैंक की टीम और नर्सिंग स्टाफ ने रक्तदाताओं की जांच एवं रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी कराई। इस दौरान युवाओं में रक्तदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवा शिविर में पहुंचे और स्वेच्छा से रक्तदान किया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और युवाओं को ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को याद करते हुए समाजसेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

ब्लॉक मुख्यालय पर लगा बहुउद्देशीय शिविर

पिपरौली। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को पिपरौली ब्लॉक मुख्यालय पर बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना और पात्र लोगों को लाभान्वित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी,अजय गौतम, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला,ग्रामीण विधायक विपिन सिंह और ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता खोलकर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों ने परिसर में लगे विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। शिविर में कृषि, स्वास्थ्य, बाल विकास एवं पुष्टाहार, समाज कल्याण, पंचायती राज, आपूर्ति, शिक्षा, बैंक सहित विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप लगाकर लोगों की जांच की गई, वहीं कृषि विभाग ने किसानों को उन्नत खेती और सरकारी अनुदान की योजनाओं के बारे में बताया। जनार्दन तिवारी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की मंशा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि ऐसे शिविरों से लोगों को एक ही छत के नीचे सभी योजनाओं की जानकारी मिल जाती है और आवेदन की प्रक्रिया भी आसान हो जाती है। ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से कराया जाएगा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सत्यकाम तोमर, एडीओ पंचायत अरविंद सिंह, एडीओ आईएसबी संजय दूबे,पशु चिकित्सक डा.बी के सिंह,नन्हे सिंह,राम बुझारत पासी,अजय यादव,चंदन सिंह,सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गांधी व शास्त्री को दी गई श्रद्धांजलि

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र में 2 अक्टूबर को राष्टपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सहजनवा तहसील परिसर और शहीद स्मारक डोहरिया कला में उपजिलाधिकारी नमन मेहता शहीदो को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। नगर पंचायत सहजनवा पर चेयरमैन संजू सिंह, नगर पंचायत घघसरा पर चेयरमैन प्रभाकर दुबे, विकास खंड पाली परिसर में ब्लाक प्रमुख शशि प्रताप सिंह,विकास खंड पिपरौली पर ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार यादव, थाना सहजनवा पर थानेदार संजय कुमार मिश्र,थाना गीडा पर थानेदार अश्वनी कुमार पांडेय,थाना हरपुर बूदहट पर थानेदार प्रशांत पाठक ने राष्टपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा तहसील क्षेत्र के सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं पर राष्टपति महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीन श्रद्धांजलि दी गई।

गांधी-शास्त्री के आदर्श अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : डीएम

स्वतंत्र भारत बहराइच। गांधी जयंती पर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा, सादगी, नैतिकता और भाईचारे के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। अधिकारियों-कर्मचारियों से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने और समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। कवियों व शायरों ने काव्यपाठ किया। छात्राओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों एवं कवियों को सम्मानित किया गया।

खबर एक नजर

बृजेश चंद्र शुक्ला बने युवा विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष

स्वतंत्र भारत पयागपुर, बहराइच। आजाद अधिकार सेना ने बहराइच निवासी बृजेश चंद्र शुक्ला को उत्तर प्रदेश युवा ब्रिगेड का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नूतन ठाकुर द्वारा जारी आदेश में उन्हें संगठन को मजबूत करने तथा अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष एवं देवीपाटन-फैजाबाद मंडल प्रभारी जीतेंद्र कुमार तिवारी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कांग्रेस ने गांधी-शास्त्री जयंती पर किया ध्वजारोहण

कुष्ठरोगियों को बांटे फल-मिष्ठान

स्वतंत्र भारत, बहराइच। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस भवन परिसर में गांधी-शास्त्री जयंती पर ध्वजारोहण व गोष्ठी आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया।इसके बाद कुष्ठ सेवा आश्रम में रोगियों को फल व मिष्ठान वितरित किए गए तथा गांधी आश्रम में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर चरखा चलाया गया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांधी जी, शास्त्री जी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. भगवानदीन मिश्र वैद्य से प्रेरणा लेकर सामाजिक चुनौतियों का सामना करने के लिए लोगों को एकजुट होना चाहिए। इस दौरान 'रघुपति राघव राजाराम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम में जगदीश सिंह, तारिक बेग, विद्यांश शुक्ला, अजीज अहमद, वशीर अंसारी, दुलारे यादव, हसम इस्तियाक, सुशील यादव, डॉ. हलीम, अब्दुल कादिर व वंशराज यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

शिकायत पर लेखपाल ने हटवाया रास्ते का अतिक्रमण

स्वतंत्र भारत, पयागपुर बहराइच। ग्राम झाला तरहर में मुख्य रास्ते पर अतिक्रमण की ग्रामीणों की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायत पर क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञानेंद्र पांडे मौके पर पहुंचे और रास्ता अतिक्रमणमुक्त कराया। ग्रामीणों ने संतराम गुप्ता व आसाराम पर रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप लगाया था। लेखपाल ने अतिक्रमणकारियों को दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी। कार्यवाही पर ग्रामीणों ने आभार जताया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

स्वतंत्र भारत बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह अक्टूबर के प्रथम शनिवार 03 अक्टूबर 2026 को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी तथा तहसील कैसरगंज में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

शिक्षक निर्वाचन की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

स्वतंत्र भारत बहराइच। फैजाबाद-गोरखपुर खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने के निर्देश दिए। जनपद के सातों मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने को कहा। मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण, मतदान सामग्री, वाहनों तथा जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की भी समीक्षा की। बैठक से अनुपस्थित उप कृषि निदेशक से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक तथा मतगणना 27 अक्टूबर को होगी।

मेडिकल कॉलेज में स्वच्छता अभियान, मरीजों को बांटे फल

स्वतंत्र भारत बहराइच। गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रो. संजय खत्री के मार्गदर्शन में चिकित्सा महाविद्यालय व चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्रमदान कर साफ-सफाई की। इसके बाद महर्षि बालार्क चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनका कुशलक्षेम पूछा गया। मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. एस.के. वर्मा समेत चिकित्सक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

तुलसीपुर/बलरामपुर। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में श्रद्धा के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल, भवनियापुर में प्रधानाचार्य डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया, जबकि लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा का आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इसके अलावा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, नानकी देवी, सरस्वती शिशु मंदिर, महात्मा गोपाल दास, बलदेव एकेडमी, सीएमएस, ईशावास्याम इंटर कॉलेज, स्वतंत्र भारत, बसंत लाल, कस्तूरबा आर्य बालिका विद्यालय एवं अखिलेश्वर इंटर कॉलेज सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धापूर्वक याद कर नमन किया गया।

गांधी जयंती पर नानपारा को मिली 30 मीटर ऊंचे तिरंगे की सौगात

सांसद, विधायक और पालिकाध्यक्ष ने शहीद स्मारक पर किया भव्य लोकार्पण, राष्ट्रगान के साथ गूंजे देशभक्ति के नारे

स्वतंत्र भारत नानपारा, बहराइच। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नानपारा नगर को देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की अनूठी सौगात मिली। नगर के गोयल तिराहे स्थित शहीद स्मारक परिसर में 30 मीटर ऊंचे विशाल राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण सांसद डॉ. आनंद गौड़, नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद कुरैशी ने संयुक्त रूप से किया। विशाल तिरंगे के लोकार्पण के साथ ही पूरा परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर सांसद डॉ. आनंद गौड़ ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह तिरंगा न केवल नानपारा की पहचान को नई ऊंचाई देगा, बल्कि युवाओं और आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना को भी प्रबल करेगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को नई दिशा दी। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधायक रामनिवास वर्मा ने कहा कि नानपारा तहसील क्षेत्र का यह सबसे ऊंचा तिरंगा है, जो नगरवासियों में राष्ट्रीय गौरव और देशप्रेम की भावना को निरंतर प्रेरित करेगा। उन्होंने इस कार्य के लिए नगर पालिका की सराहना करते हुए बताया कि राज्य वित्त से निर्मित यह परियोजना नगर के विकास और गौरव में एक नया अध्याय जोड़ेगी। उन्होंने नानपारा के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी विभिन्न योजनाएं संचालित किए जाने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद कुरैशी ने कहा कि नगर को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ने वाली इस पहल का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और शहीदों के बलिदान को सम्मान देना है। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रकाश सिंह, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर, अधिवक्ता नंदलाल जायसवाल, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, अधिवक्ता राजेश सहित भाजपा कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। 30 मीटर ऊंचे तिरंगे को देखकर नगरवासियों में उत्साह और गर्व का माहौल रहा। शहीद स्मारक परिसर में स्थापित यह विशाल तिरंगा नगर की राष्ट्रीय पहचान और गौरव के नए प्रतीक के रूप में स्थापित हुआ।

गांधी जयंती पर मंदिर परिसर में भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

तुलसीपुर/बलरामपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भाजपा के सेवा एवं समर्पण अभियान के तहत शुक्रवार को श्री संकट मोचन हनुमानगढी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्राम सिंह के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर सहित सडकों के विभिन्न हिस्सों में सफाई की और एकत्र कूड़े-कचरे को निर्धारित स्थान तक पहुंचाया। इस दौरान स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को समाज और राष्ट्र के विकास से जोडते हुए इसे जनभागीदारी का विषय बनाया था। गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से उनके विचारों को व्यवहार में उतारने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। स्वच्छता अभियान में भाजपा प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य विष्णुदेव गुप्ता, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवकुमार वाल्मीकि, शक्ति केंद्र संयोजक जय ओम कसौधन तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शकील राइनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर रुपईडीहा में विविध कार्यक्रम, महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र भारत रुपईडीहा, बहराइच। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को रुपईडीहा क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न कार्यालयों में ध्वजारोहण, पुष्पांजलि, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान व शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यालय नगर पंचायत रुपईडीहा में चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। चेयरमैन ने कहा कि गांधी जी के स्वदेशी, स्वभाषा, स्वराज व सहकार के विचार तथा शास्त्री जी का जय जवान-जय किसान का नारा और राष्ट सेवा के प्रति समर्पण हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में मुन्ना श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, वेद प्रकाश त्रिपाठी, दिनेश अग्रवाल, विजय गुप्ता, स्वरूप गुप्ता, सुपरवाइजर अजय कुमार, अभय पाठक, किशन गुप्ता, रजत गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। आदर्श थाना रुपईडीहा में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों को गांधी व शास्त्री जी के जीवन व योगदान की जानकारी दी गई तथा कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई गई। नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी रामवदन यादव ने पुष्पांजलि अर्पित कर स्वच्छता व कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभासद रतन अग्रवाल, पार्वती देवी, काली प्रसाद गुप्ता, नरेंद्र मद्धेशिया, मनोज प्रजापति, अशोक यादव, ध्रुव राज वर्मा, जहीर अहमद, जाकिर हुसैन सहित सफाईकर्मी व सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

सीबीएसई नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप मे नोएडा-हिसार का जलवा

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़। सीबीएसई नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में इस बार दो उम्र वर्ग 17 और वर्ग 19 के मुकाबले एक साथ खेले गए।दो दिन तक चले पूल राउंड में देश के 12 राज्यों और दुबई तक की 25 से ज्यादा स्कूलों ने हिस्सा लिया।दोनों कैटेगरी मिलाकर 60 से ज्यादा मैच हुए।प्रतापगढ़ की न्यू एंजेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को अपने पहले ही मैच में छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल,हीरापुर,रायपुर ने 33-13 के बड़े अंतर से हरा दिया।प्रतापगढ़ की टीम पहले 5 मिनट तक 6-6 से बराबरी पर थी,लेकिन रायपुर की टीम ने दूसरे हाफ में लगातार 9 पॉइंट लेकर मैच एकतरफा कर दिया।इसी पूल में प्रयागराज की गुरुकुल मोंटेसरी,शांति पुरम को रांची के डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू ने 23-15 से हराया।प्रयागराज की टीम डिफेंस में कमजोर दिखी।अयोध्या की अवध इंटरनेशनल स्कूल को दो बड़ी हार झेलनी पड़ी।तमिलनाडु नाचेन्नई की वेलम्मल विद्यालय चितलापक्कम ने उसे 30-12 से और जयपुर की माहेश्वरी पब्लिक स्कूल प्रताप नगर ने 40-18 से हराया। मध्य प्रदेश की संस्कार एकेडमी पचोर ने केरल की एसएन विद्या भवन त्रिचूर को 43-08 से रौंदा।केरल की ही स्ट्रैटफोर्ड पब्लिक स्कूल तिरुवल्ला ने अहमदनगर की आत्मा मालिक इंटरनेशनल स्कूल को 31-14 से हराया।कर्नाटक की दिल्ली पब्लिक स्कूल बेंगलुरु ईस्ट ने जम्मू की बीबीएस विद्यापीठ, उधमपुर को 26-06 से हराकर क्लीन शीट रखा।वर्ग 17 में पूल-एबीसीडी में बंटे इन मैचों में नॉर्थ इंडिया की टीमों ने बाजी मारी। उक्त अवसर पर सदर विधायक राजेंद्र मौर्या,भाजपा के जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, डॉल्फ़िन पब्लिक स्कूल प्रबंधक अनिल त्रिपाठी उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

अंतर्जनपदीय 5 किमी की दौड़ मे संदीप ने लहराया परचम

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़। गांधी जयंती के अवसर पर औसनगंज नगरिया मऊ स्थित शारदा सहायक नहर के बगल खेल ग्राउंड पर अंतर्जनपदीय 5 किलो मीटर दौड़ प्रतियोगिता का प्रथम बार आयोजन किया गया। प्रतियोगिता साहब अतेरू बीडीसी रिंकू यादव व रमईपुर बीडीसी प्रदीप पटेल ने संयुक्त रूप से आयोजन किया,जहां विभिन्न जनपदों के 50 प्रतिभागियों ने दौड़ मे प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने फीता काटकर रेस को शुरू कराया।रेस खेल ग्राउंड मुर्तजापुर से प्रारंभ होकर नगरिया मऊ, औसनगंज,लोहारन का पुरवा होते हुए रामगंज के पास संतोषी माता मंदिर से वापस शुभारंभ स्थल पर पहुंची।भदोही जनपद के सीतामढ़ी निवासी धावक सतीश कुमार वर्मा अपने प्रतिभागियों से बहुत आगे पहुंचकर प्रथम स्थान हासिल करते हुए मेडल रेंजर साइकिल का पुरस्कार प्राप्त किया,जबकि प्रतापगढ़ के कटरा गुलाब सिंह निवासी अक्षय कुमार सरोज ने द्वितीय स्थान हासिल कर मेडल व फर्राटा पंखा,कौशांबी जनपद के दुर्गेश कुमार पासी ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए मेडल व प्रेस प्राप्त कर अपनी जीत का परचम लहराया।

10 धावकों को मेडल व सांत्वना पुरस्कार दिया गया।धनगढ़ प्रधान अजय यादव व रमईपुर प्रधान आलोक सिंह ने पुरस्कार वितरित किया।मुख्य अतिथि डॉ विजय यादव ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद मानव के जीवन जीने की प्रमुख शैली का हिस्सा है।आयोजक रिंकू यादव व प्रदीप पटेल ने सफल आयोजन के लिए सभी आए हुए सभी धावकों, दर्शकों,सहयोगियों व गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अजय यादव, आलोक सिंह, नकुल सरोज , विजय मौर्य आदि उपस्थित रहे।

कपड़े की दुकान मे लगी भीषण आग,लाखों का सामान स्वाहा

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़। नगर कोतवाली के पीडब्लूडी तिराहे पर स्थित कपड़े का प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान भाग्यलक्ष्मी कलेक्शन के स्वामी रवि सिंह ने 9.30 बजे गुरुवार की रात दुकान बंद करा कर अपने घर चले गए। भाग्यलक्ष्मी कलेक्शन प्रतिष्ठान में रात मे आग पकड़ ली और बंद दुकान भीतर धूं-धूं कर भारी धुएं के साथ जलने लगी।भाग्यलक्ष्मी प्रतिष्ठान के बगल मे जिम कराई जाती है। सुबह 4 बजे के आस-पास जब जिम करने वाले लोग आए तो दुकान से तेज धुआं निकल रहा था।सूचना मिलने पर प्रतिष्ठान स्वामी आए और दुकान किसी तरह खोली गई तो आग की लपट और तेज हो गई।दमकल के बुलाने और आने तक सभी कीमती लहंगे साड़ी एवं रेडीमेड वस्त्र आदि जलकर स्वाहा हो गए।दुकान में आग के प्रकोप से 50 लाख रुपए से अधिक मूल्य के वस्त्र आदि सामग्री का नुकसान हुआ है।

उच्च न्यायालय ने फर्जी गिरफ्तारी व दबाव बनाने के मामले मे एसओ व एसआई को किया तलब

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अभी हाल ही मे उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए है,इसके पहले भी उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने झूठों का झुंड कहा था।मामला थाना दिलीपपुर का है।तत्कालीन एसआई रमिल कुमार ने राम मिलन पुत्र स्व मुनु राम निवासी पिपरी खालसा की 17 मार्च 26 को गिरफ्तारी विधिक अनुपालन व मानवाधिकार तथा सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मे दिए आदेशों को दरकिनार कर किया गया। इसी मामले मे पीड़ित राम मिलन ने उच्च न्यायालय लखनऊ खण्ड पीठ मे याचिका दायर किया। माननीय उच्च न्यायालय ने तत्कालीन एसओ बलराम सिंह व एसआई रमिल कुमार को 30 सितंबर 26 को उपस्थित होने का आदेश दिया,लेकिन एसओ बलराम सिंह व एसआई रमिल कुमार उपस्थित नहीं हुए,जिस पर माननीय उच्च न्यायालय ने आदेश की अवहेलना करार देते है, दोनों को जमानती वारंट व 10 हजार जुर्माना के साथ जिला सत्र न्यायालय प्रतापगढ़ में जमानत हेतु आदेश दिया है और 4 नवंबर 26 को माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ खण्ड पीठ समक्ष प्रस्तुत होने का आदेश दिया है।

दहेज हत्या मामले मे पति गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली के मालाक तारा जमेठी मे 30 सितंबर को नवविवाहिता का शव कमरे मे छत के चुल्ले से साड़ी के सहारे लटकता मिला।मृतका के पिता निवासी चरन मिश्र का पुरवा मजरा बिसहिया थाना हथिगवां सूचना पर पुत्री के ससुराल पहुंचे और उन्होंने शादी के बाद से दहेज उत्पीड़न को लेकर हत्या कर लाश लटकाने की आशंका जताई, पुलिस ने वादी पिता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं मे पति आकाश मिश्रा सास मंजू मिश्रा ससुर अनिरुद्ध मिश्रा उर्फ अंशु पर केस दर्ज कर लिया।मृतका की शादी फरवरी 25 मे हुई थी।पुलिस ने गुरुवार को सास मंजू मिश्रा ससुर अनिरुद्ध मिश्रा उर्फ अंशु को जेल भेजने के बाद शुक्रवार को पति आकाश मिश्रा को जेल भेज दिया।

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्ट्रेट में गोष्ठी का आयोजन

बलरामपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधीएवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा देश और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। सीएमएस की छात्राओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' का भावपूर्ण गायन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार और आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, समानता, आपसी सद्भाव और मानवता के प्रति सम्मान का उनका संदेश सदैव प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने कहा कि महात्मागांधी के विचारों को आत्मसात करने का अर्थ केवल उनके सिद्धांतों को याद करना नहीं, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन और आचरण में उतारना है। जिलाधिकारी ने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। 'जय जवान-जय किसान' का उनका संदेश देश के जवानों और किसानों के प्रति सम्मान तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री संदीप केला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री शिव नारायण सिंह, अपर उपजिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

गांधी जयंती पर सफाई मित्रों का सम्मान

108 कर्मियों को मिली पीपीई किट

तुलसीपुर/बलरामपुर। गांधी जयंती के अवसर पर नगर पंचायत की ओर से शुक्रवार को सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया तथा उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पीपीई किट वितरित की गईं। इस दौरान नगर में स्वच्छता सेवा के साथ वृक्षारोपण भी किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने कहा कि सफाई कर्मी नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ हैं। नगर के प्रत्येक हिस्से को साफ-सुथरा और बीमारियों से मुक्त रखने में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र नियमित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए नगर को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उनके सम्मान के साथ-साथ कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता सेवा को आगे बढाते हुए नगर में वृक्षारोपण कराया गया। इसके साथ ही सफाई कर्मियों का सम्मान कर उन्हें पीपीई किट प्रदान की गई, ताकि सफाई कार्य के दौरान वे आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल कर सकें। कार्यक्रम में नगर पंचायत के 108 सफाई कर्मियों की मौजूदगी रही। सफाई कर्मियों को सम्मानित किए जाने से उनमें उत्साह भी देखने को मिला। इस अवसर पर सभासद कुदुश, ओमप्रकाश रामदयाल सोनी, लइक अहमद, विजय प्रताप सिंह, विवेक मोदनवाल, मुशाहिद, अरशद, निजामुद्दीन, शिवकुमार, सूरज, सुनील सहित नगर पंचायत के कर्मचारी बुद्धि सागर मिश्रा, राकेश, रवि एवं गौरव श्रीवास्तव समेत बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

उत्तर मध्य रेलवे में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2026' का हुआ सफल समापन

17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक चले स्वच्छता पखवाड़े के तहत उत्तर मध्य रेलवे ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण-वित्त वर्ष में 2 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य की और तेजी से कदम बढ़ा रहा उत्तर मध्य रेलवे

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, सूबेदारगंज में 17 सितंबर से 02 अक्तूबर, 2026 तक आयोजित किए जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2026' का समापन आज 02 अक्तूबर को 'स्वच्छ भारत दिवस' एवं महात्मा गाँधी व श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के रूप में मनाते हुए किया गया।

मुख्यालय में आयोजित समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर महाप्रबंधक राजकुमार वानखेड़े रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात अपर महाप्रबंधक महोदय ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित किए।

महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निदेशों के तहत पर्यावरण संरक्षण हेतु जोन में विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे, महाप्रबंधक के निदेशानुसार निर्धारित वर्तमान वित्त वर्ष 2026 27 में 2 करोड़ पौधे लगाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है, जो पर्यावरण एवं स्वच्छता के प्रति उत्तर मध्य रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की अध्यक्षता में चले इस पखवाड़े के दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित पाँच प्रमुख स्तम्भों के अंतर्गत कुल 4,770 कार्यक्रमों व गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।

स्वच्छता लक्षित इकाइयों (CTU) का रूपांतरण एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के क्रम मे रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए 3,500 के लक्ष्य के मुकाबले जोन ने कुल 14,837 स्वच्छता लक्षित इकाइयां (CTU) चिन्हित कीं, जिनमें से 12,246 से अधिक का कायाकल्प कर उन्हें स्वच्छ स्थान बनाया गया।

स्वच्छता अभियानों में जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु 837 जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस पूरे कार्य में लगभग 55,000 लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

स्वच्छता से समृद्धि के अंतर्गत 284 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसके अतिरिक्त, विश्व पर्यटन दिवस (27 सितंबर) के अवसर पर भी 124 विशेष स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस पूरे स्वच्छता पखवाड़े एवं समापन कार्यक्रम का सफल आयोजन मनीष कुमार के नेतृत्व मेअध्यक्षता में मुख्यालय पर्यावरण अनुभाग द्वारा सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया।

कैन्ट हाई स्कूल में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। कैन्ट हाई स्कूल, न्यू कैन्ट प्रयागराज में 02 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण विद्यालय के प्रिंसिपल श्री मो. अंसार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल मो. अंसार ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विद्यालय परिसर में स्वच्छता, सत्य, अहिंसा, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के संदेश को भी विद्यार्थियों तक पहुँचाया गया।

महात्मा गांधी की जयन्ती पर कलेक्ट्रेट में आयोजित हुये विभिन्न कार्यक्रम

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ महात्मा गांधी के प्रिय भजनों 'रघुपति राघव राजा राम' एवं 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, उनके आदर्शों तथा राष्ट्र निर्माण में दिये गये योगदान को स्मरण किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारीगण शालिनी प्रभाकर एवं ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

पति छोड़ प्रेमी के साथ रहने की जिद, दो बच्चों की मां

पायल बिछिया बेचकर प्रेमी प्रेमिका मुंबई पहुंचे

स्वतंत्र भारत फाफामऊ। थरवई क्षेत्र के एक गांव से दो बच्चों की मां एक सप्ताह पहले प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। पति ने थाने में लिखित शिकायत किया था। थाने में गुशुदगी दर्जा कर पुलिस की दबाव में दोनों प्रेमी प्रेमिका वापस आए ।महिला प्रेमी के साथ ही रहने के जिद पर डटी रही। जौनपुर का रहने वाला एक युवक पत्नी दो बच्चों के साथ पंडिला में किराए पर रहता था । इस क्षेत्र में भदोही का रहने वाला एक किशोर अपने मामा के साथ भी रहता था दोनों का कमरा पास में रहने के दौरान महिला से जान पहचान हुई और एक सप्ताह पहले महिला दोनों बच्चों को छोड़ कर प्रेमी के साथ फरार हो गई । पति ने थरवई थाने में लड़के के खिलाफ पत्नी को भगा ले जाने का शिकायत किया। पुलिस को जांच में पता चला कि दोनों मुंबई भाग गए हैं पुलिस के दबाव में प्रेमी प्रेमिका गुरुवार को मुंबई से थाने पहुंचे।थरवई थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि गुरुवार को महिला को पति के साथ घर भेज दिया प्रेमी को शुक्रवार को शांतिभंग में चालान कर दिया गया ।महिला घर जाकर फिर हंगामा करने लगी कि मैं प्रेमी के ही साथ रहूंगी इससे परेशान होकर पति ने अपनी पत्नी को प्रेमी के घर जाकर छोड़ दिया। महिला शुक्रवार को दिनभर थाने पर बैठी रही की हम इसी के साथ रहेंगे महिला ने बताया कि हमने अपना पायल बिछिया गले की चांदी की जंजीर फाफामऊ में सात हजार रुपए का बेच कर दोनों लोग मुंबई भाग गए थे । दिन भर पंचायत चलती रही पति एक बच्चे को लेकर अपने साथ चला गया एक लड़का ननिहाल में रह रहा है । महिला प्रतापगढ़ की रहने वाली है पांच साल पहले जौनपुर में शादी हुई थी। कुछ साल से पंडिला क्षेत्र में महिला अपने पति दो बच्चों के साथ किराया पर रहती थी। देर शाम तक महिला प्रेमी के साथ घर चली गई।

गांधी जयंती पर समाज सेवियों ने महात्मा गांधी को किया नमन

स्वतंत्र भारत ओसा मंझनपुर कौशाम्बी। गांधी जयंती के अवसर पर, समाज सेवी संदीप कुमार सोनी आशीष कुमार पप्पू मिश्रा, उड़ो श्याम सोनी,ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने गांधी के सत्य, अहिंसा और सद्भाव के आदर्शों को याद करते हुए उनके विचारों को जीवन में अपनाने का सन्देश दिया उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।, रामप्रकाश पाल पूर्व प्रधान,अंकित पांडेय, रामू, मोहित चतुर्वेदी सोनू शुक्ला, भीम पाल, सीता राम गुप्ता, मुकेश कुमार, आबिदा वेगम, गेहेंद तिवारी, सुरजीत, कुमार, रोहित सोनी राजू सोनी आदि समाज सेवी मौजूद रहे।

प्रयागराज में गांधी-शास्त्री जयंती पर जिला अपराध निरोधक समिति का वार्षिक उत्सव संपन्न

न्यायिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं समिति के सैकड़ों पदाधिकारियों-सदस्यों का सम्मान

स्वतंत्र भारत प्रयागराज ब्यूरो। महात्मा गांधी जयंती और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिला अपराध निरोधक समिति, प्रयागराज द्वारा 2 अक्टूबर को वार्षिक उत्सव एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आर्य कन्या इंटर कॉलेज सभागार, मुट्ठीगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा, सदस्य राज्य मानवाधिकार आयोग एवं संरक्षक समिति तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित उपस्थित रहे। समिति के वाइस चेयरमैन डॉ. आर.एस. वर्मा पूर्व आईएएस और मेयर एवं वाइस चेयरमैन उमेश चंद गणेश केसरवानी विशेष रूप से मौजूद रहे। आयोजन में आर्य कन्या शिक्षण ग्रुप के चेयरपर्सन पंकज जायसवाल का विशेष सहयोग रहा। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा ने कहा कि गांधी और शास्त्री जी के सत्य, अहिंसा, सादगी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं। न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित ने युवाओं को शिक्षा, संस्कार, राष्ट्रहित और सामाजिक दायित्व से जुड़ने का संदेश दिया। वाइस चेयरमैन डॉ. आर.एस. वर्मा ने कहा कि अपराध निरोध केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर जागरूक नागरिक की भी भूमिका है। मेयर उमेश केसरवानी ने समिति के जनसेवा कार्यों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डॉ. अंकिता राज ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तीकरण और युवाओं की सहभागिता आवश्यक है। समिति के सचिव संतोष कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए समिति के उद्देश्यों और साल भर चलने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. आर.सी. पांडे, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रयागराज, डॉ. नीरज अग्रवाल एवं डॉ. कृतिका अग्रवाल सहित चिकित्सकों एवं विभिन्न क्षेत्रों के आमंत्रित अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, स्वस्थ जीवनशैली, समय पर चिकित्सकीय परामर्श तथा सामाजिक जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, चिकित्सकों, शिक्षकों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। साथ ही समिति के सैकड़ों सक्रिय पदाधिकारियों और सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान लगे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में रक्तचाप, ब्लड शुगर, वजन और सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा जरूरत के अनुसार औषधियों का वितरण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के केंद्रीय एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। सतीश चंद्र मिश्रा, शोएब आलम, अजीत कुमार सिन्हा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, कयामुद्दीन, अनंत अग्रवाल, आयुष जायसवाल, पी.एम. मिश्रा, संजय उपाध्याय, राजेश निषाद, खन्ना, अशोक सिंह, अनिल सिंह, स्वामी जर्मन रेमेडीज, संदीप सोनी, संजय शुक्ला, सुधीर प्रजापति, दिग्विजय सिंह (प्रतापगढ़), सचिव सुजीत कुमार एवं आपदा प्रकोष्ठ प्रभारी मेजर सुनील कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आयोजन की व्यवस्थाओं एवं विभिन्न दायित्वों के निर्वहन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों को निर्धारित क्रम में संचालित किया। चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति आगामी समय में स्वास्थ्य, शिक्षा, नशामुक्ति, जनजागरूकता, महिला एवं युवा सहभागिता तथा सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि गांधी-शास्त्री जयंती का यह आयोजन उनके आदर्शों को सामाजिक जीवन में अपनाने और जागरूक, स्वस्थ और उत्तरदायी समाज के निर्माण का संकल्प लेने का अवसर है। अंत में सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा जनसेवा, सामाजिक सद्भाव, जनसहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

हैंडपंप का पानी रस्ते में बहने को लेकर मारपीट

स्वतंत्र भारत फाफामऊ। थरवई थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ गाँव में नल के पानी को रास्ते पर बहाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ जिसमें अनुज मिश्र पुत्र मनोज कुमार को विपक्षी प्रेम नाथ व लगभग आधा दर्जन लोगों ने मिलकर लाठी डंडे व सरिया से मारकर घायल कर दिए। भुक्तभोगी अनुज मिश्र ने घायल अवस्था में थरवई थाने पहुँच कर विपक्षी लोगों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में तहरीर दिया है। तहरीर मिलने पर पुलिस ने घायल को इलाज कराने को अस्पताल भेज दिया पुलिस विवाद के मामले की जांच कर रही है।

ऐतिहासिक उपलब्धि : कटरा-बनिहाल सेक्शन पर स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाई गई, वंदे भारत ने चिनाब और अंजी पुलों को 100 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से पार किया

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। आज का दिन ऐतिहासिक है। 111 किलोमीटर लंबे श्री माता वैष्णो देवी कटरा - बनिहाल सेक्शन पर अधिकतम स्पीड सीमा को 75 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रति घंटा कर दिया गया है।

आज बढ़ी हुई स्पीड का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 26401/26404) ने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब पुल और भारत के पहले केबल-स्टे वाले अंजी पुल को 100 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया।

इस सुधार से वरइफ्छ प्रोजेक्ट पर ट्रेन का संचालन आसान होगा, यात्रा का समय कम होगा और यात्रियों को तेज, सुरक्षित और ज्यादा आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

इफको घियानगर फूलपुर में निकाली गई स्वच्छता रैली

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। इफको घियानगर फूलपुर में स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत की भावना के साथ स्वच्छता रैली निकाली गयी। वरिष्ठ महापप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के.सिंह के नेतृत्व में रैली का शुभारंभ हुआ। स्वच्छता रैली बैनर,पोस्टर तथा स्वच्छता जागरूकता के नारों के साथ निकाली गई जो कि स्वच्छता का संदेश दे रही थी। इसके साथ ही इफको घियानगर कालोनी में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया तथा पर्यावरण का ध्यान रखते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। वरिष्ठ महाप्रबंधक पी.के.सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के सपनों स्वच्छ भारत को पूरा करने हेतु तथा भारत सरकार के दिशा निर्देश स्वच्छ भारत अभियान में हम सदैव सहभागी होंगे। उन्होंने वर्षभर संयंत्र एवं इफको कालोनी को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर ने बताया कि इफको फूलपुर इकाई में 17 सितम्बर से 02 अक्तूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें स्वच्छता शपथ, सभी विभाग के कार्यालय में पुरानी फाइल की सफाई, कैंटीन कर्मियों को स्वच्छता प्रशिक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व प्लास्टिक कचरा पर जागरूकता अभियान,केन्द्रीय विद्यालय में स्वच्छता से समृद्धि,स्वच्छता रैली तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम हुए। स्वच्छता रैली कार्यक्रम का समन्वय अनिल कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सरिता सिंह, महाप्रबंधक क्रमशः पी.के.पटेल, ए.के.गुप्ता,अरूण कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः आर.पी.यादव, संजय कुमार तथा बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं तथा इफको कर्मचारी शामिल हुए।

कांग्रेसियों ने मनाई महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री व मसूरियादीन पासी की जयन्ती

स्वतंत्र भारत चरवा कौशाम्बी। जनपद में कांग्रेस के नगर पंचायत चरवा स्थित कैंप कार्यालय में पार्टी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, मसूरियादीन पासी की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया और उनके द्वारा किए महान कार्यों का स्मरण किया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपने आंदोलनों में 'अहिंसा' के सिद्धांत का पालन किया, जिसका अर्थ है किसी भी प्रकार की हिंसा का प्रयोग न करना। उन्होंने देश की आजादी में अपना बहुमूल्य योगदान दिया जिसका देश आज भी कर्जदार हैं उनके आदर्शों और विचारों की बदौलत समाज में समरसता स्थापित है।

इसके बाद जिला प्रभारी राजेश साहनी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों व आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही और उसके परिणामस्वरूप उन्हें कई बार जेलों में भी रहना पड़ा।इसके बाद पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी ने कहा कि मसूरियादीन पासी एक भारतीय राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा, भारत की संविधान सभा, अनंतिम संसद और पहली चार भारतीय संसदों के सदस्य के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी, जिला महासचिव श्याम सिंह भदौरिया,जिला सचिव हेमन्त रावत, रमेश यादव, ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,ब्लाक अध्यक्ष सिराथू प्रियांशू त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, अर्पित त्रिपाठी, प्रदीप गौतम, विकास यादव, राकेश पाल, सदाशिव पाण्डेय, बाबू लाल सिंह, बड़का रैदास, राम मूरत पासी, विभव कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

डी.डी.आर. पब्लिक इण्टर कॉलेज में मनाई गई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती

कौशाम्बी। जनपद के डी.डी.आर.पब्लिक इण्टर कॉलेज महेशपुर रोड भरवारी कौशाम्बी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई , जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने पोस्टर , निबन्ध और स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभाग किया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री पुष्पा रानी विश्वास द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं अन्य सभी अध्यापकों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण और धूप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक/ अध्यापिकायें उपास्थित रहे।

शास्त्री और गांधी जयंती पर कांग्रेसियों ने किया माल्यार्पण

स्वतंत्र भारत नैनी, प्रयागराज। 2 अक्टूबर को नैनी स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यकताओं ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, ईमानदारी और उच्च विचारों से प्रेरित रहा। उन्होंने ह्यजय जवान, जय किसानह्न का नारा देकर देश के जवानों और किसानों के महत्व को रेखांकित किया। वहीं महात्मा गांधी ने देशवासियों को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया और स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा ने की, जबकि संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में अंजुम नाज, विनोद जैकब, भोला पटेल, धीरेंद्र यादव ह्यधीरूह्न, विजय कुशवाहा, गुड्डू पटेल, उमाशंकर, राजकुमार कुशवाहा, सतीश श्रीवास्तव, जयप्रकाश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांधी जयन्ती में जिला स्तरीय वॉक रेस प्रतियोगिता सम्पन्न

अरविन्द सिंह और कोमल मौर्या रहे विजेता

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्टेडियम के लिए 'आर ओ सिस्टम' देने की घोषणा, ISPL खिलाड़ी जैद खान ने बांटी क्रिकेट की बारीकियां, आगामी 4 अक्टूबर को लखनऊ जाएंगे कौशाम्बी के 2 खिलाड़ी

स्वतंत्र भारत टेंवा कौशाम्बी। जनपद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के पावन अवसर पर आज जिला खेल कार्यालय द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम, कौशाम्बी में जिला स्तरीय बालक एवं बालिका वर्ग की 3 किलोमीटर वॉक रेस (पैदल चाल) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का भारी उत्साह देखने को मिला, जिसमें बालक वर्ग से 86 और बालिका वर्ग से 30 धावकों सहित कुल 116 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर का कोमल मौर्य ने बैच लगाकर और उप-क्रीड़ाधिकारी अजय प्रताप साहू ने बुके भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया और हरी झण्डी दिखाकर 3 किमी बालिका वर्ग की रेस का शुभारम्भ किया।

वहीं, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. अरुण केशरवानी रहे। उप-क्रीड़ाधिकारी अजय प्रताप साहू ने बैच लगाकर उनका स्वागत किया, जिसके बाद विशिष्ट अतिथि ने बालक वर्ग के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए हरी झण्डी दिखाकर रेस को रवाना किया। इस गरिमामयी अवसर पर इण्डिया टेनिस बॉल क्रिकेट टूनामेंट (ISPL) के खिलाड़ी जैद भी विशेष रूप से मौजूद रहे जिन्होंने वहां उपस्थित खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें क्रिकेट की बारीकियों से अवगत कराया।

स्टेडियम को मिलेगा आर ओ सिस्टम

प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि श्रीमती कल्पना सोनकर ने खिलाड़ियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए अपनी तरफ से एक आरओ (RO) वाटर सिस्टम उपहार में देने की घोषणा की, जिसे जल्द ही स्टेडियम में स्थापित करा दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने सभी विजेता बालक-बालिका खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

2 खिलाड़ी जायेंगे लखनऊ

इस मौके पर खेलो इंडिया के कोच संदीप कुमार ने एक और खुशी की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आगामी 4 अक्टूबर को कौशाम्बी स्टेडियम के 2 खिलाड़ी वॉक रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ रवाना हो रहे हैं।

इस अवसर पर अरविंद मौर्या, मनोज, खेलो इण्डिया के प्रशिक्षक संदीप कुमार, प्रवेश कुमार और रमन सिंह सहित खेल विभाग के कई गणमान्य लोग व खेल प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में जिला क्रीड़ाधिकारी अजय प्रताप साहू ने सभी खेल प्रतिभागियों, निर्णायक मण्डल (रेफरी) और उपस्थित अतिथियों का आभार व धन्यवाद प्रकट किया।

विजेता खिलाड़ियों की सूची- वॉक रेस (बालक वर्ग): प्रथम - अरबिन्द सिंह, द्वितीय - सचिन, तृतीय - लालचन्द, चतुर्थ - जितेन्द्र, पंचम - मेजर, छठा - आर्यन।

वॉक रेस (बालिका वर्ग): प्रथम - कोमल मौर्या, द्वितीय - अनुष्का, तृतीय - माया देवी, चतुर्थ - मोनिका, पंचम - मुस्कान, छठा - रोशनी।

सड़क की पटरी पर रखा ट्रांसफार्मर बना हादसे का कारण

स्वतंत्र भारत उरुवा, प्रयागराज। मेजा क्षेत्र में सड़क की पटरी पर बिना सुरक्षा घेरा के रखा गया बिजली ट्रांसफार्मर राहगीरों के लिए जान का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर सड़क से सटा हुआ है, जिससे रात के समय वाहन चालकों को दिखाई नहीं देता और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसका जीता जागता उदाहरण मेजा के सिरसा में राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार से 50 मीटर दूर सड़क के पटरी पर रखा है, उक्त मार्ग से होकर प्रतिदिन छात्र छात्राएं व राहगीर गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है। इसी प्रकार रामनगर बाजार के मुख्य मार्ग के पटरी पर खुले में ट्रांसफार्मर रखा हुआ है, बाजार में सैकड़ों की संख्या लोग खरीदारी के लिए आते है, लेकिन सड़क के पटरी पर बिना सुरक्षा घेरे के रखे ट्रांसफार्मर से आए दिन लोगों में दुर्घटना का भय बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से ट्रांसफार्मर को सड़क की पटरी से हटाकर सुरक्षित स्थान पर लगाने की मांग की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मेजा के सिरसा में सड़क के पटरी पर रखा ट्रांसफार्मर व लटकते जर्जर तार

विभाग सिर्फ आश्वासन देकर टाल देता है। लोगो ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जनहित को देखते हुए सड़क की पटरी पर रखे ट्रांसफार्मर को तत्काल हटाकर सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाए और उसके चारों ओर सुरक्षा घेरा व चेतावनी बोर्ड लगाया जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके। इस संबंध में एसडीओ रिंकू सेठ ने बताया कि जल्द से जल्द खुले में रहे ट्रासफार्म के चारों तरफ सुरक्षा घेरा बनाकर सुरक्षित किया जाएगा।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

जैसे को तैसा

भारत में आतंकवाद की साजिशें शुरू करने के कई साल बाद तक पाकिस्तान पूरी दुनिया में दुष्प्रचार करता रहा कि छोटा देश होने के नाते भारत उसे हर तरह से दबा रहा है। असलियत से बेखबर कई देश इस पर भरोसा भी करते रहे। लेकिन मुंबई धमाकों की भयावह घटना के बारे में सामने आई हकीकतों को दुनियाभर ने देखा। यहीं से पाकिस्तान का झूठ भी सामने आ गया। उसके बारे में अधिकांश देशों की राय बदलने लगी। इसे पाक हुक्मरानों ने भी अच्छी तरह महसूस किया लेकिन अपनी फौज और खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के दबाव में आतंक को पालने-पोसने व भारत में लगातार अशांति पैदा करने की साजिशें लगातार बढ़ती गईं। आत्मरक्षा व स्वाभिमान के मुद्दों पर कतई न दबते हुए इसका माकूल जवाब दिया जाता रहा और यह क्रम आज भी जारी है। आतंकवाद को जीरो टॉलरेंस को भारत ने अपनी प्रमुख नीति बनाया जिसकी जरूरत को स्वीकार करते हुए दुनिया ने इसका पुरजोर समर्थन किया। भारत बार-बार स्पष्ट करता रहा है कि दोस्ती और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। इसीलिए विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीसी) में स्पष्ट कहा है कि आतंक पर हमारी नीति जारी रहेगी और सीमापार से कोई भी सरकार इसे पाल पोस रही है तो उसे जवाबदेह ठहराना ही होगा। जयशंकर की बात इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि उनके संबोधन से एक दिन पहले पाक पीएम ने कश्मीर राग तो अलापा ही, सिंधु नदी के पानी को मुद्दा बनाकर भारत को अप्रत्यक्ष रूप से युद्ध की चेतावनी तक दे दी। दरअसल भारत के खिलाफ दुष्प्रचार पड़ोसी देश की दयनीय मजबूरी भी है। वहां के बुरी तरह डगमगाते आर्थिक हालात जगजाहिर हैं। बेकाबू महंगाई संभल नहीं रही है तो दूसरी ओर पीओके, बलूचिस्तान और अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों तक में विद्रोह अपने चरम पर है। बलूच और अफगान लड़ाके तो खासे सिरदर्द बन गए हैं। नाकामियों की ओर से अपनी जनता का ध्यान हटाने के लिए उसने फिर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार का हथकंडा अपनाया है। हालांकि हिंद महासागर में अपने हितों को देखते हुए अमेरिका और चीन उसका इस्तेमाल करते हैं लेकिन उन्हें भी मालूम है कि भारत अपने हितों को लेकर समझौता करने वाला नहीं है। इसीलिए इन दोनों के अलावा खाड़ी के देशों ने भी उसके साथ संबंधों को सीमित करना शुरू कर दिया है। आतंक के जहरीले दांत तोड़ने की भारत की व्यूह रचना मजबूती से बढ़ रही है जिसके नए आयाम भी आ सकते हैं।

उचित निर्णय

सड़कें एक प्रमुख सार्वजनिक आवश्यकता हैं जिनका लगातार प्रयोग होता है। इनपर पैदल आवागमन तो होता ही है, छोटे-बड़े वाहन भी इन पर दौड़ते रहते हैं। अब तो रातों में भी ट्रकें-बसें और ऑटो का चलना आम बात है। यानी चौबीसों घंटे के उपयोग से इनकी मजबूती और टिकाऊपन पर असर पड़ता है। बारिश इनकी सबसे बड़ी दुश्मन है। हल्की बरसात में सड़कों की छर्रियां उखड़ जाना, इनमें गड्ढे होना या धंसना जैसी समस्याएं भी खूब आती रहती हैं। इस बार जाते-जाते बरसात ने जो रौद्र रूप दिखाया, उससे लखनऊ के कई हिस्सों में सड़कों की स्थिति खराब हुई, चाहे मुख्य मार्गों की बात हो या गलियों एवं मोहल्लों के रास्तों की। इन बातों को देखते हुए सड़कों के पैच वर्क, नई सड़कों के निर्माण और अन्य मरम्मत कार्यों के लिए नगर निगम ने बजट में 115 करोड़ रुपयों की बढ़ोतरी की है। इससे सड़कों के गड्ढे भरे जाएंगे तथा नालों के रिपेयर एवं पुलिया बनाने पर भी खर्च होगा। रात में सड़क की सुचारु व्यवस्था के सुचारु अंग प्रकाश व्यवस्था को भी बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। इसे सही समय पर उठाया गया सही कदम कहा जा सकता है क्योंकि बरसात खत्म होने के बाद अब दुरुस्तीकरण के काम बिना रुकावट के शुरू किए जा सकते हैं जिन्हें जितनी जल्दी पूरा कर लिया जाए, नागरिकों के लिए उतनी ही सुविधा होगी। उनका यह अधिकार भी है क्योंकि इसके लिए वे बाकायदा करों का भुगतान भी करते हैं। ध्यान रखने की बात यह है कि सड़कों को दुरुस्त करने व बनाने में किसी तरह के गड़बड़झाले को रोकने के लिए पूरी सतर्कता बरती जाए क्योंकि इससे जुड़े कार्य अक्सर गुणवत्ता मानकों से काफी निम्न स्तर के होते हैं जिसका मुख्य कारण घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल होता है। इसीलिए प्रदेश शासन ने सड़कें टूटने पर जेई, एई, एक्सईएन के साथ अधीक्षण अभियंता को जवाबदेह बनाने का आदेश दिया है।

काँव-काँव

♦♦♦

पहले माफिया के सामने नाक रगड़ती थी सरकार : योगी
और अब योगी की पुलिस के आगे घुटने टेकते हैं माफिया!
जयंत को एनडीए के कोटे से राज्यसभा भेजने की तैयारी
धारणा है कि जयंत जिसके कोटे से जाते हैं उसे छोड़ देते हैं!
टाटा समूह में निवेशकों के 1.53 लाख करोड़ रूपए डूबे
मुनाफा देते-देते टाटा ने टाटा कहते हुए घाटा दे दिया!
अब सरकार माई-बाप नहीं नागरिक देवो भव : मोदी
मोदी की नागरिक भक्ति ही दिल जीत कर मोदी भक्त बनाती है!
डामर की कीमत दोगुनी होने से सड़कों का निर्माण अटका
ऐसी महंगाई से ही सड़कों पर गड्ढों में अटका है विकास!
दीपावली से पहले जगमगाएगा शहर
इसमें नया क्या है!

♦♦♦

लोकतंत्र का महापर्व और त्रुटिहीन वोटर लिस्ट

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को शुद्ध, पारदर्शी और सशक्त बनाने की दिशा में हमेशा एक सराहनीय और युगांतकारी कदम रहा है। किसी भी गतिशील लोकतंत्र

- अशोक भाटिया

में मतदाता सूची केवल नामों का संकलन मात्र नहीं होती, बल्कि यह उस देश के नागरिकों के राजनीतिक अधिकारों की बुनियाद होती है। समय-समय पर इस सूची का पुनरीक्षण करना यह सुनिश्चित करता है कि देश का कोई भी वैध नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे और कोई भी अवैध या फर्जी प्रविष्टि लोकतंत्र के पवित्र जनादेश को दूषित न कर सके। निर्वाचन आयोग की इस नियमित और व्यापक कवायद का मुख्य उद्देश्य एक त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार करना है। बदलते समय के साथ जनसंख्या में तीव्र प्रवास , नए युवाओं का अर्हता आयु प्राप्त करना और नागरिकों की मृत्यु जैसे कारक मतदाता सूची में निरंतर बदलाव की मांग करते हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए चुनाव आयोग तकनीकी नवाचारों और धरातलीय सत्यापन के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन करता है। जहां एक ओर बुद्धिजीवियों, नागरिक समाज और आम जनता द्वारा आयोग के इस कदम को भारतीय लोकतंत्र की सेहत के लिए एक आवश्यक बूस्टर डोज माना जाता है, वहीं दूसरी ओर देश के राजनीतिक परिदृश्य में इस प्रक्रिया को लेकर हमेशा से तीखी बहस, आम सहमति और विरोधी दलों का भारी हंगामा भी देखने को मिलता रहा है।भारतीय चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिस पर देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण इस जिम्मेदारी का सबसे पहला और महत्वपूर्ण चरण है। जब आयोग इस अभियान की शुरुआत करता है, तो इसके तहत कई स्तरों पर काम किया जाता है। पहला स्तर नए मतदाताओं को जोड़ने का होता है। देश में हर साल लाखों युवा 18 वर्ष की आयु पूरी करते हैं। आयोग विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सोशल मीडिया और 'वोटर हेल्पलाइन ऐप' जैसे डिजिटल माध्यमों से इन नए मतदाताओं को पंजीकृत करने के लिए विशेष शिविर लगाता है। यह प्रक्रिया युवा ऊर्जा को देश की मुख्यधारा की राजनीति से जोड़ने का काम करती है। दूसरा महत्वपूर्ण स्तर प्रविष्टियों में सुधार और शुद्धिकरण का है। अक्सर पुरानी मतदाता सूचियों में नाम की स्पेलिंग, पते, माता-पिता के नाम या फोटो में त्रुटियां रह जाती हैं, जिसके कारण मतदान के दिन नागरिकों को पोलिंग बूथ से निराश लौटना पड़ता है। पुनरीक्षण प्रक्रिया नागरिकों को इन गलतियों को सुधारने का एक औपचारिक और सुलभ अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा, इस प्रक्रिया का सबसे संवेदनशील हिस्सा होता है–अपात्र मतदाताओं के नामों को हटाना। जो नागरिक किसी क्षेत्र को छोड़कर दूसरे राज्य या शहर में बस गए हैं, या जिन मतदाताओं का निधन हो चुका है, उनके नामों को सूची से काटना अनिवार्य होता है। यदि ऐसा न किया जाए, तो चुनाव के दौरान फर्जी मतदान की आशंका अत्यधिक बढ़ जाती है, जो किसी भी निष्पक्ष चुनाव के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आयोग ने इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर और अधिक पारदर्शी बनाने का प्रयास किया है। राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल और बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर किया जाने वाला भौतिक सत्यापन इस अभियान की रीढ़ है। जब एक साफ-सुथरी और सटीक मतदाता सूची तैयार होती है, तो चुनाव के परिणामों पर किसी को उंगली उठाने का मौका नहीं मिलता। यही कारण है कि देश का जागरूक वर्ग हमेशा निर्वाचन आयोग के इस कदम की सराहना करता है और इसे लोकतांत्रिक शुचिता बनाए रखने के लिए एक अनिवार्य कदम मानता है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण जहां प्रशासनिक रूप से एक सराहनीय और तकनीकी कार्य है, वहीं राजनीतिक रूप से यह एक अत्यधिक संवेदनशील मुद्दा बन जाता है। भारत के चुनावी इतिहास में शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब मतदाता सूची के पुनरीक्षण या उसमें बदलाव की प्रक्रिया बिना किसी राजनीतिक विवाद के संपन्न हुई हो। जब भी चुनाव आयोग इस दिशा में कदम आगे बढ़ाता है, तो देश के विभिन्न हिस्सों में विपक्षी और विरोधी राजनीतिक दलों द्वारा भारी हंगामा, विरोध प्रदर्शन और आयोग की नीयत पर सवाल उठाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। विरोधी दलों के इस हंगामे और विरोध के पीछे कई प्रकार की राजनीतिक आशंकाएं, रणनीतियां और जमीनी चिंताएं होती हैं । उनमें प्रमुख है -विपक्षी दलों का सबसे आम और गंभीर आरोप यह होता है कि सत्तारूढ़ दल के दबाव में प्रशासनिक तंत्र या बीएलओ द्वारा उनके पारंपरिक वोट बैंक या विशिष्ट समुदायों के नामों को मतदाता सूची से सामूहिक रूप से हटा दिया गया है। जब भी किसी विशेष मोहल्ले या बस्ती से बड़ी संख्या में नाम कटते हैं, तो विरोधी दल इसे एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश करार देते हैं और सड़कों से लेकर आयोग के दफ्तरों तक भारी हंगामा करते हैं। विरोधी दलों को अक्सर यह डर सताता होता है कि स्थानीय प्रशासन, जो कि राज्य सरकार के अधीन कार्य करता है, पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान निष्पक्ष नहीं रहता। विपक्ष का आरोप होता है कि सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं के इशारे पर उनके समर्थकों के नाम तो आसानी से जोड़ दिए जाते हैं, लेकिन विपक्ष के समर्थकों को फॉर्म भरने के बावजूद सूची में जगह नहीं मिलती या उनके आवेदनों को तकनीकी कमियां बताकर खारिज कर दिया जाता है।इसके साथ ही सीमावर्ती राज्यों या अत्यधिक प्रवासन वाले क्षेत्रों में विरोधी दल यह हंगामा करते हैं कि बाहरी या अवैध प्रवासियों के नाम मतदाता सूची में थोक के भाव शामिल किए जा रहे हैं। विपक्ष का दावा होता है कि सत्ता पक्ष अपना चुनावी गणित साधने के लिए अवैध बस्तियों के लोगों को रातों-रात वोटर आईडी कार्ड जारी करवा रहा है, जिससे मूल निवासियों के राजनीतिक अधिकार प्रभावित होते हैं।जब चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को ऑनलाइन करने और आधार कार्ड से जोड़ने जैसी प्रक्रियाओं को बढ़ावा दिया, तब भी विपक्षी दलों ने इसे पर भारी आपत्ति जताई। विपक्ष का कहना था कि ग्रामीण इलाकों में आज भी इंटरनेट की पहुंच और डिजिटल साक्षरता की कमी है। ऐसे में डिजिटल माध्यमों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण गरीब, पिछड़े और वंचित वर्ग के लाखों वास्तविक मतदाता सूची से बाहर छूट सकते हैं। यह हंगामा केवल बयानों तक सीमित नहीं रहता। कई बार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग के मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आयोग की स्वायत्तता पर सवाल खड़े करते हैं और मामला देश की शीर्ष अदालतों (सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट) तक भी पहुंच जाता है। चुनावी वर्ष में यह विवाद और अधिक उग्र हो जाता है क्योंकि हर दल को यह डर सताता है कि मतदाता सूची में कुछ प्रतिशत वोटों का इधर-उधर होना उनकी हार-जीत का कारण बन सकता है।राजनीतिक दलों द्वारा किया जाने वाला यह हंगामा और तीखी प्रतिक्रियाएं भारतीय राजनीति की उस गहरी अविश्वास भावना को दर्शाती हैं, जो प्रतिस्पर्धात्मक चुनाव प्रणाली से पैदा होती है। हालांकि, इस हंगामे के दोनों पहलू हैं। एक तरफ जहां यह आयोग के प्रशासनिक कार्य में बाधा उत्पन्न करता है और संस्था की साख को ठेस पहुंचाता है, वहीं दूसरी तरफ यह लोकतंत्र में एक 'चेक एंड बैलेंस' का काम भी करता है। जब विपक्ष सतर्क रहता है और सूची की गड़बड़ियों पर हंगामा करता है, तो चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन भी अधिक सतर्क होकर काम करने के लिए मजबूर होते हैं। चुनाव आयोग इस प्रकार के विवादों से निपटने के लिए एक स्थापित कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया का पालन करता है। आयोग मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों के साथ सर्वदलीय बैठकें आयोजित करता है। आयोग का यह स्पष्ट नियम है कि किसी भी नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटाने से पहले उसे उचित नोटिस दिया जाना चाहिए और उसकी सुनवाई होनी चाहिए। इसके अलावा, पुनरीक्षण के बाद तैयार की गई प्रारंभिक मतदाता सूची को सार्वजनिक किया जाता है ताकि राजनीतिक दल और आम जनता उस पर अपनी आपत्तियां और दावे दर्ज करा सकें। इस पारदर्शी प्रक्रिया के बावजूद होने वाला हंगामा अक्सर प्रशासनिक कमियों से ज्यादा राजनीतिक लाभ उठाने की इच्छा से प्रेरित होता है।

।। यथार्थ गीता ।।

स्वामी अड़गड़ानंद

अथ अष्टादशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

सुनने की उत्कण्ठा नहीं है, जिससे सुनना है उसके प्रति विश्वास नहीं है - ऐसे संशययुक्त व्यक्ति की बुद्धि में अभी उपदेश ग्रहण करने की क्षमता नहीं है। उनमें सत्संग तथा तत्त्वदर्शी महापुरुष की शरण-सेवा-सान्निध्य से पात्रता लानी है, तत्पश्चात् उन्हें उपदेश करना सार्थक होगा। किन्तु अभी कहा किससे जाय? इस पर कहते हैं-

य इमं परमं गुह्यं मद्भक्तेष्वभिधास्यति। पीएफ भक्तिं मयि परां कृत्वा मामेवैष्यत्यसंशयः ।। 68 ।।

जो इस परम गोपनीय गीता ज्ञान को मेरे भक्तों में कहेगा, वह मेरी पराभक्ति को प्राप्त कर मुझे प्राप्त होगा, इसमें कोई संशय नहीं है। अर्थात् वह भक्त मुझे ही प्राप्त होगा, जो सुन लेगा; क्योंकि उपदेश को भली प्रकार सुनकर हृदयंगम कर लेगा, तो उस पर चलेगा तथा पार पा जायेगा। अब उस उपदेशकर्त्ता के लिए कहते हैं-

न च तस्मान्मनुष्येषु कश्चिन्मे प्रियकृत्तमः। भविता न च मे तस्मादन्यः प्रियतरो भुवि ।। 69।।

न तो उससे बढ़कर मेरा अतिशय प्रिय कार्य करनेवाला मनुष्यों में कोई है और न उससे बढ़कर मेरा अत्यन्त प्यारा पृथ्वी में दूसरा कोई होगा। किससे? जो मेरे भक्तों में मेरा उपदेश करेगा, उनको उधर उस पथ पर चलायेगा; क्योंकि कल्याण का यही एक स्रोत है, राजमार्ग है। अब देखें अध्ययन- तन अध्येष्यते च य इमं धर्म्य संवादमावयोः। ज्ञानयज्ञेन तेनाहमिष्टः स्यामिति मे मतिः ।। 70 ।।

जो पुरुष इस धर्ममय हम दोनों के सम्वाद का 'अध्येष्यते'- भली प्रकार मनन करेगा, उसके द्वारा मैं ज्ञानयज्ञ से पूजित होऊँगा अर्थात् ऐसा यज्ञ जिसका परिणाम ज्ञान है, जिसका स्वरूप पीछे बताया गया है, जिसका तात्पर्य है साक्षात्कार के साथ मिलनेवाली जानकारी- ऐसा मेरा निश्चित मत है। क्रमशः...

।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।
द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

तकनीक नहीं, नीयत तय करेगी भविष्य

आजकल जिधर देखिए, उधर AI की चर्चा है। लेखक AI पर लेख लिख रहे हैं, विशेषज्ञ उसके भविष्य को लेकर चिंतित हैं और समाज में

वीरेंद्र पथरिया

यह सवाल उठ रहा है कि कहीं कृत्रिम बुद्धिमत्ता मनुष्य के लिए चुनौती तो नहीं बन जाएगी।

सवाल वाजिब है। लेकिन इसी बहस के बीच एक दूसरा सवाल भी उठना चाहिए, क्या हमने कभी यह गंभीरता से सोचा कि AI से पहले इंसान पर भरोसा कितना बचा है?

जिस समाज में मनुष्य का मनुष्य पर विश्वास धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा हो, वहां केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता से डरना कुछ अधूरा-सा लगता है।

कहीं महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार की घटनाएं होती हैं और उसके विरोध में पूरे पुरुष समाज को संदेह की नजर से देखने वाले नारे सुनाई देते हैं। यहां समस्या किसी एक पूरे वर्ग में नहीं, बल्कि उन व्यक्तियों के आचरण में है जो गलत करते हैं। लेकिन ऐसी घटनाएं यह जरूर बताती हैं कि विश्वास का रिश्ता कितना नाजुक हो गया है।

इसी तरह प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाएं केवल एक परीक्षा को प्रभावित नहीं करतीं, वे उस विद्यार्थी के विश्वास को चोट पहुंचाती हैं जिसने वर्षों मेहनत की। 2026 में NEET-UG परीक्षा से जुड़े कथित पेपर लीक मामले में CBI जांच और गिरफ्तारियां भी हुईं।

लेकिन सवाल कानून से आगे का है, जिस बच्चे ने ईमानदारी से पढ़ाई की, उसके मन में व्यवस्था पर विश्वास कौन लौटाएगा?

फिर स्वास्थ्य का क्षेत्र है। जिस बीमारी से इंसान पहले ही जिंदगी की लड़ाई लड़ रहा है, वहां दवा की कीमत, उपलब्धता और पारदर्शिता से जुड़े सवाल उसके संघर्ष को और कठिन बना देते हैं। भोजन की दुनिया में भी मिलावट की चिंता कोई काल्पनिक विषय नहीं है। जिस वस्तु को हम अपने शरीर का हिस्सा बनाने के लिए खरीदते हैं, उसमें अगर गुणवत्ता को लेकर संदेह पैदा हो जाए तो थाली में भोजन के साथ भरोसा भी कम हो जाता है।

और फिर दुनिया का दृश्य देखिए। मनुष्य ने परमाणु शक्ति विकसित की–ऊर्जा के लिए, विज्ञान के लिए, सुरक्षा के लिए। लेकिन वही शक्ति विनाश का माध्यम भी बन रही है। सितंबर 2026 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने भी परमाणु हथियारों के बढ़ते जोखिम और आधुनिक तकनीकों, जिसमें AI भी शामिल है, से कमांड और निर्णय-प्रक्रियाओं में पैदा हो रही नई अनिश्चितताओं पर चिंता व्यक्त की। तो फिर AI को अकेले कठघरे में क्यों खड़ा किया जाए?

चाकू रसोई में सब्जी काटता है और वही किसी को घायल भी कर सकता है। दोष चाकू की धार का नहीं, उसे पकड़ने वाले हाथ की नीयत का होता है।

परमाणु शक्ति अपने आप युद्ध नहीं करती। हथियार अपने आप किसी पर हमला नहीं करते। पैसा अपने आप भ्रष्टाचार नहीं करता। तकनीक अपने आप छल नहीं करती। निर्णय मनुष्य करता है।

AI भी एक ऐसी ही शक्ति है। वह चिकित्सा अनुसंधान में सहायता कर सकता है, शिक्षा को अधिक सुलभ बना सकता है, किसानों को मौसम और बाजार की जानकारी समझने में मदद कर सकता है, दिव्यांगों के लिए नई सुविधाएं पैदा कर सकता है और कठिन वैज्ञानिक समस्याओं पर काम

करने में मनुष्य की सहायता कर सकता है। उसी तकनीक का दुरुपयोग गलत सूचना, धोखाधड़ी, निगरानी या अन्य हानिकारक उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है।

इसलिए असली प्रश्न शायद यह नहीं है कि "AI पर भरोसा करें या नहीं?' बल्कि असली प्रश्न है कि "AI को निर्देश देने वाले इंसान पर भरोसा कैसे कायम रखा जाए?'

हम तकनीक को नियमों से नियंत्रित कर सकते हैं, उसके लिए कानून बना सकते हैं, पारदर्शिता की व्यवस्था कर सकते हैं और दुरुपयोग पर रोक लगा सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ी सुरक्षा अंततः मनुष्य के भीतर से आएगी– उसकी नैतिकता, संवेदना और जिम्मेदारी से।

हमें AI से डरने से पहले अपने भीतर के उस इंसान को मजबूत करना होगा जो शक्ति मिलने पर उसका उपयोग दूसरों के हित के लिए करे, दूसरों के अहित के लिए नहीं। क्योंकि भविष्य का खतरा केवल मशीन में नहीं है। खतरा तब पैदा होता है, जब इंसान की बुद्धि तो बढ़ जाए, लेकिन उसकी संवेदना छोटी हो जाए। AI कितना बुद्धिमान होगा, यह विज्ञान तय करेगा। लेकिन वह मानवता के लिए कितना उपयोगी होगा, यह मनुष्य की सोच तय करेगी। इसलिए आज AI पर भरोसे की चिंता जरूर कीजिए, लेकिन उससे पहले एक सवाल अपने आप से भी पूछिए 'जिस इंसान ने AI बनाया है, क्या उसने अपने भीतर के इंसान को भी उतना ही विकसित किया है?'

शायद आने वाले समय की सबसे बड़ी परीक्षा AI की बुद्धिमत्ता नहीं, मनुष्य की नीयत और नैतिकता होगी।

प्रेरक प्रसंग

पिता की सीख

एक सेठ थे। उन्होंने अपने जीवन में खूब कमाई की। बाद में मोह-माया से उनका मन हट गया। वह ईश्वर की उपासना करने लगे। एक दिन एक आदमी उनके पास आया। बोलो, देखिये, मेरे पिता और आपके पिता बड़े मित्र थे। आपके पिता ने मेरे पिता की बड़ी मदद की उससे हमारा कारोबार जमा और हमें बहुत से धन की प्राप्ति हुई।

आज भी भगवान की कृपा और आपके आशीर्वाद से हमारा व्यापार बहुत अच्छी तरह से चल रहा है'।

सेठ का उस दिन मौन था। वह चुपचाप उनकी बात सुनते रहे।

अंत में वह भाई बोले, आपके पिता का ऋण तो क्या चुका सकते हैं! लेकिन लीजिये, ये कुछ मोहरे आपकी भेंट हैं।

इतना कहकर उन्होंने मोहरों की एक थैली निकाली और उनके सामने रखकर चले गये।

जब सेठ का मौन समाप्त हुआ तो उन्होंने अपने लड़के को बुलाया और कहा, जाओ, यह थैली उस आदमी को लौटा आओ।

पिता से उस आदमी ने जो कहा था, वह बेटे ने सुना था। वह बोला, आप यह थैली क्यों वापस करवाते हैं ? वह बिना मांगे दे गये हैं। ये मोहरें हमारे काम आ जायेंगी। आखिर हमारे भी तो बाल-बच्चे हैं। पिता यह सुनकर गंभीर हो गये, उन्होंने कहा, जिस चीज से मैंने मुंह मोड़ लिया है, तुम चाहते हो कि मैं उसी चक्कर में पड़ूं और तुम लोगों को डालूं? यह मुझसे नहीं होगा। मैं तो बस इतना चाहता हूं कि मेरे जीवन के बचे दिन भगवद्-भक्ति में बीतें और तुम लोग अपनी मेहनत की कमाई पर आगे बढ़ो। इतना कहते-कहते पिता की आंखों से आंसू टपकने लगे।

बेटे ने फिर कुछ नहीं कहा। वह दौड़ा हुआ गया और थैली लौटा आया।

आपका पत्र मिला

जोखिम भरे पिकनिक स्पॉट्स पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था हो

देशभर में जहाँ भी जोखिम भरे पिकनिक स्पॉट्स हैं वहां स्थानीय प्रशासन को सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था करनी चाहिए ताकि किसी भी अनहोनी से पर्यटकों को सावधान किया जा सके. सामान्यतः जोखिमें पहाड़ी क्षेत्र या समुद्री अथवा जलाशयों/नदियों या बड़े-बड़े खतरनाक झरनों जैसे पिकनिक स्पॉट पर ज्यादा होती है. दूसरी बात यह है कि पर्यटक स्थानीय हों तो वे फिर भी जोखिमों से वाकिफ रहते हैं किन्तु बाहरी पर्यटकों को जोखिमों का अंदाजा नहीं रह पाता और वे मुसीबत में फंस जाते हैं या फिर अनहोनियों के शिकार तक भी हो जाते हैं. हाल ही में पुणे जिले के आलंदी स्थित विनर्स एकेडमी नाम के कोचिंग सेंटर के 11वीं व 12वीं के 42 विद्यार्थी पिकनिक मनाने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के दिवेआगर बिच (समुद्री तल) गए थे. जिनमें 8 छात्र समुद्र के किनारे तैरकर नहाने गए किन्तु अचानक ऊँची आई लहरों और पानी के बढ़ जाने से वे उसके बहाव में बह गए. उन्हें शायद इसका अंदाजा नहीं रहा होगा और वे लहरों में डूब गए. इसमें छात्रों की नासमझी भी रही होगी । किन्तु साथ गए टीचर्स/प्रबंधक को भी देखना चाहिये था साथ ही वहां स्थानीय प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त होनी चाहिए थी. किन्तु तनिक नासमझी/लापरवाही के कारण अनहोनी हो गई और 8 छात्र काल के गाल में समा गए. स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से शवों को खोजा व निकाला गया. अगर स्थानीय प्रशासन के सुरक्षाकर्मी या वहां की जोखिमों से वाकिफ सतर्क करने वाले कर्मी होते तो शायद ये दुखभरी घटना न होती। वैसे पर्यटकों को भी इतना अधिक उत्साहित/बावले नहीं होना चाहिए कि वे खतरों के खिलाड़ी ही बन जाएँ और अपनी कीमती जान को जोखिम में डालने से भी न कतराएं। अतः पर्यटक थोड़ा सावधान रहें ताकि सुरक्षित रूप में खुशहाल रहकर मनमोहक पर्यटन स्थलों का आनंद उठा सकें।

शकुंतला महेश नेनावा
वाया ई-मेल

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

नुसरत भरूचा : बाली में हादसे का शिकार हुई अभिनेत्री

रीढ़ की हड्डी में हुआ फ्रैक्चर

बीते दिन खबर सामने आई थी कि बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा जो काम के सिलसिले में बाली गई थीं, वहां हादसे का शिकार हो गई। अब उनकी टीम ने एक बयान शेयर करते हुए बताया है कि एक्ट्रेस के रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है। हादसे के बाद उन्हें बाली के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में हैं। अब उनकी टीम उन्हें एयर एंबुलेंस से मुंबई लाने की तैयारी कर रही है, जहां उनकी सर्जरी होगी।

क्या बोली नुसरत की टीम?

नुसरत भरुचा की टीम ने कहा कि इस समय उनकी सेहत और उनका इलाज सबसे जरूरी है। उन्हें बाली से मुंबई लाने के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की जा रही है। मुंबई पहुंचने के बाद उनकी सर्जरी होगी। टीम ने यह भी बताया कि चोट और सर्जरी की वजह से अभिनेत्री को आराम करने और ठीक होने में समय लगेगा। इसलिए आने वाले कुछ हफ्तों में उनके काम से जुड़े कार्यक्रम पर भी इसका असर पड़ सकता है। हालांकि, बयान में यह नहीं बताया गया कि हादसा कैसे हुआ और नुसरत को मुंबई कब लाया जाएगा।

उनकी टीम ने लोगों से उनकी निजता का सम्मान करने की अपील की है, ताकि वह अपना इलाज और रिकवरी पर ध्यान दे सकें। टीम ने फैन्स और शुभचिंतकों की चिंता और दुआओं के लिए उनका धन्यवाद भी किया है। बता दें कि हादसे से करीब एक हफ्ते पहले नुसरत ने सोशल मीडिया पर छुट्टियों की कुछ तस्वीरें भी शेयर की थीं।

इस फिल्म में नजर आएंगी एक्ट्रेस

वर्कफ्रंट की बात करें, तो रिपोर्ट्स के मुताबिक, नुसरत अभिनेता टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगी। यह पहली बार होगा, जब दोनों स्टार एक साथ किसी फिल्म का हिस्सा होंगे। फिलहाल, फिल्म में नुसरत के किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, उनका रोल एक पारंपरिक फीमेल को-लीड तक सीमित नहीं होगा, बल्कि कहानी में उसकी अहम भूमिका होगी।

सेट पर घंटों बजा ट्रैक, ऐसे हुई 'कजरा रे 2.0' की शूटिंग

साल 2005 में अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन ने फिल्म 'बंटी और बबली' में एक-साथ काम किया। ऐश्वर्या राय के साथ मिलकर उन्होंने फिल्म के मशहूर गाने कजरा रे में धूम मचा दी। इसके ठीक दो साल बाद ऐश्वर्या ने अभिषेक से शादी कर ली और बच्चन परिवार का हिस्सा बन गईं। दो दशक से ज्यादा समय बीतने के बाद भी यह गाना लोगों के बीच बहुत मशहूर है। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभिषेक ने इसकी शूटिंग के दिनों को याद किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या तीनों के साथ 'कजरा रे 2.0' बन सकता है, तो इस पर उन्होंने क्या कहा, आइए जानते हैं। अभिषेक ने कजरा रे के बनने के दिनों को याद करते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने किसी और गाने की शूटिंग में कजरा रे जितनी मजेदार शूटिंग की होगी। यह एक बड़ी और खुशमिजाज पार्टी जैसा था। हमने इसका बहुत मजा लिया। मुझे आज भी याद है कि हम शूटिंग कर रहे थे और उस दिन मेरा जन्मदिन था। सबने इसे सेलिब्रेट किया।

बिग बॉस 20 : सलमान खान के शो में आया ट्विस्ट

क्या मिड-वीक एविक्शन में रीति तिवारी हुई घर से बेघर!

रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है। शो में दर्शकों को हर दिन नए-नए ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल रहे हैं। अब हाल ही में शो के अंदर एक और बड़ा बदलाव देखने को मिला। दरअसल, मेकर्स ने हाल ही में मिड-वीक एविक्शन का ऐलान किया। इसके चलते एक कंटेस्टेंट को रियलिटी शो से बाहर होना पड़ा।

कौन हुआ 'बिग बॉस 20' से बाहर?

मनोज तिवारी की बेटी रीति तिवारी को मिड-वीक एविक्शन में शो से बाहर होना पड़ा। यह फैसला उस समय आया, जब हाल ही में सलमान खान ने एक टास्क के दौरान रीति के व्यवहार की आलोचना की थी और शो में उनके योगदान पर सवाल उठाए थे। लेटेस्ट एपिसोड में तीन कंटेस्टेंट्स माही विज, यंग और उदिति सिंह को कैप्टेंसी टास्क के लिए चुना गया। इसके बाद उन्हें कन्फेशन रूम में बुलाया गया और पूछा गया कि नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स में से किसने गेम में सबसे कम योगदान दिया है। माही ने मैरी कॉम का नाम लिया। जबकि यंग ने अमन गांधी को चुना। वहीं उदिति ने रीति तिवारी का नाम लिया। इसके बाद बाकी दोनों कंटेस्टेंट्स भी उदिति की बात से सहमत हो गए। अपने फैसले की वजह बताते हुए उदिति ने कहा कि उन्हें रीति की पर्सनैलिटी समझना मुश्किल लगता है।

काजी और रीति में हुआ था झगड़ा-

पिछले हफ्ते एक डिस बैटल टास्क के दौरान रीति ने कहा था कि वह काजी से नफरत करती हैं और उनके खिलाफ गालियों का इस्तेमाल भी किया था। उन्होंने काजी पर टास्क के दौरान आरोप भी लगाया था। वहीं, सलमान खान ने वीकेंड का वॉर एपिसोड में रीति के व्यवहार की आलोचना की थी।

यूजर्स ने दिया कैसा रिएक्शन-

रीति के मिड-वीक एविक्शन के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कुछ दर्शकों का मानना था कि रीति ने शो में ज्यादा योगदान नहीं दिया, जबकि कुछ लोगों ने उनके एविक्शन पर सवाल उठाए। एक दर्शक ने लिखा कि रीति भले ही शो में ज्यादा बड़ा रोल नहीं निभा रही थीं, लेकिन वह धीरे-धीरे बेहतर कर रही थीं। हालांकि, दर्शक ने यह भी कहा कि कंटेस्टेंट्स को आखिरकार गेम में योगदान देना ही पड़ता है।

नानी की फिल्म द पैराडाइज़ ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल

वर्ल्डवाइड 150 करोड़ का आंकड़ा किया पार

अभिनेता नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' ने सिनेमाघरों में शुरुआती चार दिनों में शानदार कारोबार करने का दावा किया है। निर्माताओं के अनुसार, श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने शुरुआती सप्ताहांत में दुनियाभर में 155 करोड़ रुपये का सकल कारोबार किया है। आलोचकों की मिली-जुली से लेकर नकारात्मक प्रतिक्रियाओं के बावजूद फिल्म ने सिनेमाघरों में मजबूत पकड़ बनाए रखी है। फिल्म को नानी की लोकप्रियता के साथ गणेश विसर्जन के अवसर पर मिली लंबी छुट्टियों का भी लाभ मिला है। निर्माताओं की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, चार दिनों में तेलंगाना से 70 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश से 32 करोड़ रुपये, देश के अन्य हिस्सों से 22 करोड़ रुपये और विदेशों से 31 करोड़ रुपये की कमाई हुई। इस तरह फिल्म का कुल वैश्विक सकल कारोबार 155 करोड़ रुपये बताया गया है। विदेशी बाजार में भी द पैराडाइज' ने अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म ने उत्तरी अमेरिका में दो मिलियन डॉलर से अधिक का कारोबार कर लिया है। इसे नानी के करियर की एक और उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। अब फिल्म के सामने सबसे बड़ी चुनौती छुट्टियां समाप्त होने के बाद सिनेमाघरों में अपनी पकड़ बनाए रखना है। सप्ताह के कामकाजी दिनों में दर्शकों की संख्या और कमाई का स्तर यह तय करेगा कि फिल्म आने वाले दिनों में कितनी मजबूती से कारोबार जारी रख पाती है। द पैराडाइज' में नानी ने जडल' नामक किरदार निभाया है। फिल्म वर्ष 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित एक कार्रवाई प्रधान सामाजिक-परिवारिक कहानी है। इसमें हाशिए पर रहने वाले एक समुदाय के संघर्षों को केंद्र में रखा गया है।

बिना शादी मां बनना चाहती है क्रिस्टल डिसूजा?

एग्स फ्रीजिंग कराने की इच्छा जताई

टेलीविजन जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री और रियलिटी शो स्टार क्रिस्टल डिसूजा ने भविष्य में मां बनने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर की है। 36 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा है कि वह अपने अंडाणुओं को सुरक्षित रखने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। हालांकि, उन्होंने अभी तक शादी नहीं की है और यह स्पष्ट किया कि उनकी पहली इच्छा स्वाभाविक रूप से मां बनने की है। यदि ऐसा संभव नहीं हो पाता है तो अंडाणु सुरक्षित रखना भविष्य के लिए एक विकल्प हो सकता है। क्रिस्टल ने मातृत्व को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यदि कोई महिला भविष्य में अपने बच्चे चाहती है या किसी कारण से मातृत्व में देरी करना चाहती है तो अंडाणु सुरक्षित रखना एक विकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा कि वह खुद भी इस प्रक्रिया के बारे में सोच रही हैं। अभिनेत्री ने यह नहीं कहा कि वह बिना शादी के मां बनने की योजना बना रही हैं। उन्होंने केवल भविष्य में मां बनने की अपनी इच्छा और इसके लिए उपलब्ध विकल्पों के बारे में बात की। उनका कहना है कि वह चाहती हैं कि उनके बच्चे स्वाभाविक रूप से हों, लेकिन परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहने पर अंडाणु सुरक्षित रखने का विकल्प मौजूद रहेगा। क्रिस्टल ने बच्चों को गोद लेने के विकल्प पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपने जैविक बच्चे नहीं चाहिए तो गोद लेना भी परिवार बनाने का अच्छा माध्यम है। दुनिया में ऐसे कई बच्चे हैं जिन्हें परिवार और बेहतर जीवन देने के लिए गोद लिया जा सकता है। अंडाणु सुरक्षित रखने के बढ़ते चलन पर उन्होंने कहा कि आजकल महिलाएं अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस विकल्प पर विचार कर रही हैं। उनके अनुसार, यदि कोई महिला आगे चलकर अपने बच्चे चाहती है, लेकिन फिलहाल इसके लिए तैयार नहीं है, तो अंडाणुओं को सुरक्षित रखना एक विकल्प हो सकता है। क्रिस्टल ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह एक दिन खुद के बच्चे चाहती हैं और उम्मीद करती हैं कि वह स्वाभाविक रूप से मां बनेंगी। हालांकि, यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो अंडाणु सुरक्षित रखने की तकनीक उनके लिए एक विकल्प रहेगी। टेलीविजन जगत में इससे पहले भी कई चर्चित अभिनेत्रियों और हस्तियों द्वारा अंडाणु सुरक्षित रखने के बारे में सार्वजनिक रूप से बात की जा चुकी है। बढ़ती उम्र के साथ मातृत्व की योजना बनाने वाली महिलाओं के बीच यह प्रक्रिया चर्चा का विषय बनी हुई है।

इंडिया के टॉप 1% - शादी मेरी ज़िंदगी का सबसे बेहतरीन फैसला था शादी या सिंगल रहने की चर्चा पर अनिल कपूर ने कही दिल की बात

क्या एक रिश्ते को उम्र भर निभाने के लिए शादी ज़रूरी है? और अगर कोई सिंगल रहकर खुश है, तो क्या उसे शादी करनी ही चाहिए? 'इंडिया के टॉप 1% ङ्क द अनिल कपूर शो' के आगामी एपिसोड में प्यार, रिश्तों और शादी को लेकर ऐसी ही दिलचस्प बातचीत देखने को मिलेगी। पहेलियों के बीच जब प्रतिभागी अपनी ज़िंदगी के किस्से साझा करते हैं, तो अनिल कपूर भी इस चर्चा में शामिल हो जाते हैं। पुणे के सुमीत मेलवानी बताते हैं कि वह पिछले 35 साल से एक मज़बूत रिश्ते में हैं, लेकिन उन्होंने और उनकी पार्टनर ने कभी शादी नहीं की। उन्हें अपने रिश्ते को कोई नाम देने की ज़रूरत भी महसूस नहीं होती। वहीं, बड़ौदा के रोचक सक्सेना सिंगल रहकर खुश हैं। उन्हें अपनी आज़ादी और खुद के लिए मिलने वाला समय पसंद है। उनका कहना है कि वह सिर्फ परिवार की इच्छा पूरी करने के लिए शादी नहीं करना चाहते। शादी को लेकर अनिल का अपना नज़रिया है। सुनीता के साथ अपने सफर को याद करते हुए वह कहते हैं, ÷मैं यह नहीं बोल सकता कि मैंने गलती की है, या यह मेरी ज़िंदगी का सबसे अच्छा फैसला था। पर मुझे लगता है कि शादी करना मेरी ज़िंदगी का सबसे बेहतरीन फैसला था। इसी बीच, गुजरात के शुभम बालांडे अपनी एक खास ख्वाहिश साझा करते हैं। वह कहते हैं कि अगर वह एक करोड़ रुपये जीतते हैं, तो अपनी पत्नी से दोबारा धूमधाम से शादी करना चाहेंगे और उन्हें दूसरे हनीमून पर ले जाएंगे। उनकी यह बात अनिल का ध्यान खींच लेती है। वह याद करते हैं कि शादी के बाद सुनीता अकेले ही हनीमून पर गई थीं, क्योंकि वह शूटिंग में व्यस्त थे। शुभम की बात सुनकर अनिल कहते हैं, ÷आपने मुझे आइडिया दिया कि हनीमून दोबारा प्लान किया जा सकता है। स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर बताया बिना शादी के 35 साल से रिश्ता निभा रहे सुमीत से लेकर अपनी पत्नी से दोबारा शादी करने की ख्वाहिश रखने वाले शुभम तक, हर किसी की कहानी इस बातचीत को खास बनाती है। और शायद इसी चर्चा ने अनिल को भी सुनीता के साथ दूसरे हनीमून की योजना बनाने का ख्याल दे दिया है!

रणबीर कपूर की रामायण की बदली रिलीज डेट

रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण- पार्ट 1' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता लगातार बढ़ रही है। फिल्म के पोस्टर के बाद इसका टीजर और ट्रेलर भी जारी किया जा चुका है। फिल्म दिवाली के अवसर पर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इसी बीच फिल्म की रिलीज तारीख में बदलाव की खबर सामने आई है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी तक नई तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। अब तक सामने आई जानकारी के अनुसार, रामायण- पार्ट 1' को 6 नवंबर को रिलीज किया जाना था। हालांकि, सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि निर्माता अब फिल्म को एक दिन पहले यानी 5 नवंबर को सिनेमाघरों में उतारने की तैयारी कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने 5 नवंबर की तारीख तय कर ली है और फिल्म को दुनियाभर में एक ही दिन प्रदर्शित करने की योजना बनाई जा रही है। नई रिलीज तारीख को लेकर संबंधित पक्षों की मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है। अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद निर्माता आधिकारिक तौर पर तारीख की घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख में बदलाव को लेकर निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। फिल्म की रिलीज तारीख नजदीक आने के साथ ही इसके प्रचार अभियान को भी तेज कर दिया गया है।

हाल ही में फिल्म के पोस्टर का भव्य स्तर पर अनावरण किया गया। पहले पोस्टर में राम, सीता और लक्ष्मण के किरदारों की झलक दिखाई गई, जबकि दूसरे पोस्टर में रावण के रूप में यश का लुक सामने आया।

'मिर्जापुर द मूवी' ने रचा नया रिकॉर्ड, दुनियाभर में 330 करोड़ के पार कमाई

पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा अभिनीत अपराध रोमांचक फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर मजबूत प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और 24 दिनों में इसकी दुनियाभर में कमाई 330 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। इसके साथ ही फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। मिर्जापुर द मूवी' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 24 दिन हो चुके हैं। इसके बावजूद फिल्म की कमाई जारी है। सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 25.75 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि पहले सप्ताह का कारोबार 148.45 करोड़ रुपये रहा। दूसरे सप्ताह में फिल्म ने 55 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे सप्ताह में फिल्म की कमाई में गिरावट आई और इसने 19.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके बाद 22वें दिन फिल्म ने एक करोड़ रुपये, 23वें दिन 1.55 करोड़ रुपये और 24वें दिन 1.70 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का भारत में शुद्ध कारोबार 227.05 करोड़ रुपये हो गया। सैकनिल्क के मुताबिक, मिर्जापुर द मूवी' ने भारत में सकल रूप से 270.22 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वहीं विदेशों में फिल्म की कमाई 60.50 करोड़ रुपये रही।

-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

दैनिक पंचांग लखनऊ

शनिवार, 3 अक्टूबर 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ अश्विन मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, सप्तमी तिथौ शनि वासरे 08/01/ आर्द्रा नक्षत्रे 25/30/वरियान योग 15/22/ बव करणे 08/01/ मिथुन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- श्री महालक्ष्मी व्रत। अष्टमी श्राद्ध। जीवित्पुत्रिका व्रत। कालाष्टमी। अशोकाष्टमी। 08 तिथि क्षय।

मेष : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों का दिन राहत भरा रहेगा और वे नया शेड्यूल बनाने का विचार कर सकते हैं।

तुला : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरी बनाकर रहेगा।

वृष : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार सभी काम पूरे होने से आपका मन काम में लगा रहेगा।

वृश्चिक : अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर जाएं; आपका काम सफल होगा।

मिथुन : आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नए अवसर मिलेंगे।

धनु : आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे; साथ ही जीवनसाथी के साथ लंबी बातचीत हो सकती है, जिससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे।

कर्क : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका पूरा ध्यान काम को पूरा करने में लगा रहेगा। किस्मत का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी आ सकती है।

मकर : एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है; साथ ही किसी अच्छे रेस्तरां में भी जा सकते हैं।

सिंह : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान निकल सकता है, जिससे मन में प्रसन्नता रहेगी।

कुंभ : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आप किसी बात को लेकर थोड़ी उलझन में रह सकते हैं। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी जाने का प्लान बन सकता है।

कन्या : आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। आज माता-पिता से किसी काम के लिए ली गई सलाह कारगर साबित होगी।

मीन : आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे विचार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेंगे।

द वन का ओपनिंग वीकेंड पर गदर, हैवान से पेद्दी तक साल की 26 फिल्मों की लाइफटाइम कमाई को दी मात

सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया अभिनीत लोक-कथा आधारित रोमांचक फिल्म द वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर रही है। अच्छी शुरुआत के बाद फिल्म की कमाई में दूसरे दिन बढ़ोतरी देखने को मिली और रविवार को तीसरे दिन इसके कारोबार में और बड़ा उछाल आया। शुरुआती सप्ताहांत में फिल्म ने कुल 33.25 करोड़ रुपये का शुद्ध कारोबार कर लिया है। पंचायत' के लिए मशहूर निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा के निर्देशन में बनी यह फिल्म पौराणिक लोककथाओं, काल्पनिक दुनिया, रोमांच, रहस्य और अलौकिक शक्तियों को एक साथ पेश करती है। फिल्म में बिहार की लोककथाओं और सांस्कृतिक परिवेश की झलक के साथ आस्था के महापर्व छठ को भी प्रमुखता से दिखाया गया है। यही वजह है कि बिहार के साथ दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी फिल्म को लेकर दर्शकों में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म के कारोबार की बात करें तो द वन' ने पहले दिन शुक्रवार को 8 करोड़ रुपये की कमाई के साथ शुरुआत की थी। इसके बाद शनिवार को फिल्म के कारोबार में अच्छी बढ़ोतरी हुई और इसने 11.25 करोड़ रुपये कमाए। वहीं, सैकनिल्क की शुरुआती रुझान रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने तीसरे दिन यानी रविवार को करीब 14 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके साथ ही तीन दिनों में फिल्म की कुल शुद्ध कमाई 33.25 करोड़ रुपये हो गई है। द वन' ने शुरुआती सप्ताहांत में ही कई फिल्मों के पूरे सिनेमाघर कारोबार को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, 33.25 करोड़ रुपये के तीन दिवसीय कारोबार के साथ फिल्म ने 2026 में प्रदर्शित हैवान' और पेद्दी' के हिंदी संस्करण समेत करीब 26 फिल्मों के जीवनकाल के कारोबार को मात दे दी है। फिल्म की कमाई में लगातार हो रही बढ़ोतरी को इसके प्रति दर्शकों की बढ़ती दिलचस्पी से जोड़कर देखा जा रहा है। शुक्रवार को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया और शनिवार के बाद रविवार को कारोबार में आई तेजी ने फिल्म के निर्माताओं के लिए उम्मीदें बढ़ा दी हैं। द वन' की कहानी एक समझदार और शहर में पले-बढ़े व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। उसका जीवन उस समय पूरी तरह बदल जाता है, जब वह अपने पुश्तैनी गांव से जुड़े एक प्रतिबंधित जंगल में पहुंचता है। वहां एक प्राचीन दैवीय शक्ति को छेड़ने के बाद उसका सामना ऐसी अलौकिक शक्तियों से होता है, जिन्हें सामान्य तर्क से समझ पाना मुश्किल है। इसके बाद वह अपने लोगों को एक बड़े खतरे से बचाने की जिम्मेदारी उठाता है।

गांधी-शास्त्री जयंती पर पॉक्सो जागरूकता अभियान का समापन

स्वतंत्र भारत, मऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ संजय कुमार यादव के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से 25 सितंबर 2026 से विद्यालयों में संचालित पॉक्सो जागरूकता अभियान का शुक्रवार को गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर समापन हुआ।अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न बोर्डों के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों तथा बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी जानकारी दी गई। विशेष रूप से यह समझाया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे द्वारा अंतरंग संबंध के लिए दी गई सहमति को पॉक्सो कानून के तहत वैध सहमति नहीं माना जाता है।दीवानी न्यायालय, मऊ में आयोजित गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती समारोह के दौरान जनपद न्यायाधीश संजय कुमार यादव ने विद्यालयी छात्र-छात्राओं की प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी के माध्यम से बच्चों ने पॉक्सो अधिनियम एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पॉक्सो विषय पर भाषण भी प्रस्तुत किए।अभियान के तहत आयोजित कला प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों को जिला न्यायालय परिसर में प्रदर्शित किया गया। अभियान को सफल बनाने में योगदान देने वाले शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों के प्रयासों की भी जनपद न्यायाधीश ने सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, योगदान और त्याग को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने पॉक्सो जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को उनके अधिकारों और कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि पॉक्सो जागरूकता अभियान का औपचारिक समापन आज हुआ है, लेकिन बच्चों एवं समाज में पॉक्सो अधिनियम तथा सहमति की कानूनी अवधारणा के संबंध में जागरूकता का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के लिए सुरक्षित एवं विश्वासपूर्ण वातावरण तैयार करें, ताकि किसी गंभीर घटना अथवा पॉक्सो अधिनियम से संबंधित अपराध की स्थिति में बच्चे बिना भय और संकोच के अपनी बात कह सकें। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय मऊ निरंजन चंद्र पांडेय, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम बाकर शमीम रिज़वी, अपर जनपद न्यायाधीश अनिल वर्मा, अपर जनपद न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय प्रदीप राम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नशेहा वसीम, सिविल जज रजत यादव, प्रीति यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण यादव, अपर सिविल जज ममता यादव, सिविल जज (महिला अपराध) काजल श्रीवास्तव तथा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमसुल हसन एवं महामंत्री लक्ष्मीकांत यादव सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, पुलिस अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं न्यायालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

लंबित मांगों को लेकर न्यायालय कर्मचारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र भारत विस मऊ। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ मऊ के तत्वावधान में कर्मचारी हितों से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को गांधी जयंती के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। कर्मचारी संघ द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत न्यायालय परिसर से तिरंगा यात्रा निकालकर शासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित किया गया।संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि न्यायालय कर्मचारियों की कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इनमें लिपिकीय संवर्ग की भर्ती के लिए शैक्षिक योग्यता स्नातक किए जाने, प्रारंभिक वेतनमान 2800 ग्रेड पे के स्थान पर लेवल-5 किए जाने तथा 4600 ग्रेड पे वाले लिपिकीय कर्मचारियों को राजपत्रित प्रतिष्ठा प्रदान किए जाने की मांग प्रमुख है। इस तिरंगा यात्रा में आफताब नोमानी, चंद्र प्रकाश, मीडिया प्रभारी आनंद चौबे,अरविन्द चौहान, रितेश सिंह, आकाश कुमार,मनोज सिंह,नीरज कुमार,पवन शर्मा,सोनू कुमार आदि शामिल रहे।

अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत सैदपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सैदपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अंतर्राज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 204 बोतल (750 एमएल), 264 बोतल (375 एमएल) कुल 252 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, एक चार पहिया वाहन तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 01/02 अक्टूबर 2026 की रात्रि को प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रताप नारायण यादव एवं उपनिरीक्षक शिवमणि सेन मय हमराह क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम परमानन्दपुर स्थित काली माता मंदिर के पास कुछ लोग शराब के ठेके से शराब लाकर कार में लाद रहे हैं, जिसे तस्करी के लिए बिहार ले जाया जाना है। सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वाट टीम प्रभारी एवं उनकी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखकर शराब लाद रहे दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जबकि एक व्यक्ति को कार में शराब लादते हुए मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रमन सिंह पुत्र संतोष सिंह, निवासी ग्राम पहाड़पुर, थाना गड़वार, जनपद बलिया, उम्र करीब 19 वर्ष के रूप में हुई।

मुख्य आरक्षी दीपचंद चौहान को मिला उत्कृष्ट सेवा पदक

स्वतंत्र भारत मड़ियाहूं जौनपुर। पुलिस विभाग में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और बेहतर कार्यशैली के लिए पहचान बनाने वाले मुख्य आरक्षी दीपचंद चौहान को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वर्तमान में थाना लाइन बाजार, जौनपुर में तैनात दीपचंद चौहान को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं कर्तव्यों के निष्ठापूर्वक निर्वहन के लिए पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा इस सम्मान के लिए नामित किया गया था। दो अक्टूबर के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक अपराध विजय शंकर यादव ने उनकी वर्दी पर उत्कृष्ट सेवा पदक लगाकर सम्मानित किया। सम्मान मिलने के बाद पुलिस विभाग के अधिकारियों और सहकर्मियों ने उन्हें बधाई दी। यह सम्मान पुलिस सेवा में उनकी मेहनत, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रमाण है। मुख्य आरक्षी दीपचंद चौहान मड़ियाहूं कोतवाली में भी तैनात रह चुके हैं। उनकी तैनाती के दौरान अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका की चर्चा क्षेत्र में रही।

खबर एक नज़र

घरेलू विवाद में पति पर मारपीट का आरोप

स्वतंत्र भारत मधुबन। रामपुर थाना क्षेत्र के मर्यादपुर गांव में घरेलू विवाद को लेकर महिला ने पति पर मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया। शिकायत पर पुलिस ने बब्लू उर्फ शहबाज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दहेज उत्पीड़न में पांच के खिलाफ मुकदमा

स्वतंत्र भारत मधुबन। थाना मधुबन क्षेत्र में महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया। शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ बीएनएस व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फतेहपुर मंडाव ब्लॉक में श्रद्धा से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

स्वतंत्र भारत मधुबन। फतेहपुर मंडाव ब्लॉक परिसर में गांधी-शास्त्री जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। बीडीओ अनिल मौर्य ने ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनके आदर्शों पर चलने और कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की शपथ ली।

25 साल सेना में सेवा के बाद गांव पहुंचे हवलदार योगेंद्र मोहन

स्वतंत्र भारत मऊ। सेना में करीब 25 वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हवलदार योगेंद्र मोहन के गांव सबरहद विरैचा पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। भारत माता की जय के नारों के बीच लोगों ने उनके योगदान को सराहा। योगेंद्र मोहन ने सेना के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जवान के लिए देश और कर्तव्य सर्वोपरि होता है। उनकी सेवानिवृत्ति पर परिजनों व ग्रामीणों ने शुभकामनाएं दीं।

मोबाइल हैक होने का झांसा देकर 2.33 लाख की ठगी

स्वतंत्र भारत मऊ। मोबाइल हैक होने का झांसा देकर घोसी क्षेत्र के बड़राव निवासी गिरीश चंद्र राय से 2.33 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई। शिकायत पर साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई कर रकम को होल्ड कराया और 2.04 लाख रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिए। पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत करने की अपील की है।

गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा स्वच्छता और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश

स्वतंत्र भारत मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना तहसील, कोतवाली और नगर पंचायत समेत विभिन्न कार्यालयों में गांधी-शास्त्री जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अधिकारियों ने ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया।

गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता व कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प

स्वतंत्रभारत मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। पुलिसकर्मियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। नगर पंचायत में अध्यक्ष सावित्री गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। ईओ वैभव सिंह ने स्वच्छता को हर नागरिक की जिम्मेदारी बताया। तहसील, कोतवाली और नगर पंचायत में अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वच्छता, कर्तव्यनिष्ठा व राष्ट्रसेवा की शपथ दिलाई गई।
शपथ में एकता-अखंडता जोड़ें

खुरहट में किसानों को सरकारी दर पर डीएपी-यूरिया उपलब्ध

स्वतंत्र भारत मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के खुरहट में किसानों को सरकारी दर पर डीएपी व यूरिया उपलब्ध कराई गई। पीपीएल कंपनी के एरिया मैनेजर अमित कुमार सिंह व गौरव चौरसिया ने किसानों को उर्वरक की उपलब्धता और उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान क्षेत्र के किसान व वितरक मौजूद रहे।

तमसा नदी में नहाते समय 12 वर्षीय बालक डूबा, तलाश जारी

स्वतंत्र भारत मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना वलीदपुर के भीरा पश्चिम निवासी 12 वर्षीय रेहान शुक्रवार को बच्चों के साथ तमसा नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर परिजन, ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से बालक की तलाश जारी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका पता नहीं चल सका था। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

मंत्री एके शर्मा ने डॉ. रामविलास भारती के निधन पर जताया शोक

स्वतंत्र भारत मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने माछिल जमीन माछिल गांव पहुंचकर राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. रामविलास भारती के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने डॉ. भारती की पुस्तकों व पुस्तकालय का अवलोकन कर उनके साहित्यिक कार्यों को संरक्षित करने में सहयोग का आश्वासन दिया। मंत्री ने गांव के प्रवेश पर उनकी स्मृति में स्मारक बनवाने में मदद का भरोसा भी दिलाया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली का नाम डॉ. रामविलास भारती के नाम पर रखने की मांग

स्वतंत्र भारत मऊ। शिक्षकों ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को ज्ञापन सौंपकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली का नाम स्व. डॉ. रामविलास भारती के नाम पर रखने और परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की। शिक्षकों ने कहा कि डॉ. भारती ने शिक्षा व समाज के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। मंत्री ने मांगों पर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रोहित कुमार यादव समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान में गांधी-शास्त्री के आदर्शों को अपनाने का संदेश

स्वतंत्र भारत जौनपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक जनपद में विभिन्न जनकल्याणकारी, जागरूकता एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रेक्षागृह में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव, एमएलसी बृजेश सिंह 'प्रिंशु', भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति एवं डॉ. अजय सिंह ने किया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सेवा के माध्यम से समाज को नई दिशा दी, जबकि शास्त्री जी ने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरित की गईं। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने गांधी एवं शास्त्री के जीवन और आदर्शों पर आधारित चित्रकला एवं रंगोली प्रस्तुत की, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने विभिन्न स्टॉल लगाए, जहां उनके द्वारा तैयार उत्पादों एवं संचालित गतिविधियों की जानकारी अतिथियों ने ली। महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित किया गया।

महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया नमन

स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर)। भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर शुक्रवार की सुबह स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित नगरवासियों ने स्टेशन बाजार के गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और देश की आजादी में उनके प्रमुख योगदान को स्मरण किया साथ ही। इस दौरान मौजूद लोगों ने महात्मा गांधी अमर रहे, भारत माता की जय, लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे आदि प्रकार के नारे लगाए और लोगों को मिष्ठान वितरित किया। नगर कांग्रेस कमेटी के मंडल प्रभारी पूर्णवासी वर्मा उर्फ मक्खन वर्मा ने कहा कि 2 अक्टूबर वर्ष 1869 को गुजरात के पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी जी ने सत्य व अहिंसा का मार्ग अपनाते हुए जिस प्रकार से देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराया, वह आज के आधुनिक युग में भी प्रासंगिक है। गांधी जी के आदर्श आज भी भारतवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं सेवानिवृत्त अध्यापक भगवान प्रसाद गुप्ता ने देश की आजादी में गांधी जी के योगदानों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने स्वदेशी आंदोलन, नमक आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, सत्याग्रह, सविनय अवज्ञा आंदोलन जैसे प्रमुख आंदोलन चलाकर ब्रिटिश हुकूमत को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया और अपने आंदोलनों से देश को आजाद कराया, जो युगों युगों तक याद किया जाएगा। उ

सेंट मेरिज स्कूल के विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र भारत जमानिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026 को सेंट मेरिज स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए जमानियां तहसील परिसर में श्रमदान किया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए परिसर की साफ-सफाई में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर मिनी फिलिप, उप प्रधानाचार्या सिस्टर अनु, श्री जाय तथा विद्यालय के शिक्षकगण मंजय सिंह, अरविंद यादव, बृजेंद्र उपाध्याय, श्रीमती डिंपी सिंह एवं सुनील ने भी अभियान में सहभागिता की और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अभियान के दौरान उपजिलाधिकारी जमानियां निधि कुमारी एवं तहसील के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया । विद्यालय परिवार ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वच्छता, श्रमदान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है।

स्व. राजेश राय की 21वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र भारत मोहम्दाबाद (गाजीपुर) जयदेश। ग्राम हरिहरपुर में स्वर्गीय राजेश राय की 21वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय राजेश राय के सामाजिक सरोकारों, जनसेवा एवं क्षेत्र के विकास के लिए किए गए प्रयासों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घोसी के पूर्व सांसद अतुल राय रहे। इस अवसर पर सामाजिक सेवा के तहत 500 महिलाओं को साड़ी का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि अतुल राय, जितेंद्र राय, शशिकांत राय उर्फ गोल्डी राय तथा स्वर्गीय राजेश राय के सुपुत्र प्रभाकर राय ने अपने कर-कमलों से महिलाओं को साड़ियां वितरित कीं। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अतुल राय ने कहा कि आज भले ही स्वर्गीय राजेश राय हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कार्य और कृतित्व आज भी जीवंत हैं। उनकी स्मृतियों को याद करते हुए उनके अधूरे सपनों को साकार करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजेश राय के जीवन का प्रमुख उद्देश्य गांव के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का विकास करना था और समाज के प्रति उनके इसी समर्पण को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान लोकगीत गायक रमन कुमार ने निर्गुण की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति ने श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और वातावरण में करुणा एवं संवेदना का भाव उत्पन्न हो गया। उपस्थित श्रोताओं ने शांत भाव से निर्गुण का श्रवण किया। श्रद्धांजलि सभा में हरिहरपुर, बलुआ, बखारीपुर सहित आसपास के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी का स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हरेश्वर राम ने किया। ग्राम प्रधान राम नारायण सिंह यादव उर्फ बड़े लाल यादव ने सभी आगंतुकों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच

कार्यालय का पता निकट इन्दिरा उद्यान, कपूरथला, बहराइच

पत्रांक : 598/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा(10)/2026–27 दिनांक : 24.09.2026

ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

1. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच द्वारा .महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के श्रेणी ए, बी, सी, डी एवं ई में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई–टेन्डरिंग के माध्यम से, जिनकी निर्माण लागत निर्माण कार्य के सम्मुख अंकित है, लागत सीमा के अनुरूप विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं से प्रतिशत दर के आधार पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।
2. कार्य का विवरण :– संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना

क्रम सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख रू0 में (GST छोड़कर)	बिड सिक्योरिटी लाख रू0 में	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1.	बहराइच	ग्रामसभा अंगनापारा मुख्य मार्ग मन्दिर से राम निवास दीक्षित के खेत तक 320 मी0 लम्बाई में इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–फखरपुर	14.91	0.299	788.00	06 माह
2.	बहराइच	ग्राम गुलरिया गाजीपुर नहर पुलिया से जय प्रकाश त्रिपाठी शास्त्री के फैक्ट्री होते हुए शमशान तक 250 मी0 लम्बाई में इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–कैसरगंज	11.74	0.235	788.00	06 माह
3.	बहराइच	ग्राम खनेहटा इण्टरलाकिंग मार्ग से अमरजीत सिंह के गौशाला तक 110 मी0 लम्बाई में इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–जरवल	5.30	0.106	788.00	06 माह
4.	बहराइच	ग्राम पंचायत नासिरगंज वरवलिया घाट बन्धा पर अवधराम के घर से प्रदीप पासपान के घर तक 200 मी0 लम्बाई में इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–जरवल	9.48	0.190	788.00	06 माह
5.	बहराइच	ग्रामसभा गुरचाही के शुकुलपुरवा में सी0सी0 रोड से महेश कुमार शुक्ला के घर तक 155 मी0 लम्बाई में इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–पयागपुर	7.35	0.147	788.00	06 माह
6.	बहराइच	ग्राम भगला सिदरखा डामर रोड से अनिल सिंह के बाग तक 235 मी0 लम्बाई में इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–कैसरगंज	10.99	0.220	788.00	06 माह
7.	बहराइच	ग्राम पंचायत गाजीपुर कोडरी में पिच रोड स्कूल होते हुए पुल तक 315 मी0 लम्बाई में इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–हुजूरपुर	15.22	0.305	884.00	06 माह
8.	बहराइच	ग्राम पंचायत नरायनपुर के धमशीडीहवा पिच रोड से सुरेश्वरनाथ दूबे के घर तक 330 मी0 लम्बाई में इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–पयागपुर	15.13	0.303	884.00	06 माह
9.	बहराइच	ग्राम पंचायत बाबानगर कोडरी के मजरा पकड़ी में पिच रोड से राम नरायन के घर तक 200 मी0 लम्बाई में इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–विशेश्वरगंज	9.43	0.189	788.00	06 माह
10.	बहराइच	ग्राम पंचायत चन्द्रावा में प्राथमिक पाठशाला से रामसमुझ के घर तक 170 मी0 लम्बाई में इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–विशेश्वरगंज	8.02	0.161	788.00	06 माह

1. ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से बिड डाक्युमेन्ट उपलब्ध होने की तिथि–05.10.2026
2. ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 14.10.2026 अपरान्ह 12.00 बजे।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि 15.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे।
4. नियोक्ता को आईटीबी क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं/बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और ई–निविदा पोर्टल पर जाए।
5. विस्तृत विवरण देखने हेतु "http://etebder.up.nic.in" को खोलें तथा बिड् डाउनलोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच
महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

उ0प्र0 257338 दिनांक- 30.09.2026
Website: www.upgov.nic.in

जनपद न्यायालय परिसर में गांधी प्रतिमा का हुआ अनावरण

स्वतंत्र भारत जौनपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जनपद न्यायालय परिसर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि ने फीता काटकर एवं माल्यार्पण कर किया। इसके बाद गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में रामधुन एवं भजन प्रस्तुत किए गए। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर पॉक्सो अधिनियम-2012 के प्रति जागरूकता एवं राष्ट्र के नाम मध्यस्थता अभियान-3.0 के प्रचार-प्रसार के लिए प्रभात फेरी भी निकाली गई। जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया। इसमें नेहरू बालोद्यान सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इसके बाद जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में 'गांधीवादी दृष्टिकोण एवं मध्यस्थता (विवाद से संवाद तक)' विषय पर विधिक संगोष्ठी आयोजित हुई। इसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, टीडी लॉ कॉलेज एवं उमानाथ सिंह लॉ कॉलेज के विधि छात्रों ने प्रतिभाग किया। दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, मंत्री मनीष कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश प्रताप सिंह, प्रेमशंकर मिश्र, जयप्रकाश सिंह, अब्दुल हक, दीपचन्द्र राम एवं ब्रजभूषण सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि अधिवक्ता केवल विधि व्यवसायी नहीं, बल्कि समाज का प्रहरी भी है। जयप्रकाश सिंह ने पौराणिक प्रसंगों के माध्यम से मध्यस्थता की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः– 4454/98काम–गो0वृ0/26–27 दिनांक 28.09.2026

ई–निविदा सूचना
(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

क0 सं0	जनपद/खण्ड/विधान साभ का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में)	धरोहर धनराषि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2	जनपद गोण्डा में तरबगंज मनहना असरथा बाजार घांचा सेमराशेखपुर चौखडिया मार्ग (अन्य जिला मार्ग) चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (5 वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	5910.00	59.10	11800	15 माह	ए

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 07.10.2026 से 22.10.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 22.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 22.10.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्तें तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 22.10.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

(प्रमोद कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, गोण्डा

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

उ0प्र0 257372 दिनांक- 01.10.2026 Website: www.upgov.nic.in

धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 122वीं जयंती के अवसर पर मंडलायुक्त राजेश कुमार ने आयुक्त कार्यालय तथा जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रध्वज फहराया। इसके उपरांत दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त श्री राजेश कुमार ने जनपदवासियों को गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना ही दोनों महान विभूतियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी के जीवन के मूल मंत्र सत्य एवं अहिंसा थे। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए न केवल देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि पूरी दुनिया को सत्य एवं अहिंसा का संदेश दिया। हिंसा किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। सत्य और अहिंसा के मार्ग को अपनाकर व्यक्ति, समाज और राष्ट्र प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकता है। मंडलायुक्त ने कहा कि महात्मा गांधी जी का स्वदेशी आंदोलन आज आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के रूप में दिखाई देता है। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का 'जय जवान, जय किसान' का आह्वान देश की सुरक्षा और कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। उनका सादगीपूर्ण जीवन, सरलता एवं सज्जनता आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। पर आयुक्त न्यायिक रितु पुनिया ने कहा कि आज दो महान विभूतियों की जयंती है, जिनके आदर्श एवं सिद्धांत वर्तमान समय में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन से हमें अर्पण, तर्पण और समर्पण की प्रेरणा मिलती है तथा यह सीख मिलती है कि सीमित संसाधनों में भी दृढ़ संकल्प एवं समर्पण के साथ व्यक्ति ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। अपर आयुक्त प्रशासन श्री अजय कान्त सैनी ने भी दोनों महापुरुषों के जीवन एवं उनके आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी सहित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था, सिटी मजिस्ट्रेट तथा अन्य अधिकारियों एवं कलेक्ट्रेट कार्मिकों ने महात्मा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन चरित्र, आदर्शों, विचारों तथा स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता ने जिन आदर्शों को अपनाया उस पर आज भी देश चल रहा है। ग्राम स्वराज की उनकी सोच आज ग्रामीण विकास का प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी ने देश को आत्मनिर्भर बनाया। सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कृषि क्षेत्र में उनका योगदान आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम के दौरान रमा वर्मा, बांसुरी वादक एवं गायिका तथा संगीत नाटक अकादमी उत्तर प्रदेश, लखनऊ की अवार्डी, सुश्री अंशिका सिंह, हारमोनियम वादक एवं गायिका तथा श्री अनुभव शर्मा, तबला वादक द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सराहना की। इस अवसर पर ओएसडी श्री राम अचल, कौशल श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेट कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने 'वोट बचाओ देश बचाओ' का लगाया नारा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तथा INDIA गठबंधन की प्रस्तावित गतिविधियों के क्रम में अयोध्या जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री चेतनारायण सिंह एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सुनील कृष्ण गौतम के नेतृत्व एवं संयोजन में किया जाएगा। कार्यक्रम में INDIA गठबंधन के सहयोगी दलों के स्थानीय प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को भी समन्वय के साथ शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम की निर्धारित रूपरेखा के अनुसार प्रथम चरण में जिला स्तर पर INDIA गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ संयुक्त बैठक एवं प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। इसके बाद ब्लॉक एवं वार्ड स्तर पर संयुक्त तैयारी बैठकें होंगी, जिनमें जिला स्तरीय कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं सहभागिता के संबंध में समन्वय किया जाएगा। अभियान के निर्धारित तीसरे चरण में ÷वोट बचाओ देश बचाओ÷ मार्च आयोजित किया जाएगा। मार्च निर्धारित मार्ग से होते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा/राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा अथवा जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय तक जाएगा। निर्धारित स्थल पर प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्रगान के उपरांत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326, जो वयस्क मताधिकार से संबंधित है, का सार्वजनिक वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम की शेष गतिविधियां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित की जाएंगी। इस जानकारी कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने दी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि, लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक व्यवस्था से जुड़े विषयों पर जनता के बीच जागरूकता और संवाद आवश्यक है। 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के अंतर्गत अयोध्या में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में संविधान और सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के महत्व को प्रमुखता से रखा जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी INDIA गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ समन्वय करते हुए कार्यक्रम को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित करेगी महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि, ÷लोकतंत्र में मताधिकार प्रत्येक वयस्क नागरिक का महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार है। 'वोट बचाओ देश बचाओ' मार्च के माध्यम से संविधान में निहित मताधिकार तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं के महत्व को रेखांकित किया जाएगा। कम्युनिस्ट पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि, लोकतंत्र और संविधान देश की राजनीतिक एवं सामाजिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं। मताधिकार के महत्व तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका को लेकर जनता के बीच संवाद और जागरूकता आवश्यक है।

महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक

स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के दिशा-निर्देशन में गांधी जयंती मनाई गई। इस मौके पर सभी ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी चित्र पर माल्यार्पण किया। कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह ने कहा कि ÷महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता को अपने जीवन का आधार बनाकर समाज को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। हमें गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर स्वच्छ, आत्मनिर्भर और समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए।÷ अधिष्ठाता डॉ नमिता जोशी ने कहा कि ÷राष्टपिता महात्मा गांधी ने किसानों, ग्रामीणों और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान को सदैव प्राथमिकता दी। कृषि विश्वविद्यालयों का दायित्व है कि उनके विचारों से प्रेरणा लेकर किसानों को वैज्ञानिक तकनीक, नवाचार और आत्मनिर्भरता से जोड़ें। वहीं दूसरी तरफ जंयती के अवसर पर विवि के समस्त शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी.नियोगी के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ राधाकृष्णन व कार्यक्रम का संचालन कुलपति के सचिव डॉ जसवंत सिंह ने किया। इस मौके पर समस्त शिक्षक, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

रामलला का दर्शन कर जीवन हुआ धन्य : अश्विनी शुक्ल

स्वतंत्र भारत अयोध्या(सं)। शुरु से ही मेरा जुड़ाव अयोध्या से रहा है। वह भी उन्नीस साल की उम्र से है। क्योंकि मैं श्रीरामजन्भूमि मुक्ति आंदोलन की कारसेवा में भी यहां पर आया था। उस समय मेरी उम्र मात्र उन्नीस वर्ष की थी। उक्त बातें नगर पालिका निगम इंदौर, मध्य प्रदेश के महापौर परिषद सदस्य अश्विनी शुक्ल ने कही। उन्होंने बताया कि वह नगर पालिका निगम इंदौर के वार्ड क्रमांक 14 से वर्तमान में पार्षद है। जनता ने उन्हें तीसरी बार पार्षद चुना है। साथ ही वह दो बार से इंदौर महापौर परिषद के सदस्य हैं, जिसमें स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन विभाग का उन्हें प्रभार मिला है। वर्तमान में इंदौर स्वच्छता के मामले में पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। वह सपरिवार और मित्रों संग अपने पिता का तर्पण करने गया बिहार जा रहे हैं। लेकिन उससे पहले उन्होंने अयोध्या पहुंच सरयू स्नान कर अयोध्या धाम, भरतकुंड में पिता का तर्पण किया। उसके बाद श्रीरामजन्भूमि, हनुमानगढ़ी समेत अयोध्या के अन्य प्रमुख मठ-मंदिरों में सपरिवार दर्शन किया। फिर गया बिहार के लिए रवाना हो गए। अयोध्या आकर उन्हें अपार खुशी की अनुभूति हुई। प्रभु श्रीरामलला सरकार का दर्शन कर उनका जीवन धन्य हुआ। उनकी पीढ़ी बहुत ही सौभाग्यशाली है। जो दिव्य, भव्य, नव्य मंदिर में श्रीरामलला सरकार को विराजमान होते देखा। लगभग पांच सौ वर्षों की आस पूरी हुई। श्रीशुक्ल ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान श्रीरामलला सरकार अपने दिव्य, भव्य मंदिर में स्थायी रुप से विराजमान हो चुके हैं। हमने सपरिवार उनका दर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत-बहुत साधुवाद है। क्योंकि उन्होंने अयोध्या को एक नया स्वरूप दिया है। जिसको पूरी दुनिया देखने आ रही है। आने वाले समय में अयोध्या पूरे भारत की राजधानी बनेगी। यह एक पावन मोक्षदायिनी नगरी है। जिसे सप्तपुरियों में मस्तक कहा गया है। वह सातों पुरियों में मस्तक है।

पितृ दोष समाप्ति का सुनहरा अवसर पितृ पक्ष : श्रवण

स्वतंत्र भारत अयोध्या(सं)। सपरशुराम शिव पंचायतन मंदिर दुर्वासा आश्रम, अयोध्या धाम के अधिष्ठाता आचार्य श्रवण कुमार मिश्र ने बताया कि पितृ पक्ष पूर्णिमा से लेकर अमावस्या तक 16 दिन का होता है। इस समय पितृ पक्ष चल रहा है। पूर्णिमा से अमावस्या तक प्रतिदिन तर्पण करना चाहिए। पिता की तिथि पर तर्पण, श्राद्ध एवं ब्राह्मण भोजनांत कर्म संपन्न करना चाहिए। इससे प्रसन्न होकर पितृगण तर्पण, श्राद्ध करने वालों को सब कुछ प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा याज्ञवल्क्य जी कहते हैं कि आयु÷ प्रजां धनं विद्यां स्वर्गं मोक्षं सुखानि च। प्रयच्छन्ति तथा राज्यं नृणां प्रीता÷ पितामहा÷।। पितृ गण प्रसन्न होने पर दीर्घायु, सदाचारी एवं विद्वान पुत्र, सद्विद्या, सर्वाधिपत्य, समस्त सांसारिक सुख, स्वर्गादि उत्तम लोकों के साथ परमानंद लक्षण मोक्ष को भी प्रदान करते हैं। क्योंकि पितृ गण भी देवताओं के भी पूर्वज हैं। मनुस्मृति में भी लिखा गया है कि महाभागा÷ पितर÷ पूर्व देवता÷। गृहस्थो के लिए देव कार्य से बढ़कर पितृ कार्य होता है। पितृ पूजन का कदापि लोप नहीं होना चाहिए।

खादी संस्था रनीवां में मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)। प्रमुख खादी संस्था ग्राम स्वावलम्बी विद्यालय रनीवां अचार्य नगर नाका अयोध्या में शुकवार को राष्टपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती संयुक्त रुप से धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर सफाई, श्रमदान के पश्चात समूहिक सूत कताई सम्पन्न हुई। सर्वधर्म प्रार्थना के पश्चात ध्वजारोहण एवं विचारगोष्ठी का अयोजन किया गया। झण्डा रोहण संस्था के वरिष्ठ संरक्षक मण्डल के सदस्य एवं प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सर्वोदयी रमेश कुमार त्रिमाठी ने किया। उन्होने महापुरुषो के जीवन पर प्रकाश डाला और संस्था के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ से अपील किया कि वे संस्था को आगे बढाये । संस्था के मंत्री सर्वजीत पाण्डेय ने कहा कि आज पूरा देश गांधी जयन्ती धूमधाम से मना रहा है। गोष्ठी को संरक्षक मण्डल सदस्य श्रीराम दूवे, डी0पी0 ओझा आदि ने सम्बोधित किया संस्था के मंत्री सर्वजीत पाण्डेय ने इस अवसर पर सभी पदाधिकारियो कार्यकर्ताओ एवं जनपद वासियो को गांधी जयन्ती की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर संस्था के कार्यकर्ताओ ने गांधी पार्क, राम जन्मभूमि के गेट सं0 11, राम की पैडी अयोध्या स्थित गांधी प्रतिमा एवं गांधी ज्ञान मन्दिर में चर्खा चलाया और गांधी प्रतिमा पर सूतांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की । कार्यक्रम में मुख्य रुप से संस्था के मंत्री सर्वजीत पाण्डेय संरक्षक मण्डल सदस्य श्रीराम दूवे, डी0पी0 ओझा, मुख्य प्रबन्धक घीसू प्रसाद वर्मा, राम दास पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार पाठक, तारा प्रकाश वर्मा, रवीन्द्र कुमार घिर्राऊ प्रसाद, सतीश कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, राम नारायन, प्रभुनाथ, अरुण कुमार उपाध्याय, राम केवल विश्वकर्मा, कौशिल्या देवी, केशव लाल, विजय शंकर, जवाहिर लालचन्द, लक्ष्मी प्रसाद आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

राजनाथ सिंह के अयोध्या आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्तावित अयोध्या आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रानोपाली स्थित उदासीन आश्रम में पहुंचने और श्रीनारायण राम संस्कृत विद्यालय के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण का कार्यक्रम में भाग लेंगे। तैयारियों को लेकर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार ने उदासीन आश्रम रानोपाली पहुंचकर महंत भरत दास से मुलाकात की और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अयोध्या आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। श्रीनारायण राम संस्कृत विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण अयोध्या के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

गायत्री पब्लिक स्कूल में मनाई गई गांधी जयंती

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में राष्टपिता महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें महात्मा गांधी के व्यक्तित्व, कृतित्व, संघर्षों और देश के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया। विद्यालय के प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि स्वदेशी मुहिम के प्रेरणास्रोत महात्मा गांधी सदैव धार्मिक सद्भाव और सामाजिक सुधार के लिए प्रयासरत रहे। उन्होंने सत्य और अहिंसा को प्रभावी माध्यम बनाकर स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया। उनके विचारों और संघर्ष की पद्धति ने मार्टिन लूथर किंग जूनियर और नेल्सन मंडेला जैसे विश्व के प्रमुख नेताओं को भी प्रभावित किया। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, नमक सत्याग्रह, दांडी मार्च और भारत छोड़ो आंदोलन जैसे आंदोलनों के माध्यम से स्वतंत्रता संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने और देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट महासभा ने वर्ष 2007 में 2 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस घोषित किया। यह दिवस महात्मा गांधी के अहिंसा और शांति के विचारों को विश्वभर में प्रसारित करने के उद्देश्य से मनाया जाता

सपा ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ खोला मोर्चा

अयोध्या। समाजवादी पार्टी ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सात दिवसीय 'लोकतंत्र बचाओ अभियान' चलाने का ऐलान किया है। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव और महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सत्ताधारी दल के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर बिना उचित आधार के वैध मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। उन्होंने इसे संविधान के अनुच्छेद 326 की भावना के विपरीत बताते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल जिम्मेदारी है।जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटना गंभीर विषय है। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर मतदाता सूचियों की पड़ताल करेंगे और नाम काटे जाने की शिकायतों को सामने लाकर संबंधित स्तर पर आवाज उठाएंगे।

महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करेगी। अभियान के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची से जुड़ी प्रक्रिया और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय अभियान के तहत शुक्रवार से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके बाद जिला मुख्यालय पर विशाल जन-आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। पार्टी के अनुसार अभियान में विधायक और सांसद भी सड़क पर उतरकर भागीदारी करेंगे। सपा नेताओं ने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रखने और मतदान के अधिकार की रक्षा के मुद्दे पर पार्टी चरणबद्ध तरीके से अपना अभियान आगे बढ़ाएगी।

जिला पंचायत कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी जयंती

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)। जिला पंचायत कार्यालय में गुरुवार को महात्मा गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने महात्मा गांधी के विचारों और उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर ही हम समाज और देश को आगे ले जा सकते हैं। हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।इस अवसर पर जिला पंचायत प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, कीर्ति सिंह सहित जिला पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में राष्टपिता के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

स्वच्छता अभियान, गांधी प्रतिमा पर अर्पित की श्रद्धांजलि

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुप्तार घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने घाट परिसर में साफ-सफाई कर लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने सिविल लाइंस स्थित गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। गांधी जी का मानना था कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएगा। सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों और घाटों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मौके पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांधी जयंती पर तहसील में हुआ ध्वजारोहण

स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)। राष्टपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026 को तहसील रुदौली परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी रुदौली श्री विनोद कुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत उन्होंने राष्टपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर तहसीलदार रुदौली श्री विजय कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार रुदौली श्री प्रतीक श्रीनेत सहित तहसील के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं राष्टसेवा के आदर्शों को स्मरण किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में अपनाने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज को सत्य, अहिंसा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्टसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

जाल में फंसे घड़ियाल के बच्चे को वन कर्मियों ने गोमती नदी में छोड़ा

स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)। शारदा सहायक नहर में मछुवारों के जाल में फंसे घड़ियाल के बच्चे को वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकालकर गोमती नदी में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, बुधवार को लोहटी सरैया गांव के कुछ मछुवारे शारदा सहायक नहर में जाल डालकर मछली पकड़ रहे थे। इसी दौरान उनके जाल में घड़ियाल का एक बच्चा फंस गया। मछुवारों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन कर्मी मौके पर पहुंचे और घड़ियाल के बच्चे को अपनी सुरक्षा में ले लिया। इसके बाद उसे सुरक्षित रूप से गोमती नदी में छोड़ दिया गया।

रुदौली रेंज के वन दारोगा विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि नहर टूट जाने के कारण उसमें पानी का स्तर कम हो गया है, जिसके चलते घड़ियाल का बच्चा जाल में फंस गया था। वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया है।

टांडा के दो उदासीन आश्रमों में 5 अक्टूबर को मनेगा गुरु पर्व

स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)। गुरु महाराज की स्मृति में टांडा के दो उदासीन आश्रमों में पांच अक्टूबर, सोमवार को गुरु पर्व महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। छज्जापुर स्थित उदासीन आश्रम बड़ा फाटक और मीरानपुरा स्थित प्राचीन उदासीन आश्रम हनुमान मंदिर में श्रद्धालु गुरु पर्व में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। दोनों आश्रमों में आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं और महंतों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। छज्जापुर स्थित उदासीन आश्रम बड़ा फाटक के महंत डॉ. चंद्र प्रकाश ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पांच अक्टूबर को अश्विन कृष्ण दशमी, संवत् 2083 के अवसर पर गुरु पर्व महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दौरान शाम पांच बजे से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से आश्रम पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। हीं, मीरानपुरा स्थित प्राचीन उदासीन आश्रम हनुमान मंदिर में गुरु पर्व के उपलक्ष्य में चार अक्टूबर को संत समागम होगा। पांच अक्टूबर को दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। छह अक्टूबर को संतों की विदाई होगी। आश्रम के प्रबंधक-महंत दीनदयाल दास ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं और श्रद्धालुओं से गुरु पर्व में शामिल होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

बाढ़ प्रभावितों को राहत की मदद, 564 परिवारों को दी गई सामग्री

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)। दशरथ समाधि स्थल पर बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने ग्राम मुडाडीहा के 564 प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित लोगों से बातचीत कर बाढ़ के कारण सामने आ रही समस्याओं और उनकी आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। राहत सामग्री मिलने पर प्रभावित परिवारों ने सहायता के लिए आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और प्रभावित लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने में सहयोग किया।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की स्थिति में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा रहना सभी की जिम्मेदारी है। बाढ़ से जिन परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, उनकी जरूरतों को समझते हुए राहत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित स्तर पर समाधान के प्रयास किए जाएंगे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सहायता और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। बाढ़ प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राहत सामग्री का वितरण किया गया है। मौके पर गाना अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, रीना द्विवेदी, हरभजन गौड़, सहित राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

45 महिलाओं की बिगड़ी तबीयत डीएम-एसपी पहुंचे गांव

चोकन-आसचौरा में मड़ुआ की रोटी खाने के बाद 45 महिलाएं बीमार

बलिया। बताया जाता है कि बांसडीह तहसील क्षेत्र के ग्राम चोकन और आसचौरा में मड़ुआ के आटे की रोटी खाने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं के बीमार होने का मामला सामने आया

डीएम ने दिए जांच के निर्देश

है। घटना के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। बीमार महिलाओं को तत्काल जिला चिकित्सालय समेत अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और चिकित्सकों से

उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। गंभीर मरीजों के उपचार के लिए विशेष चिकित्सकीय टीम भी लगाई गई है। इसके बाद जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने प्रभावित गांवों का दौरा कर घटना की जानकारी ली। अधिकारियों ने बीमार महिलाओं के परिजनों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की। परिजनों के अनुसार, दुकानदार सोनू वर्मा की दुकान से मड़ुआ का आटा खरीदा गया था। इसी आटे की रोटी बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किए जाने के बाद महिलाओं की तबीयत बिगड़ने की बात सामने आई है। जिलाधिकारी ने बताया कि करीब 45 महिलाएं बीमार हुई हैं। इनमें तीन महिलाएं गंभीर स्थिति में हैं और उनके उपचार के लिए विशेष चिकित्सकीय टीम लगाई गई है। तीन मरीजों का निजी अस्पताल में भी उपचार चल रहा है। प्रशासन के अनुसार सभी मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने शारदा हॉस्पिटल पहुंचकर वहां भर्ती तीन मरीजों के उपचार की स्थिति का भी जायजा लिया और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली।

स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गई

आजमगढ़। सर्वोदय पब्लिक स्कूल, हरबंशपुर में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव व निदेशिका महोदया श्रीमती कंचन यादव द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती सुकांशा अवस्थी ने सम्बोधित करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन के वृतांत को संक्षिप्त रूप में बताया व उनके अप्रतिम %राजनेता व राजनीतिज्ञ होने का संस्मरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म को दिखाया गया एवं दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल तथा ÷वैष्णौ जन ते पीर पराई गीतों का शिक्षकों द्वारा सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की

स्वतंत्र भारत आजमगढ़ । उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति की विधानसभा क्षेत्रवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं शुद्धिकरण, लंबित प्रपत्रों के निस्तारण, बीएलओ की सक्रियता, मतदान केंद्रों पर Assured Minimum Facilities (AMF), ईवीएम की First Level Checking (FLC), निर्वाचन संबंधी अभिलेखों, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा विभागीय समन्वय सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में

मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने, नाम हटाने तथा नाम/पते सहित अन्य विवरणों के शुद्धिकरण एवं संशोधन से संबंधित लंबित प्रपत्रों की विधानसभा क्षेत्रवार समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रपत्रों का नियमानुसार परीक्षण कर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने तथा अपात्र/मृत/स्थानांतरित मतदाताओं से संबंधित मामलों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची निर्वाचन प्रक्रिया का आधार है, इसलिए इसके शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्राप्त प्रपत्रों का परीक्षण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हो तथा अनावश्यक रूप से कोई प्रकरण लंबित न रहे। बैठक में सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैनात बीएलओ की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

गांधी जी के अदम्य अहिंसात्मक साहस व शास्त्री जी की सादगी को जीवन में अपनाए युवा : कुलपति

स्वतंत्र भारत आजमगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन-मूल्यों को आत्मसात कर युवा पीढ़ी समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकती है। गांधीजी ने श्रमदान, स्वच्छता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया, वहीं शास्त्रीजी का सादगीपूर्ण जीवन कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। यह विचार महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के *कुलपति प्रो. संजीव कुमार जी ने गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि कुलपति ने दोनों महापुरुषों की जीवनी और उनके संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी को उनके अदम्य अहिंसात्मक साहस आदि जीवन के प्रेरक प्रसंगों को व्यवहार में उतारना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से श्रमदान की भावना को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने जन्मस्थान के साथ-साथ

कार्यस्थल पर भी श्रमदान करने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान में स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। कुलपति ने छुआछूत और सामाजिक भेदभाव जैसी कुरीतियों से दूर रहकर समानता एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ परिसर के साथ स्वच्छ विचार और स्वस्थ सामाजिक वातावरण का निर्माण भी हमारी जिम्मेदारी है। कुलसचिव अमृत लाल जी ने दोनों महापुरुषों को नमन करते हुए कहा कि दो अक्टूबर केवल जयंती मनाने का दिन नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन और कार्यशैली में उतारने का अवसर है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में यह भव्य आयोजन पूरे प्रदेश के साथ-साथ महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालय में सादगी के साथ मनाया जा रहा है।

सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से गांधी जी ने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्ज्वलित किया : जिलाधिकारी

स्वतंत्र भारत आजमगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न,पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती/अन्तर्राष्टीय अहिंसा दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रविंद कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट एवं मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार पटेल द्वारा विकास भवन पर ध्वजारोहण किया गया। दोनों महान जननायको की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि/माल्यार्पण करते हुए कलेक्ट्रेट गांधी हाल में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, द्वय अपर जिलाधिकारी,अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने कोटि-कोटि नमन करते हुए उन्हे श्रद्वांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जी जीआईसी की संगीत शिक्षिका के नेतृत्व में आई छात्राओं एवं हरिहरपुर संगीत घराने के संगीतकों ने गांधी जी का प्रिय भजन-''रघुपति राघव राजा राम'' वैष्णव जन तो तेने कहिए, पीड़ परायी जाणे रे'' गाया जिसको सभी ने दुहराकर उसका अनुसरण किया। संगीत गायन करने

वाले छात्राओं व संगीतकों को जिलाधिकारी ने गांधी, शास्त्री की जीवनी पुस्तक सहित उपहार देकर प्रेरित किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती एवं जय जवान जय किसान के महामंत्र से देश के शौर्य और श्रम को एकाकार करने वाले युग पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की 122वीं जयंती के अवसर पर मंडलायुक्त कार्यालय,कलेक्ट्रेट, विकास भवन, पुलिस लाइन सहित पूरे आजमगढ़ में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने गांधी व शास्त्री को नमन करते हुए भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन में उनके महत्व को रेखांकित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि देश के स्वाधीनता संग्राम में गांधी जी का अद्वितीय योगदान है। हमें गांधी व शास्त्री जी के जीवन संघर्ष से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। गांधी जी का कार्य सिद्धांत मनसा, वाचा, कर्मणा पर आधारित है। हम सभी को समाज देश के लिए जीना चाहिए। उन्होने गांधी जी के सत्याग्रह, सत्य और अहिंसा, स्वराज, स्वदेशी, ग्रामोदय, अन्त्योदय, गांधी जी के जन्तर/मंत्र, ग्राम स्वराज, चरखा आदि विचारो व जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए उन्होने प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने ''जय जवान-जय किसान'' मंत्र के प्रणेता, विराट व्यक्तित्व के पहचान, सादगी और कर्तव्य निष्ठा के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के योगदानो पर प्रकाश डाला। मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने विकास भवन में ध्वजारोहण किया। दोनों महानुभावों को नमन करते हुए माल्यार्पण कर कहा कि पंचायतो के सशक्तिकरण से ही भारत आने वाले वर्षो में आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर होगा। अपर जिलाधिकारी वि./रा. गंभीर सिंह ने दोनो महान विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, सविनय अवज्ञा, सत्याग्रह गांधी जी के चार अहिंसात्मक मार्ग थे जिनका प्रयोग आजीवन किया। मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में सत्य और अहिंसा दो अचूक मंत्रो के साथ आजादी दिलाने के आत्मिक पक्षो को रेखांकित किया। उन्होंने गांधी जी के स्वच्छता विचारो पर बल देते हुए जनपद वासियों से साफ सफाई स्वच्छता करने की अपील किया। डिप्टी कलेक्टर अतुल आनंद ने कहा कि गांधी जी मानवता व सामाजिक सरोकारो के वैश्विक प्रतिमूर्ति थे। आज भी साबरमती आश्रम उनके जीवन शैली का संदेश देता है। जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार ने विश्व में नागरिक अधिकारो एवं स्वतंत्रता के प्रति आन्दोलन के लिए प्रेरित करने वाले गांधी जी के द्वारा दरिद्रता से मुक्ति दिलाने, महिलाओं के अधिकारो का विस्तार, धार्मिक एवं जातीय एकता का निर्माण आदि विचारो पर बल दिया गया।

आइकॉनिक स्कूल ऑफ वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

आजमगढ़ । वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन प्रार्थना सभा से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों के जीवन, आदर्शों, राष्ट्र के प्रति उनके योगदान और कर्तव्यनिष्ठा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए गए। इसके पश्चात महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह, संरक्षक अरविंद कुमार सिंह तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने गांधी जी और शास्त्री जी के आदर्श वाक्यों एवं विचारों को तख्तियों और पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा और राष्ट्रसेवा के विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी का जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, सत्य और अहिंसा के माध्यम से समाज और राष्ट्र में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रसिद्ध नारे ÷जय जवान, जय किसान÷ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और समृद्धि में हमारे जवानों और किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें देश के जवानों और किसानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। कार्यक्रम में आयशा तैयब, डॉ. शोमिता श्रीवास्तव, सोनम सिंह, अनीता सिंह, आरती सिंह, कुमकुम दुबे, ई. इंद्रजीत साहनी, प्रद्युम्न विश्वकर्मा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर डीएम ने किया ध्वजारोहण, स्वच्छता व जनसेवा पर दिया जोर

बलिया। बताया जाता है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि

गांधी के विचारों को अपनाकर गांवों को बनाएं मजबूत- डीएम

अर्पित की। आपदा विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। इस दौरान 'रघुपति राघव राजा राम' का सामूहिक गायन हुआ, जिसमें जिलाधिकारी समेत मौजूद अधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी जयंती हमारे लिए केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को जीवन में अपनाने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि गांधी जी ने ग्राम स्वराज और गांवों के विकास पर विशेष जोर दिया था। आज जरूरत है कि उनके विचारों को आत्मसात करते हुए गांवों को मजबूत और विकसित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जिस पद और दायित्व पर हम कार्य कर रहे हैं, उसका ईमानदारी से निर्वहन करना ही गांधी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आमजन का सहयोग करने, कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता करने तथा समाज में आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी के योगदान और नमक कानून के विरोध में किए गए आंदोलन का उल्लेख करते हुए उनके सत्य, अहिंसा और जनभागीदारी के विचारों को अपनाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने स्वच्छता को गांधी जी के विचारों से जोड़ते हुए कहा कि स्वस्थ और स्वच्छ भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 सफाई कर्मियों एवं 05 सफाई नायकों को किया सम्मानित

गांधी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 सफाई कर्मियों और पांच सफाई नायकों को मिठाई, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सफाई कर्मियों के कार्य की सराहना करते हुए स्वच्छ शहर के निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इसके बाद जिलाधिकारी ने शहीद पार्क चौक पहुंचकर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं भृगु आश्रम पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर भी माल्यार्पण किया। इस अवसर पर एडीएम अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, सीआरओ गुलशन जी एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

दो हजार पौधों से सजा माल्देपुर-चित्तू पाण्डेय चौराहा मार्ग

बलिया। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। माल्देपुर से चित्तू पाण्डेय चौराहा मार्ग तक आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के तहत मार्ग पर करीब दो हजार पौधे लगाए गए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अपने नाम के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालयों के छात्र- छात्राओं के साथ एनसीसी कैडेट्स ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स ने सड़क के डिवाइडर पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के साथ उसकी नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने नाम से पौधे लगाने तथा आसपास के क्षेत्रों में साफ- सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पौधा लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है। अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने से पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को पौधारोपण, पौधों के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

डीएम ने युवाओं को बांटे जॉब ऑफर लेटर, रोजगार मेले में 142 चयनित

बलिया। बताया जाता है कि सेवा संकल्प अभियान एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026 को जिला सेवायोजन कार्यालय, भृगु आश्रम, तारा निवास की गली, बलिया में एकदिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग कर जनपद के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। रोजगार मेले में टाटा मोटर्स, स्पार्क मिंडा, विजन इंडिया द्वारा हिंडाल्को रेनूकोट, अशोक लेलैंड सहित विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए करीब 300 अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता, कौशल एवं अनुभव के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई। चयन प्रक्रिया के बाद विभिन्न कंपनियों द्वारा

कुल 142 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान चयनित युवाओं में से 15 युवाओं को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आलोक कुमार एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अनिल कुमार ने जॉब ऑफर लेटर वितरित किए। इस अवसर पर अधिकारियों ने युवाओं को रोजगार के उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने, निरंतर कौशल विकास के माध्यम से अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने युवाओं से अपने कौशल को समय की मांग के अनुरूप विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सुचारु क्रियान्वयन में जिला सेवायोजन अधिकारी विवेकानन्द सिंह, सहायक सेवायोजन अधिकारी विकास कुमार सहित सेवायोजन कार्यालय के समस्त कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस ने मनायी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती

बलिया। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 लालबहादुर शास्त्री की जयंती । पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर दी गई सलामी । पुलिस लाइन बलिया सहित जनपद के समस्त पुलिस कार्यालयों व थानों द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर किया गया माल्यार्पण । सभी थानों एवं चौकियों में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों महापुरुषों को किया गया नमन । पुलिस अधीक्षक श्री ओमवीर सिंह द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न स्व0 लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर हर्षोल्लास व परंपरागत रूप से राष्ट्रीय तिरंगे को सलामी दी गई व उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया व उनके आदर्शों तथा विचारों को स्मरण करते हुए सभी पुलिस फोर्स को अवगत कराते हुये गांधीजी द्वारा बताये गये सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने के साथ साथ अपने आस ङ्क पास के (थाना/पुलिस लाइन) परिसर के साफ व स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया गया । इस अवसर पर

पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा, महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया तथा उनके दक्षिण अफ्रीका में किए गए आन्दोलनो का भी वर्णन किया गया और पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बने। वहीं, श्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान के नारे के साथ देश की सेवा की और सादगीपूर्ण जीवन के माध्यम से नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया । पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों से अपील की कि वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न स्व0 लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों का पालन करें। उन्होंने कहा, इन महान नेताओं के आदर्श हमारे लिए आज भी प्रासंगिक हैं। पुलिसकर्मियों को भी सत्यनिष्ठा, अनुशासन, और सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए साथ ही दोनों महापुरुषों द्वारा संस्थापित किए गए मानवीय आदर्शों एवं राष्ट्र प्रथम की भावना का स्वयं के अन्तर्मन एवं कार्यस्थल पर उतारने को कहा गया । साथ ही साथ अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री दिनेश कुमार शुक्ला के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर हर्षोल्लास व परंपरागत रूप से उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी , अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी , क्षेत्राधिकारी लाइन्स व अन्य के द्वारा चतुर्थ श्रेणी के सफाई कर्मचारियों को उपहार देकर उन्हे सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री दिनेश कुमार शुक्ला, , अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री संजय वर्मा, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन्स सुश्री मंजरी राव, प्रतिसार निरीक्षक श्री रामबेलास, पीआरओ श्री सुशील कुमार शुक्ला व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें। साथ ही जनपद के समस्त थानों/कार्यालयों में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया।

गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा सेवा, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण का संदेश

स्वतंत्र भारत,चुनार (मिर्जापुर)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में श्रद्धा, सर्वधर्म समभाव और सेवा भावना से ओत-प्रोत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) माधवी शुक्ला ने की। सर्वप्रथम महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की गई, जिसमें हिन्दू धर्म की प्रार्थना डॉ. भास्कर प्रसाद द्विवेदी, इस्लाम धर्म की कुर्बान अली, सिख धर्म की डॉ. चन्दन साहू तथा ईसाई धर्म की प्रार्थना डॉ. गुरु प्रसाद सिंह ने प्रस्तुत की। सर्वधर्म प्रार्थना के माध्यम से एकता, भाईचारे और सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह ने गाँधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सेवा तथा शास्त्री जी के सादगी, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के विचारों को 'सेवा संकल्प अभियान' से जोड़ते हुए कहा कि ÷महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि उनके विचारों को अपने आचरण में उतारकर ही दी जा सकती है।÷ उन्होंने स्वयं अब जागकर हमको जगाना, देश है अपना, का गायन कर विद्यार्थियों से समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) माधवी शुक्ला ने गाँधी एवं शास्त्री जी के जीवन-मूल्यों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए स्वच्छता, सेवा, श्रम और सामाजिक उत्तरदायित्व को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर बल दिया। तत्पश्चात गाँधी जी के प्रिय भजनों 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' एवं 'रघुपति राघव राजाराम' का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप नारायण तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने किया। इसी क्रम में सेवा संकल्प अभियान में सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के साथ स्वच्छता अभियान, श्रमदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के संयोजक डॉ. दीप नारायण एवं डॉ. दीपक कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में ÷सेवा ही संकल्प, स्वच्छता ही संस्कार और राष्ट्रसेवा ही सर्वोच्च कर्तव्य की भावना को मजबूत किया। इस अवसर पर प्रोफेसर कुसुम लता, डॉ संकठा प्रसाद सोनकर, डॉ सत्येन्द्र कुमार, डॉ अरविन्द कुमार, डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ अमित यादव, डॉ शिव कुमार, डॉ रमेश चन्द्र, डॉ नलिनी सिंह, डॉ स्मिता, डॉ शिखा तिवारी, डॉ मंजुला शुक्ला, डॉ विद्या सिंह, डॉ रामानन्द पुजारी, धर्मेन्द्र सिंह, कमलेश शुक्ला, रामकेश सोनकर, जय प्रकाश सिंह, पारस नाथ सिंह के साथ ही अच्छी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

त्योहारों पर बढ़नी से मुंबई के लिए स्पेशल ट्रेन, 8 फेरे लगाएगी

स्वतंत्र भारत, बढ़नी सिद्धार्थनगर। त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस के

मुंबई जाने वाले यात्रियों को राहत, बढ़नी से बांद्रा के लिए स्पेशल ट्रेन

बीच 8 फेरों वाली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन लखनऊ के बादशाहनगर और ऐशबाग होते हुए मुंबई जाएगी। इससे बढ़नी समेत आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को मुंबई के लिए अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी।

ट्रेन संख्या 05037 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 8 अक्टूबर से 26 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को शाम 7:45 बजे बढ़नी से रवाना होगी। यह रात 1:18 बजे बादशाहनगर और 2:15 बजे ऐशबाग पहुंचेगी। इसके बाद कानपुर सेंट्रल, इटावा, टूंडला, आगरा ईदगाह, बयाना, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी और बोरीवली होते हुए शनिवार सुबह 6:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।वापसी में 05038 बांद्राङ्कबढ़नी स्पेशल 10 अक्टूबर से 28 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को सुबह 9:30 बजे बांद्रा टर्मिनस से चलेगी। ट्रेन अगले दिन शाम 5:20 बजे ऐशबाग, 5¬57 बजे बादशाहनगर पहुंचेगी और रात 11:30 बजे बढ़नी पहुंचेगी। ट्रेन में स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कुल 16 कोच होंगे। स्पेशल ट्रेन के संचालन से त्योहारी सीजन में बढ़नी, बलरामपुर, गोंडा, लखनऊ सहित मार्ग के यात्रियों को मुंबई जाने के लिए अतिरिक्त रेल विकल्प मिलेगा।

हलिया थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक, एसडीएम व सीओ ने दिए निर्देश

स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार की शाम आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अजीत कुमार व सीओ लालगंज अमर बहादुर ने की।बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व पुलिसकर्मियों के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि सभी समुदाय आपसी भाईचारा बनाए रखें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।एसडीएम अजीत कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ अमर बहादुर ने लोगों से सहयोग की अपील की।इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई श्याम लाल, घनश्याम सिंह, मोहन लाल, शिवा अग्रहरी जगत बहादुर सिंह, गंगा सागर तिवारी, प्रशांत दुबे सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

NOTICE

I, Mohammad Ather, S/o Akhtar Hasan, R/o Mughalpura, Mau Nath Bhanjan, District Mau, U.P.-275101, hereby declare that my correct name is Mohammad Ather, my wife's correct name is Zainab Bano, and my son's correct name is Mohammad Tanzeel Ahmad.In the school register, these names have been wrongly recorded as "Mo Ather", "Zainab Banho" and "Mo Tanzel Ahmad", respectively. The same may be corrected accordingly.

सी.आर.- 1439/D

सपा का 8 अक्टूबर तक वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च

स्वतंत्र भारत, मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबंधन

तैयारी को लेकर जगह-जगह हो रही हैं बैठकें

की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार 8 अक्टूबर तक लोकतंत्र बचाओं सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उक्त बाते समाजवादीपार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कही। उन्होने कहा कि 8 अक्टूबर को वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च पार्टी कार्यालय से निकाला जायेगा और कहा कि जिसकी तैयारी को लेकर हर विधानसभा क्षेत्र में रणनीति तैयार की जा रही है और कार्यकर्ताओं को आने के लिए संगठित किया जा रहा है। मार्च मे बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी व राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की फोटो लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय तक जाया जायेगा। इस दौरान उक्त नेताद्वय ने बताया कि निर्धारित स्थान पर पहुँचने के बाद राष्ट्रगान और संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक रूप से पढ़ा जायेगा। विरोध प्रदर्शन का समापन श्री ज्ञानेश कुमार के पुतले के दहन के साथ किया जायेगां। कहा कि वोट चोरी करने वालो को जनता जान चुकी है। वोट बचाने के लिए ई0वी0एम0 को बन्द करना पड़ेगा। चुनाव आयोग चाहे बंगाल का चुनाव हो या बिहार का सभी जगह वोट चोरी करने का काम किया है। हजारो लाखो मतदाताओ का नाम वोटर लिस्ट से काटा गया है।

एसएसबी और कस्टम की संयुक्त कार्रवाई, चीन व नेपाल निर्मित खाद्य सामग्री समेत कपड़े बरामद

स्वतंत्र भारत, बढ़नी सिद्धार्थनगर। भारत-नेपाल सीमा पर बढ़नी में एसएसबी और कस्टम

बढ़नी सीमा पर नेपाल से भारत आते समय नेपाली बस से बरामद, एक नेपाली गिरफ्तार

विभाग की संयुक्त टीम ने रूटीन बीआईटी चेकिंग व फ्रिस्किंग के दौरान नेपाल से भारत आ रही एक नेपाली बस से भारी मात्रा में सामान बरामद किया। मामले में एक नेपाली यात्री को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग बढ़नी को सौंप दिया गया।

बताया गया कि शुक्रवार सुबह नेपाल से भारत आ रही नेपाली बस को एसएसबी की 50वीं वाहिनी बलरामपुर की 'सी' कंपनी बढ़नी और कस्टम अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जांच के लिए रोका। बस की तलाशी के दौरान विभिन्न नेपाली और चाइनीज उत्पाद मिले। यात्रियों से पूछताछ में 40 वर्षीय नेपाली यात्री नारायण प्रसाद गौतम निवासी मंडन दीपुर, कब्रपालन चौक, नेपाल ने सामान अपना होने की बात स्वीकार की। बरामद सामान में चीन निर्मित एनर्जी बिस्किट के 59 पैकेट, नारियल मिल्क कैंडी के 25 पैकेट, लेमन आइस टी की 45 बोतलें, चाइनीज रेडी-टू-ईट नूडल्स के 19 पैकेट, नेपाली करंट स्पाइसी नूडल्स के 160 पैकेट, रारा नूडल्स के 238 पैकेट और तिब्बती चाय के 32 पैकेट शामिल हैं। इसके अलावा नेपाली मूल के 105 सजावटी कपड़े, 80 स्कार्फ, 90 कार्डिगन/स्वेटर, 18 शॉल, पांच मीटर ऊनी कपड़ा, नौ पैकेट हैंड रिबन, एक कारपेट, 60 लेडीज आउटर वियर तथा 15 कमर परिधान भी बरामद किए गए। पूछताछ में यात्री ने बताया कि वह सामान को बेचने और अपने सगे-संबंधियों को देने के लिए दिल्ली ले जा रहा था। संयुक्त टीम ने यात्री और बरामद सामान को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद आरोपी तथा सामान को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क कार्यालय बढ़नी को सुपुर्द कर दिया गया।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ रमोद मौर्या ने इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज का किया भौतिक सत्यापन

स्वतंत्र भारत, हलिया(मिर्जापुर)। लालगंज स्थित श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में पढ़ाई तकनीक के साथ बदल रही है। स्मार्ट क्लास के जरिए छात्रों को डिजिटल संसाधन मिल रहे हैं। कॉलेज में दो और स्मार्ट क्लास शुरू करने की तैयारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ रमोद कुमार मौर्य कॉलेज पहुंचे। उन्होंने मौजूदा स्मार्ट क्लास के संसाधनों और इस्तेमाल का जायजा लिया। प्रभारी प्राचार्य से छात्रों की संख्या, क्लास संचालन और स्मार्ट क्लास के फायदे जाने। शिक्षकों के अनुसार, स्मार्ट क्लास से विषयों को दृश्य माध्यम से समझाना आसान है।

ताला तोड़कर चोरी, वृद्धा ने थाने में दी तहरीर

स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर नकदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दी है।पीड़िता सीता देवी पत्नी स्व. सूर्यनाथ तिवारी निवासी पंवारी कला ने शुक्रवार को थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गुरुवार को मिर्जापुर गई हुई थी। सुबह करीब 9 बजे जब वह अपने घर वापस लौटी तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

कार्यालय जिला पंचायत, सीतापुर।

पत्रांकः 3318/सा0नि0वि0–जि0पं0/2026–27 दिनांकः 30.09.2026

ई–निविदा सूचना

जिला पंचायत, सीतापुर में वर्ष 2026–27 के लिये पंजीकृत समस्त ठेकेदारों सहित प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों, लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 व सिंचाई विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत ठेकेदारों से पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत कुल 142 परियोजनाओं हेतु ई–निविदा **दिनांकः 14–10–2026 को 05.00 बजे से दिनांकः 21–10–2026 को दोपहर 12.00 बजे तक** https://etender.up.nic.in पर निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित की जाती है। निविदा एवं शर्ते **दिनांकः 14–10–2026 को 05.00 बजे से दिनांकः 21–10–2026 को दोपहर 12.00 बजे तक** उपरोक्त वेबसाइट से डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। तकनीकी निविदा **दिनांकः 22–10–2026 को अपरान्ह 12.00 बजे** से जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोलना प्रारम्भ किया जायेगा। तद्‌परान्त निविदा के तकनीकी मूल्यॉकन (Technical Bid Evaluation) में वैध पायी गयी निविदाओं का वित्तीय मूल्यांकन (Financial Bid Evaluation) उपरान्त निविदा खोले जाने की अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क कालम 5 व 6 के अनुसार देय होगी, धरोहर धनराशि का टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सीतापुर के पक्ष में बंधक हो एवं निविदा शुल्क की धनराशि को "इण्डियन बैंक, शाखा सिविल लाईन, सीतापुर" में रक्षित जिला पंचायत, सीतापुर का खाता "जिला निधि, जिला पंचायत खाता संख्या–21082963797 आई0एफ0एस0सी0 कोड–IDIB000C633" में आनलाईन माध्यम/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0 एफ0टी के माध्यम से जमा करना होगा तथा प्राप्त यू0टी0आर0/ट्राजेक्शन नं0 आदि की स्कैन प्रतिया निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। कार्यों का विस्तृत विवरण एवं शर्तें आदि ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध हैं तथा किसी भी कार्यशील दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

अभियन्ता, जिला पंचायत, सीतापुर। | अधिशासी अभियन्ता, जिला पंचायत, सीतापुर। | अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सीतापुर। | प्रशासक जिला पंचायत, सीतापुर।

कार्यालय नगर पंचायत आनंदनगर, जनपद- महराजगंज

(पता– वार्ड 06 सिविल लाइन में प्रेम पोखरा रोड पर राजकीय कन्या इन्टर कालेज के सामने पिन–273155)

पत्राकः– 2549/ई–प्रोक्यो0/न०पं०आ0/2026–27 दिनांकः– 01.10.2026

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (द्वितीय बार)

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत आनंदनगर, जनपद महराजगंज के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केंद्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग ए, बी, सी, डी व अन्य श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से आइटम रेट वाइज़ के आधार पर **निकाय निधि, राज्य वित्त आयोग और केन्द्रीय वित्त आयोग** योजना के अंतर्गत स्वीकृत आपूर्ति कार्यों हेतु ई–प्रोक्योरमेंट निविदा http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित किया जायेगा। निविदा प्रपत्र मूल्य (Tender Fee), बिड सिक्योरिटी (EMD) और जमानत धनराशि (Security Deposit) आदि को NIT के अनुसार नगर पंचायत कार्यालय में या भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की शाखा फरेंदा (आनंदनगर) में खाता संख्या 38687104825 और IFSC code- SBIN0000210 में जमा किया जा सकेगा।

S.No.	Critical Dates and Time	Date	Time
1	Publish date	03.10.2026	12:00 बजे
2	Document download / sale start date		
3	Bid submission start date		
4	Document download / sale end date	09.10.2026	01:00 बजे
5	Bid submission end date		
6	Bid opening date	09.10.2026	02:00 बजे

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रुप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें तथा बिड डॉक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत आनंदनगर जनपद–महराजगंज | अध्यक्ष नगर पंचायत आनंदनगर जनपद–महराजगंज

मनीराम कोल बने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष

स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। हलिया के भटवारी गांव निवासी व आदिवासी समाज के कद्दावर नेता मनीराम कोल को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।मनीराम कोल इससे पहले एससी-एसटी आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं और छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। आदिवासी समाज में उनकी मजबूत पकड़ है।भाजपा द्वारा उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपे जाने पर ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। लोगों ने कहा कि उनके प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से आदिवासी समाज की आवाज और बुलंद होगी।बधाई देने जिला कार्यसमिति सदस्य ताराचंद्र अग्रहरी, मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी, महा नारायण भारती आदि मौजूद रहे।

गांधी जयंती पर लखनिया दरी में लॉरेल्स ग्लोबल स्कूल का स्वच्छता अभियान, 75 बोरे कचरा एकत्र

स्वतंत्र भारत, अहरौरा (मिर्जापुर)। गांधी जयंती के पावन अवसर पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल लखनिया दरी में लॉरेल्स ग्लोबल स्कूल अहरौरा के ईको क्लब की ओर से एक विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आम जनमानस को स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने लखनिया दरी जलप्रपात परिसर और आसपास के क्षेत्रों से प्लास्टिक पॉलीथिन और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को चुनकर 75 से अधिक बोरे कचरा एकत्र किया। बाद में इस कचरे का सुरक्षित एवं उचित तरीके से निस्तारण कराया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यटन स्थल को प्लास्टिक मुक्त बनाना और पर्यटकों व स्थानीय नागरिकों को पर्यावरण के प्रति सजग करना था। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में मिले मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन के लिए विद्यालय प्रबंधन ने सेवा भाव दिखाते हुए परंपरा घर और राधा रानी इवेंट्स द्वारा अभियान में जुटे विद्यार्थियों के लिए शीतल पेय व पेयजल की व्यवस्था की गई जिसके लिए विद्यालय परिवार ने उनका धन्यवाद किया।

निदेशालय निर्माण एवं संयंत्र
आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या।

विश्वविद्यालय मुख्य परिसर में स्थापित 03 MVA पावर ट्रांसफार्मर की मरम्मत हेतु Bid प्रकाशित की गई है जिसका विवरण निम्नवत् है:–
Bid संख्या:GEM/2026/B/8109399
Bidप्रकाशित दिनांक:01 अक्टूबर 2026
बिड बंद होने की दिनांक/समय: 12 अक्टूबर 2026

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

सूचना

मेरे पुत्र सुनील कुमार का चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों व लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। रामदीन पुत्र मोहनलाल ग्रा0 विजयखेड़ा मजरे पैगम्बरपुर, थाना लोनीकटरा, जि0 बाराबंकी।
सी.आर.- 1438/D-34

Name Change

I hitherto known as MALIKHE S/o SOBRAN LAL, residing at Tapar purwa, bahiya bahrampur, Shahpur, Sitapur, Laharpur, Uttar Pradesh-261135, have changed my name and shall hereafter be known as DAYA SHANKAR.
सी.आर.- 1440/L-26

अदालती सूचना

न्यायालय अपर प्रमुख न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं. 03 जनपद कानपुर नगर
वाद संख्या 429 सन 2025
श्री गुप्ता उर्फ अनाया उम्र लगभग 4 वर्ष नाबालिग पुत्री हिमांशु गुप्ता द्वारा माता एवं प्राकृतिक संरक्षिका स्वाती गुप्ता उम्र लगभग 38 वर्ष पत्नी हिमांशु गुप्ता पुत्री स्व० रमाकान्त गुप्ता निवासिनी मकान नम्बर बी–31, बर्रा विश्व बैंक थाना बर्रा जनपद कानपुर नगर, मो0 9805056462....प्रार्थिनी
बनाम– हिमांशु गुप्ता उम्र लगभग 40 वर्ष वयस्क पुत्र उत्तम कुमार गुप्ता मूल निवासी मकान नम्बर 256 चौगुण्डवा नवाबगंज, इलिहाबाद, थाना नवाबगंज, तहसील नानपारा, जिला बहराइच उ० प्र० हाल पता पी० जी० आई० लखनऊ 9457828020...विपक्षी
परिवाद अन्तर्गत धारा 144 भारतीय न्याय विधान वास्ते दिलाये जाने भरण पोषण थाना बर्रा कानपुर नगर।
चूंकि आपके विरूद्ध वादिनी ने धारा 144 भारतीय न्याय विधान वास्ते दिलाये जाने भरण पोषण का वाद दाखिल किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.11.2026 को स्वयं न्यायालय में उपस्थित होकर अगर आपको कोई आपत्ति हो तो प्रेषित करे आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षिय आदेश पारित होगा। आज दिनांक 14.09. 2026 न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी। आज्ञानुसार, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं. 03 जनपद कानपुर नगर
सी.आर.-1437/K-CN

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मूल विक्रय विलेख (Sale Deed) जो कि दिनांक 16.05.2014 को श्री देव राज गुप्ता से सुरेश चन्द्र गुप्ता के मध्य निष्पादित हुआ था और उप-पंजीयक (Sub-Registrar) कार्यालय फूलपुर, जनपद प्रयागराज में बही संख्या 1, जिला संख्या 4767, पृष्ठ संख्या 39 से 64 पर पंजीकृत है, कहीं खो गया है। 3295
मेरे/हमारे द्वारा इसे खोजने के तमाम प्रयास किए गए, लेकिन यह नहीं मिल रहा है। इस संबंध में थाना सहसों प्रयागराज में FIR दर्ज करा दी गई है।
मैं राकेश कुमार केशरवानी पुत्र नरोत्तम लाल केशरवानी निवासी सहसों बाजार फूलपुर सहसों प्रयागराज 221507, पेशा- व्यावसायिक, आराजी संख्या 175, रकबा 0.057 हे0 में से अपना अंश 123.20 वर्गमीटर की भूमि सुरेश चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री स्व. राजा राम गुप्ता से खरीद चुका हूँ, जो कि आवासीय भूमि है। जो कि Tata capital में बंधक होने जा रही है
यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को उक्त संपत्ति या उसके मूल विलेख (Sale Deed) से संबंधित कोई भी दावा, आपत्ति या जानकारी हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर निम्नलिखित पते पर प्रमाण सहित संपर्क करें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
संपत्ति का विवरण: पताः सहसों तहसील फूलपुर, जनपद प्रयागराज। क्षेत्रफलः 123.20 वर्गमीटर आराजी संख्याः 175, रकबाः 0.057 हे0, चौहद्दी- पूर्वः प्लाट हरिश्चंद्र ,पश्चिमः रप्लॉट राम चंद्र वैश ,उत्तरः केछः मार्ग 12 फीट ,दक्षिणः बाग़ जब्बार
घोषणाकर्ता
राकेश कुमार केशरवानी
+91 98395 29196
वकील राम भगत दुबे
+91 87652 17105
सी.आर.-1441/D

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

खून से लथपथ नजर आए कैप्टन स्मित

तेल अवीव। फ्लाईदुबई की दुबई से तेल अवीव जा रही उड़ान में हुए हमले का नया वीडियो सामने आया है। इस्राइल के चैनल 12 की ओर से

- फ्लाईदुबई विमान में हमले का नया वीडियो आया सामने

जारी फुटेज में विमान के अंदर मची अफरा-तफरी दिखाई दे रही है। वीडियो में यात्रियों को चिल्लाते हुए सुना जा सकता है। एक यात्री कहता है कि सह-पायलट ने विमान को क्रैश करने की कोशिश की। फुटेज में कुछ लोग कॉकपिट की ओर इशारा करते हुए हमलावर को बाहर निकालने की बात कहते हैं। इसी दौरान किसी को डॉक्टर बुलाने के लिए कहते हुए सुना जा सकता है। इसके बाद इस्राइली यात्री और डेंटिस्ट डॉ. शोता मुसायेव घायल कैप्टन की मदद के लिए कॉकपिट की तरफ जाते दिखाई देते हैं। वीडियो के अगले हिस्से में कैप्टन स्मित मच्छार कॉकपिट के बाहर जमीन पर घायल हालत में दिखाई देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हमले के बावजूद उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोलने में मदद की, जिसके बाद यात्रियों और चालक दल के सदस्यों ने हमलावर को काबू किया। वीडियो में कैप्टन मच्छार कहते सुनाई देते हैं कि सह-पायलट ने उन्हें कई बार मारा। वह अपने घायल हाथ के बारे में भी बताते हैं कि हाथ को हिला पा रहे हैं, लेकिन मुट्ठी बंद नहीं कर पा रहे। घटना के बाद विमान की सऊदी अरब के तबुक में आपात लैंडिंग कराई गई। फुटेज के एक हिस्से में मेडिकल टीम कैप्टन मच्छार का इलाज करती नजर आती है। वहीं, कुछ यात्री जमीन पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों को सह-पायलट के बारे में जानकारी देते दिखाई देते हैं।

घटना के बाद विमान में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मामले की जांच में इस्राइल और यूएई समेत संबंधित एजेंसियां जुटी हुई हैं। यूएई ने भी घटना के पीछे संभावित मकसद और किसी आतंकी कनेक्शन की जांच के लिए विशेष जांच शुरू की है।

हमलावर पायलट का ब्रेनवॉश हुआ, यहूदी विरोधी था : नेतन्याहू

तेल अवीव। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि जांच में सामने आया है कि फ्लाइट में पायलट पर हमला करने वाला आरोपी इस्लामी कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित था। नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज से कहा, ऐसा लगता है कि पायलट विमान को गिराने की कोशिश कर रहा था। पकड़े जाने के बाद वह क्रू मेंबर्स से बार-बार उसे मार देने की बात कह रहा था। इससे लगता है कि वह आत्महत्या करना चाहता था। इजराइली मीडिया के मुताबिक, आरोपी के साथ काम कर चुके एक सहकर्मी ने बताया कि वह महिलाओं से हाथ नहीं मिलाता था और दिन में कई बार नमाज पढ़ता था।

9000 सैनिक पश्चिम एशिया भेज रहा अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका करीब नौ हजार सैनिकों को जहाजों के एक समूह के जरिये पश्चिम एशिया भेज रहा है। एक अमेरिकी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने का यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर धमकी दी है कि ईरान पर अमेरिका के नए सिरे से हमले हो सकते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि शुरुआती संकेत बताते हैं कि बुधवार को इस्राइल जा रही एक उड़ान के सह-पायलट का ईरान से संबंध हो सकता है। इस सह-पायलट पर अपने कैप्टन को चाकू मारने और विमान को क्रैश करने की कोशिश करने का आरोप है।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप से पूछा गया कि क्या हमले के पीछे पायलट और ईरान की राजधानी तेहरान के बीच कोई संबंध है। ट्रंप ने कहा, मैं जो सुन रहा हूं, उसके आधार पर इसका जवाब हां है। लेकिन हम अभी इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। ट्रंप ने यह भी धमकी दी कि अगर ईरान से संबंध की पुष्टि होती है, तो अमेरिका

- ट्रंप ने नए सिरे से हमलों की दी धमकी
- फ्लाईदुबई के कोपायलट का ईरान से हो सकता है संबंध

जवाबी कार्रवाई करेगा। ट्रंप ने कहा, उन्हें बहुत जोर से निशाना बनाया जाएगा। चिंता मत करो। उन्होंने कहा, 'आप उनसे ही पूछिए। उन्हें पता है कि क्या हुआ है। उन्हें बहुत जोर से निशाना बनाया जाएगा।'

इस बीच, पश्चिम एशिया की ओर जा रहे जहाजों के इस समूह में 7,000 से ज्यादा नौसैनिक और मरीन कॉर्प्स के 2,000 सैनिक हैं। इस समूह में यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट विमानवाहक पोत का स्ट्राइक ग्रुप शामिल है। यह हाल ही में यूएसएस चोसिन क्रूजर के साथ रवाना हुआ था। इसमें यूएसएस मेकिन आइलैंड एम्फीबियस रेडीनेस ग्रुप भी शामिल है। इसमें यूएसएस जॉन पी. मुरथा और यूएसएस एंकोरेज एम्फीबियस लैंडिंग शिप शामिल हैं।

सऊदी ने यमन पर ताबड़तोड़ बरसाए बम

रियाद। चौतरफा हमलों से सऊदी बुरी तरीके से फंस चुका है और लगातार यमन पर हमले कर रहा है। यमन के युद्ध क्षेत्र से एक बार फिर बहुत बड़ी और सनसनीखेज खबर सामने आ रही है। यमनी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने एक बयान जारी करते हुए सऊदी अरब के भारी-भरकम हमलों का बड़ा खुलासा किया। याह्या सरी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के भीतर सऊदी अरब के लड़ाकू विमानों और मिसाइल यमन पर ताबड़तोड़ 51 हवाई हमले और मिसाइल दागे। रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब की खामिस मुशायद एयरबेस से उड़ान भरने वाले एफ-15 स्टेल्थ जर्स ने आसमान से तबाही मचाई। जबकि नसान और जिजान के सैन्य ठिकानों से जमीन से जमीन पर मार करने वाले मिसाइलों से भीषण बमबारी की गई। सऊदी सेना के इस नए और आक्रामक हमलों का सीधा निशाना यमन के पांच बड़े प्रांतों मारी, सादा, अलदैदा, ताईस और अमरान रहे। ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने दावा किया है कि इस भारी बमबारी में आम नागरिकों के कम्युनिकेशन नेटवर्क और बुनियादी ढांचे को गंभीर तौर पर नुकसान पहुंचाया गया।

फ्लाईदुबई घटना की जांच शुरू

यरुशलम। दुबई से तेल अवीव जा रहे 'फ्लाईदुबई' के विमान के काकपिट में हुई घटना की जांच शुरू कर दी गई है। इजरायली अधिकारियों का कहना है कि इस जांच में इजरायल के अलावा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका और ओमान भी शामिल हैं।

अभी तक इस बात का पता नहीं चल सका है कि ओमानी को-पायलट ने पायलट कैप्टन स्मित मछार पर हमला क्यों किया। उससे सऊदी अरब की एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं और उसकी पहचान उजागर नहीं की गई है। हालांकि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि को-पायलट को कट्टरपंथी इस्लामी विचारधारा से प्रेरित किया गया था और वह निश्चित रूप से आत्मघाती था। उसने विमान को क्रैश कराने के मकसद से ही कैप्टन पायलट पर हमला किया था। जांच की जानकारी रखने वाले एक क्षेत्रीय इजरायली अधिकारी ने बताया, आतंकवाद से लेकर मानसिक बीमारी तक, सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। अभी किसी भी आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता। अधिकारी ने बताया कि इजरायल के खुफिया और सुरक्षा अधिकारी जांच में मदद के लिए सऊदी अरब में हैं। इजरायली खुफिया एजेंसियां मोसाद और शिन बेट भी इस घटना की जांच कर रही हैं।

एक नज़र

ग्रोक ने कैप्टन स्मित मच्छार के नाम का किया गलत अनुवाद

यूजर्स के लताड़ने पर मानी गलती

नई दिल्ली। फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड1073 में कॉकपिट के अंदर हुए हमले के दौरान साहस दिखाने वाले कैप्टन स्मित मच्छार की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी। हालांकि, पीएम मोदी की पोस्ट का ग्रोक द्वारा किया गया अनुवाद सोशल मीडिया पर चर्चा का कारण बन गया। ग्रोक ने हिंदी में लिखे 'मच्छार' शब्द का शाब्दिक अर्थ लेते हुए कैप्टन के नाम को 'Captain Mosquito Smith' के तौर पर ट्रांसलेट कर दिया। इसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने एआई के इस अनुवाद की जमकर आलोचना की। ग्रोक के अनुवाद में लिखा आया 'Captain Mosquito Smith is a hero.' यूजर्स ने तुरंत इस गलती की ओर ध्यान दिलाया। लोगों ने कहा कि यहां 'मच्छर' किसी सामान्य शब्द के तौर पर नहीं, बल्कि कैप्टन स्मित मच्छार के सरनेम के रूप में इस्तेमाल हुआ था। एक यूजर ने इस अनुवाद को बेहद खराब बताते हुए प्रतिक्रिया दी, जबकि दूसरे ने कहा कि इस गलती के वायरल मीम बनने की पूरी संभावना है।

यूएई भेजा गया आरोपी सह-पायलट

रियाद। सऊदी अरब ने कहा है कि फ्लाईदुबई विमान पर हमले के संदिग्ध को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को सौंप दिया गया है। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) की रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब ने यह जानकारी दी है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब ने बताया कि फ्लाईदुबई के कैप्टन पर हमला करने का आरोपी सह-पायलट अबू धाबी के लिए रवाना हो गया है। सऊदी अरब के गृह मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को हुए फ्लाईदुबई हमले में संदिग्ध सह-पायलट को यात्रा के लिए मेडिकल मंजूरी मिलने के बाद सुरक्षा टीम के साथ यूएई की राजधानी अबू धाबी भेजा गया। गुरुवार को जारी बयान में मंत्रालय ने कहा कि सऊदी अधिकारियों ने शुरुआती जांच की। इसमें यूएई की सुरक्षा टीम भी शामिल थी। जांच में पता चला कि सह-पायलट ने कैप्टन पर हमला किया था। इससे दोनों को अलग-अलग चोटें आईं।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर वार्ता अंतिम दौर में

ग्रीर बोले- मोदी-ट्रंप फिर करेंगे बात

वाशिंगटन। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर अभी तुरंत कुछ होने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने उन सभी मुद्दों की पहचान कर ली है, जिन पर अभी सहमति नहीं बनी है। ग्रीर ने गुरुवार को मिलवॉकी में जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यापार समझौते पर हुई प्रगति का जायजा लेने के लिए जल्द ही फिर फोन पर बात कर सकते हैं। उन्होंने बुधवार शाम जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक से इतर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की थी। दोनों के बीच आपसी लाभ वाले अंतरिम व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने को लेकर सार्थक बातचीत हुई। ग्रीर ने कहा, मंत्री गोयल और मेरे बीच बहुत रचनात्मक बातचीत हुई। दोनों देशों के अधिकारी इस समय बातचीत कर रहे हैं। अमेरिकी अधिकारी भारत में हैं और दोनों पक्षों के अधिकारी एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने कहा कि अमेरिका लगातार भारत के साथ व्यापार समझौता पूरा करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि समझौते को लेकर बातचीत अब अंतिम दौर में है। उनके मुताबिक, दोनों पक्ष समझौते के अंत के करीब हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार सुबह बहुत रचनात्मक फोन पर बातचीत की थी।

मिस्र में छह पत्रकार गिरफ्तार, मुस्लिम ब्रदरहुड से जुड़ाव का आरोप

न्यूयॉर्क। मिस्र के अधिकारियों ने देश के कुछ स्वतंत्र मीडिया संस्थानों में शामिल 'मतसदाश' के पूरे संपादकीय दल को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि ये पत्रकार प्रतिबंधित मुस्लिम ब्रदरहुड के सदस्य हैं। इस सप्ताह 'मतसदाश' के छह पत्रकारों की गिरफ्तारी के बाद अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मानवाधिकार संगठनों ने चिंता जताई है। उन्होंने इसे स्वतंत्र मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर 'चिंताजनक कार्रवाई' बताया है। 'मतसदाश' का अरबी में अर्थ 'विश्वास मत करो' है। अधिकारियों ने छह पत्रकारों पर प्रतिबंधित मुस्लिम ब्रदरहुड का सदस्य होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने विदेशी वित्त पोषण के बदले एक ऑनलाइन मंच के लिए मनगढ़ंत खबरें तैयार कीं। मंच के सह-संस्थापक अब्देलरहमान मंसूर ने मिस्र के बाहर से कहा, 'ये आरोप गलत हैं।' करीब आठ साल पहले तथ्य-जांच मंच के रूप में शुरू हुआ 'मतसदाश' बाद में मिस्र और अन्य अरब देशों में खोजी पत्रकारिता करने वाला मंच बन गया। मंसूर ने कहा कि संस्थान के दो संपादकों को 2023 में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन राज्य सुरक्षा जांचकर्ताओं को मुस्लिम ब्रदरहुड से उनका कोई संबंध नहीं मिलने के बाद उन्हें बिना आरोप लगाए रिहा कर दिया गया था।

उत्तरी वजीरिस्तान में सात आतंकवादी ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सात आतंकवादियों को मार गिराया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, यह अभियान अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में चलाया गया। उन्होंने बताया कि जिले के ईदक इलाके में 'फितना अल खवारिज' से जुड़े आतंकवादियों के कई ठिकानों को भी अभियान के दौरान नष्ट कर दिया गया। अधिकारी ने कहा कि यह अभियान सरकार के 'अज्म-ए-इस्तेहकाम' दृष्टिकोण के तहत चलाए जा रहे आतंकवाद रोधी अभियानों का हिस्सा था।

तूफान रैचल और आक्रामक हुआ

मेक्सिको सिटी। राष्ट्रीय तूफान केंद्र के अनुसार, तूफान रैचल मेक्सिको के प्रशांत तट के पास श्रेणी 3 के तूफान में बदल गया है। यह तूफान बाजा कैलिफोर्निया के दक्षिणी छोर से करीब 245 मील यानी 390 किलोमीटर दूर है। रैचल धीरे-धीरे पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है और अगले दिन तक इसके और मजबूत होने की संभावना है। इसके बाद सप्ताहांत में इसके कमजोर पड़ने का अनुमान है। राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने चेतावनी दी है कि रैचल से उठने वाली ऊंची समुद्री लहरें मेक्सिको के तट पर जानलेवा सर्फ और तेज समुद्री धाराएं पैदा कर सकती हैं।

सबसे कम समय में आईएसएस पहुंचे नासा के अंतरिक्ष यात्री

वॉशिंगटन। चार अंतरिक्ष यात्री गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गए। उन्हें वहां पहुंचने में करीब आठ घंटे लगे, जो किसी

- एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने किया कमाल

अमेरिकी मिशन के लिए अब तक का सबसे तेज समय है। नए दल में कनाडा के एक अंतरिक्ष यात्री भी शामिल है। स्पेसएक्स ने नासा के दल को कमांडर जेसिका वॉटकिन्स के नेतृत्व में अंतरिक्ष स्टेशन भेजा। इस दल के प्रक्षेपण में तीन सप्ताह की देरी हुई थी, क्योंकि ड्रैगन कैप्सूल की ईंधन प्रणाली में रिसाव को ठीक किया जा रहा था। गुरुवार को भी सुबह घने बादलों के कारण उलटी गिनती रुकने का खतरा बना रहा, लेकिन आखिरकार आसमान साफ हो गया ताकि सुरक्षित प्रक्षेपण किया जा सका। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर इन अंतरिक्ष यात्रियों का प्रवास छह महीने लंबा होगा, लेकिन वहां तक पहुंचने में लगा समय अब तक का सबसे कम रहा। यह न केवल एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के लिए, बल्कि नासा समेत किसी भी अमेरिकी अंतरिक्ष संगठन के लिए सबसे तेज यात्रा है। अंतरिक्ष यात्रियों के प्रक्षेपण के समय अंतरिक्ष स्टेशन की अनुकूल स्थिति के कारण यह तेज यात्रा संभव हो सकी। केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से देर सुबह हुए प्रक्षेपण के साथ वॉटकिन्स पृथ्वी की कक्षा में किसी दल का नेतृत्व करने वाली पहली अश्वेत महिला बन गईं। भूविज्ञानी वॉटकिन्स ने करीब एक दशक पहले नासा के मंगल मिशन क्यूरियोसिटी रोवर के साथ काम किया था। वह 2022 में लंबे प्रवास के बाद दूसरी बार अंतरिक्ष स्टेशन पहुंची हैं। प्रक्षेपण के बाद वॉटकिन्स ने रेडियो संदेश में कहा, 'इस शानदार सफर के लिए धन्यवाद।'

हूतियों को मदद पहुंचाने में अमेरिकी इंजीनियर गिरफ्तार

वॉशिंगटन। एफबीआई ने अमेरिकी ऊर्जा विभाग के एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर को ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को कथित तौर पर मदद कराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। न्याय विभाग ने गुरुवार को बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर घर में विस्फोटक और ड्रोन बनाने के लिए सामग्री खरीदी तथा यमन की यात्रा भी की थी। वॉशिंगटन राज्य के रिचलैंड निवासी 51 वर्षीय एश्टन हमीद एलाबूडी को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। उसे शुक्रवार को पहली बार अदालत में पेश किया जाना है। अदालत के रिकॉर्ड में उसके पक्ष में बोलने के लिए किसी वकील का नाम दर्ज नहीं है। एफबीआई के मुताबिक, एलाबूडी का मकसद हूती विद्रोहियों की संचार क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद करना था। वह पिछले सितंबर में यमन गया था। यमन में हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब समर्थित सरकारी बलों के बीच हिंसा हो रही है, जिसमें सैकड़ों लोगों की मौत हुई है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

बढ़ते तापमान और घटते भूजल से शहरों पर डूबने का डबल खतरा

वेलिंगटन। दुनियाभर के शहरों में पीने के पानी की बढ़ती जरूरत पूरी करने के लिए भूजल का बड़े पैमाने पर दोहन हो रहा है। इससे भूजल स्तर तेजी से

- जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ रहा समुद्र का स्तर

नीचे जा रहा है और जमीन के धंसने का खतरा बढ़ रहा है। दूसरी ओर, जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का स्तर भी बढ़ रहा है। ऐसे में तटीय शहरों पर डूबने का दोहरा खतरा मंडरा रहा है। हालांकि, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ जेस्सी कीयर्स का मानना है कि भूजल को फिर से पुराने स्तर पर लाया जा सकता है। उनके अध्ययन के मुताबिक धरती के भीतर मौजूद फाल्टलाइनें इसमें मददगार हो सकती हैं। फाल्टलाइन पृथ्वी की ऊपरी परत में मौजूद दरारें हैं, जिनका संबंध आमतौर पर भूकंप से माना जाता है।

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से लेकर चीन के तटीय शहर तिआनजिन तक कई बड़े शहर जलवायु परिवर्तन और भूजल के अंधाधुंध दोहन का असर झेल रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक जकार्ता के तटीय इलाके हर साल करीब 10 सेंटीमीटर की दर से नीचे धंस रहे हैं। करीब डेढ़ करोड़ की आबादी वाले तिआनजिन को लेकर अनुमान है कि अगर शहर को नहीं बचाया गया तो 2120 तक यहां की 15 प्रतिशत आबादी को विस्थापित करना पड़ सकता है। सैन डिएगो से लेकर ईरान के प्रमुख शहरों तक भूजल जितनी तेजी से निकाला जा रहा है, उतनी तेजी से उसका रिचार्ज नहीं हो पा रहा। विज्ञानियों के अनुसार जमीन के भीतर भूजल एक तरह से गुब्बारे की तरह जमा रहता है। जैसे-जैसे पानी निकाला जाता है, यह गुब्बारा पिचकने लगता है और जमीन धंसने का खतरा पैदा होता है। इसके साथ समुद्र का बढ़ता जलस्तर तटीय शहरों की मुश्किल और बढ़ा रहा है। 1920 से 1960 के बीच भूजल का बड़े पैमाने पर दोहन हुआ, जिससे कई शहरों में पानी का स्तर 30 मीटर से अधिक नीचे चला गया।

पुतिन ने नाटो देशों को परमाणु हमले की धमकी दी

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को नाटो देशों को परमाणु हमले की धमकी दी। उन्होंने कहा कि रूस की किसी भी जमीन पर हमला हुआ, तो वह अपने सभी हथियारों से जवाब देगा। पुतिन ने मॉस्को में वल्दाई फोरम के दौरान कहा कि नाटो अगर कैलिनिनग्राद को रूस से अलग करने की कोशिश करता है, तो रूस तुरंत जवाब देगा। कैलिनिनग्राद रूस का एक अलग इलाका है। यह रूस के बाकी हिस्से से जुड़ा नहीं है। यह रूस की सीमा से 300 किमी दूर यूरोप में पोलैंड और लिथुआनिया के बीच स्थित है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद 1945 से इस इलाके पर रूस का कब्जा है। राष्ट्रपति पुतिन ने पश्चिमी देशों और यूरोप पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश आने वाले वर्षों में रूस के साथ युद्ध की तैयारी की बात कर रहे हैं।

रिपोर्ट

14 वर्षों में 2375 पर्यावरण रक्षकों की हत्या या गुमशुदगी

जल-जंगल-जमीन बचाने वालों की आवाजें खामोश

लंदन। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए आवाज उठाना दुनिया के कई हिस्सों में लगातार जोखिम भरा होता जा रहा है। वर्ष 2025 में कम से कम 124 भूमि और पर्यावरण रक्षकों की हत्या कर दी गई। इनमें बड़ी संख्या छोटे किसानों, आदिवासी समुदायों और अन्य स्थानीय समूहों से जुड़े लोगों की थी। नई रिपोर्ट के मुताबिक, 2012 से 2025 के बीच दुनिया में पर्यावरण और भूमि अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले कम से कम 2,375 लोगों की हत्या या गुमशुदगी के मामले दर्ज हुए हैं। ग्लोबल विटनेस की रिपोर्ट कलेक्टिव पावर : द स्ट्रगल फॉर प्रोटेक्शन फॉर लैंड एंड एनवायरनमेंटल डिफेंडर्स के मुताबिक, 2025 में दुनिया भर में 124 पर्यावरण और भूमि रक्षकों की हत्या हुई। इनमें करीब 85 फीसदी मामले लैटिन अमेरिका में दर्ज किए गए।

भारत में हिंसा का स्वरूप आपराधिक मुकदमे, धमकी

भारत में 2025 के दौरान दो पर्यावरण रक्षकों की हत्या दर्ज की गई। संख्या के लिहाज से यह आंकड़ा छोटा है, लेकिन यहां हिंसा का स्वरूप केवल हत्या तक सीमित नहीं है। आपराधिक मुकदमे, धमकियां और कार्यकर्ताओं को सार्वजनिक रूप से बदनाम करने के अभियान भी दबाव के प्रमुख तरीके बन रहे हैं।

ब्राजील और कोलंबिया में हुई सबसे अधिक हत्याएं

2012 से अब तक हत्या या गुमशुदगी के 2,375 मामले सामने आ चुके हैं। कोलंबिया में 39 और ब्राजील में 26 पर्यावरण रक्षक मारे गए। दोनों देशों के मामले मिलाकर वैश्विक कुल का आधे से अधिक हैं। कोलंबिया लगातार चौथे वर्ष सबसे अधिक हत्याओं वाला देश रहा। वहां मारे गए लोगों में करीब आधे स्वदेशी समुदायों से जुड़े थे। 2025 में ब्राजील में हत्याओं की संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले दोगुने से अधिक रही। होंडुरास 12, मैक्सिको में 10 और ग्वाटेमाला में आठ हत्याएं दर्ज की गईं। पेरू में चार, इक्वाडोर और निकारागुआ में तीन-तीन तथा तंजानिया में दो मामले सामने आए।

एशिया में फिलीपीन सबसे अधिक प्रभावित

एशिया में फिलीपीन सबसे अधिक प्रभावित रहा, जहां 12 पर्यावरण और भूमि रक्षकों की हत्या दर्ज की गई। यह लगातार 13वां वर्ष है जब फिलीपीन एशिया में पर्यावरण रक्षकों के लिए सबसे घातक देश रहा। देश में मारे गए पांच रक्षकों के मामलों में सेना की संभावित भूमिका का भी रिपोर्ट में उल्लेख है।

बाजार दर्पण